वर्ष : 20 | अंक : 25 | पृष्ठ 12 | ₹5.00

# राजस्थान पत्रिका SUNDAY

य एषु सुप्तेषु जागर्ति | नई दिल्ली, रविवार, 18 अगस्त, 2024 | श्रावण शुक्ल पक्ष चतुर्दशी संवत् 2081 | दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

/rajasthanpatrika /rpbreakingnews /rajasthan_patrika

पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

patrika.com

SUNDAY GUEST EDITOR संडे गेस्ट एडिटर @ वुमन

## अंदर का डर निकालें जीत सकती हैं दुनिया

आधी आबादी की सोच को अखबार में उतारने के लिए पत्रिका की पहल संडे वुमन गेस्ट एडिटर के तहत आज की गेस्ट एडिटर मीनाक्षी दास हैं। आप फिटनेस ट्रेनर और सोलो बाइक राइडर हैं। आप फिलहाल बाइक से 67 देशों की यात्रा कर रही हैं। आपका लक्ष्य दुनियाभर में अकेले बाइक से यात्रा करने वाली पहली महिला बनकर इतिहास रचना है। आपका मानना है कि सामाजिक दबावों के आगे न कभी झुकना चाहिए और न ही रुकना चाहिए। यह आपकी जीवनयात्रा है। बाधाओं को स्वयं ही पार करना होगा। अंदर का डर बाहर निकालें और अपनी योग्यता को साबित करें। महिलाएं अगर चाहें तो दुनिया जीत सकती हैं। विल पावर को मजबूत बनाएं।



- 67 देशों की कर रहीं बाइक से अकेले यात्रा
- 53 देशों की अभी तक कर चुकी हैं यात्रा। इस तरह के मिशन के लिए फिटनेस को भी अहम मानती है।

*पत्रिका में संडे गेस्ट एडिटर के रूप में मैंने उन महिला बाइकर्स की कहानियों को चुना है जो महिला सशक्तीकरण और अन्य सामाजिक मुद्दों के लिए काम कर रही हैं।*
–मीनाक्षी दास, सोलो बाइक राइडर

संडे वुमन गेस्ट एडिटर की पहल आपको कैसी लगी। अपने सुझाव हमें बताएं। वॉट्सऐप नंबर/ई-मेल पर भेजें- 8955003879/ sunday@in.patrika.com

संडे गेस्ट एडिटर की थीम स्टोरीज पढ़ें अंदर के पेजों पर

45 पदों पर एंट्री

## बिना आइएएस परीक्षा सीधे जॉइंट सेक्रेटरी बनने का मौका

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** निजी व बहुराष्ट्रीय कंपनियों, राज्य सरकारों तथा सार्वजनिक उपक्रमों में काम करने वाले अनुभवी लोगों के लिए यूपीएससी की आइएएस भर्ती परीक्षा पास किए बिना केंद्र सरकार में जॉइंट सेक्रेटरी व निदेशक बनने का मौका है। केंद्र सरकार लेटरल एंट्री योजना के तहत विभिन्न विभागों में जॉइंट सेक्रेटरी के 10 और निदेशक/उपसचिव के 35 पदों पर सीधे इंटरव्यू के जरिए संविदा भर्ती करने जा रही है। संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) ने इस भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। जॉइंट सेक्रेटरी के 10 पदों में ज यादातर तकनीकी से जुड़े मंत्रालयों में नियुक्ति दी जाएगी।

शेष @ पेज08

## मॉल में बम धमाके की धमकी

**नई दिल्ली@पत्रिका.** गुरुग्राम के एंबियंस मॉल में शनिवार को बम रखे होने की खबर से हड़कंप मच गया। पुलिस के साथ बम और डॉग स्क्वायड की टीमों ने मौके पर पहुंच तलाशी ली, लेकिन कुछ नहीं मिला। मॉल को ईमेल से धमकी दी गई थी।

### झरोखा

एक नहीं, हम जीवन में दो बार झेलते हैं वृद्धावस्था की लहर







आप भी बनें हिस्सा

रक्षाबंधन मनाइए और पत्रिका की **'सेल्फी विथ सिस्टर'** पहल के तहत तस्वीरों को #PatrikaSelfieWithSister और अपने शहर के नाम के हैशटेग के साथ **पत्रिका को टैग करते हुए सोशल मीडिया पर शेयर करें।**

19 अगस्त को शाम 6 बजे तक पोस्ट तस्वीरों में से चयनित **पत्रिका के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स** पर शेयर की जाएंगी।

बड़ी बाधा पार : सभी देश मिलकर बनाएंगे कड़े नियम

# साइबर अपराध रोकने को दुनिया एकजुट



## वैश्विक संधि तैयार...

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**न्यूयॉर्क.** बढ़ते साइबर अपराधों को रोकने के लिए दुनिया के देश एकजुट हो गए हैं। अपराध के वैश्विक स्वरूप के कारण सुरक्षा एजेंसियों की बाधा को दूर करने के मकसद से संयुक्त राष्ट्र की पहल पर साइबर क्राइम संधि के मसौदे को मंजूरी दे दी गई है। संधि के प्रारूप में जांच एजेंसियों को नए अधिकार देने और अंतरराष्ट्रीय समन्वय बढ़ाने के प्रस्ताव हैं। अब इस मसौदे को तीन माह बाद होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में पेश किया जाएगा, जहां इसके पारित होने की पूरी संभावना है। हालांकि, मानवाधिकार कार्यकर्ता, टेक कंपनियां, अकादमिक संस्थाएं, औद्योगिक संगठन और अन्य हिस्सेदार विरोध कर रहे हैं। उन्हें डर है कि सरकारें इस संधि का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर नागरिकों की निगरानी करने के लिए करेंगी।

संयुक्त राष्ट्र साइबर क्राइम सम्मेलन ने दो सप्ताह के विचार-विमर्श के बाद पिछले दिनों साइबर क्राइम संधि के मसौदे को सर्वसम्मति से पारित किया। करीब तीन साल से इसके प्रयास किए जा रहे थे। साइबर क्राइम संधि का उद्देश्य साइबर अपराध को अधिक कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से रोकना है।

शेष @ पेज08

मसौदे में क्या-क्या

### उपकरणों के उत्पादन पर रोक

- संधि पर हस्ताक्षर करने वाले देशों को ऐसा कानून बनाना होगा जिसमें प्रसारित **गैर-सार्वजनिक डेटा को इंटरसेप्ट करना अवैध होगा।** डेटा को अनधिकृत रूप से नुकसान पहुंचाने, हटाने, बदलने या दबाने को अवैध बनाया जाएगा।
- ऐसे कानून बनाने होंगे जो साइबर अपराध में इस्तेमाल होने वाले **उपकरणों के उत्पादन, आयात, बिक्री या खरीद पर रोक लगाए।** हैकिंग के लिए पासवर्ड व लॉगिन विवरण की खरीद-बिक्री को अवैध बनाया जाएगा।
- सरकारों को **बाल यौन शोषण सामग्री को फैलाने, संग्रहित करने या देखने के किसी भी प्रयास** को अनिवार्य रूप से साइबर अपराध की श्रेणी में रखना होगा।
- किसी **बच्चे के विरुद्ध यौन अपराध करने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था करना** और किसी व्यक्ति की सहमति के बिना उसके अंतरंग चित्र या वीडियो को ऑनलाइन साझा करना भी साइबर अपराध माना जाएगा।

### जांच एजेंसियों को प्रस्तावित शक्तियां

- सरकारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि **जांच एजेंसियों को दी गई शक्तियां अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्वों के अनुरूप** हों।
- अधिकारी लोगों को **90 दिन तक डेटा संरक्षित रखने का आदेश** दे सकेंगे। वे सेवा प्रदाताओं से डेटा साझा करने के लिए भी कह सकेंगे।
- गंभीर अपराधों में डेटा एकत्र करने व **रेकॉर्ड रखने के लिए अधिकारियों को कानूनी रूप से सशक्त बनाना होगा।**
- सरकारें निजी डेटा को अन्य सरकारों से तभी साझा करेंगी जब यह घरेलू कानूनों के अनुसार हो। हालांकि, **ऐसा करने के लिए सरकारें अपने कानूनों में संशोधन कर सकेंगी।**

### देश और दुनिया की इकोनॉमी पर भारी

**9.22** ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हो सकता है इस साल दुनिया को साइबर क्राइम से।

**70** हजार करोड़ रुपए का नुकसान भारत में हर साल साइबर क्राइम से।

अपनों के बीच छलकी आंखें : विनेश फोगाट का दिल्ली पहुंचने पर चैंपियन जैसा स्वागत

# बहादुर बेटी घर लौटी... मेडल हारा, दिल जीता



**विनेश** फोगाट पेरिस ओलंपिक में फाइनल मुकाबला नहीं खेल सकी, लेकिन उन्होंने कुश्ती से देश का जो मान बढ़ाया वह भी गोल्ड मेडल से कम नहीं है। विनेश शनिवार को भारत लौटी तो दिल्ली एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान आंसू पोंछती भावुक विनेश। **संबंधित@स्पोर्ट्स&गेमिंग**

कर चोरी पर सख्ती : केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने कहा- निगरानी बढ़ाएं

# आयकर के रडार पर होटल-अस्पताल के कैश लेन-देन

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** कैश में लेनदेन कर टैक्स चोरी करने वाले होटल और अस्पताल इनकम टैक्स विभाग के रडार पर आ गए हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर विभाग को ऐसे होटल, अस्पताल व आइवीएफ क्लीनिक जैसे संस्थानों की जांच के निर्देश दिए हैं, जो कैश में कारोबार करते हैं। हालांकि सीबीडीटी ने जांच में सावधानी भी बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि अनावश्यक हस्तक्षेप न किया जाए, जिससे किसी के कामकाज पर असर न पड़े। सीबीडीटी को लंबे समय से शिकायतें मिल रहीं थीं कि कर चोरी की नीयत से होटल, अस्पताल, लग्जरी ब्रांड, आइवीएफ से जुड़े तमाम संस्थानों में ऑनलाइन लेन-देन की जगह नकदी पर जोर दिया जाता है।

विषय विशेषज्ञ अर्चित गुप्ता ने बताया कि नियमों के मुताबिक दो लाख रुपए से अधिक के नकद लेन-देन को वित्तीय लेन-देन के विवरण (एसएफटी) के माध्यम से बताना आवश्यक है। लेकिन, यह विवरण नहीं दिया जाता था। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रेक्टिशनर्स के संयुक्त सचिव संदीप अग्रवाल ने बताया कि सीबीडीटी ने हाई वैल्यू बिजनेस को टारगेट किया है। अब इस एक्शन प्लान के तहत उन पर कड़ी नजर रखी जाएगी और आइटी विभाग वसूली भी कर सकता है।

भ्रष्टाचार : मुडा घोटाले की आंच कुर्सी तक

# राज्यपाल ने दी सीएम सिद्धरामैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी

## कांग्रेस ने बताया राजभवन का दुरुपयोग

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



कर्नाटक के मुख्यमंत्री एन. सिद्धरामैया

**बेंगलुरु/नई दिल्ली.** मैसूरू जमीन आवंटन में कथित घोटाले की आंच कर्नाटक के मुख्यमंत्री एन. सिद्धरामैया की कुर्सी तक पहुंचती दिख रही है। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने शनिवार को मैसूर अर्बन डवलपमेंट अथॉरिटी (मुडा) द्वारा मुआवजे की जमीन आवंटन में गड़बड़ी के मामले में सीएम एन सिद्धरामैया और उनके परिजनों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों में मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी। राज्यपाल की कार्रवाई के बाद प्रदेश की सियासत गर्मा गई है। भाजपा ने 5000 करोड़ रुपए का घोटाला बताते हुए सीएम का इस्तीफा मांगा है, वहीं कांग्रेस ने राज्यपाल की कार्रवाई को राजभवन का दुरुपयोग बताया है। उधर, सीएम सिद्धरामैया ने इस्तीफे से इनकार करते हुए कानूनी लड़ाई लड़ने का ऐलान किया है। वे राज्यपाल के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देने की तैयारी में हैं।

### राजनीति से प्रेरित मामला

मेरे खिलाफ कोई वैध मामला नहीं है, राज्यपाल का फैसला राजनीति से प्रेरित है। पार्टी, विधायक व आलाकमान मेरे साथ हैं। मैं कानूनी लड़ाई लड़ूंगा।
**- सिद्धरामैया,** सीएम कर्नाटक

**निष्पक्ष जांच जरूरी, इसलिए मंजूरी:** राज्यपाल गहलोत ने सामाजिक कार्यकर्ता टीजे अब्राहम, प्रदीप कुमार एसपी और स्नेहमयी कृष्णा की याचिका पर निर्णय लेते हुए कहा कि आरोपों के समर्थन में सामग्री, सिद्धरामैया के जवाब और कानूनी राय की समीक्षा करने पर लगता है कि मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी है।

शेष @ पेज08

साजिश का अंदेशा : भारी चीज से टकराया इंजन, आइबी ने शुरू की जांच

# ट्रेन के 22 डिब्बे पटरी से उतरे, साजिश की आशंका

**कानपुर@पत्रिका.** उत्तर प्रदेश के कानपुर में शनिवार रात वाराणसी से अहमदाबाद जा रही साबरमती एक्सप्रेस (19168) के 22 डिब्बे पटरी से उतर गए। गनीमत रही कि गोविंदपुरी स्टेशन के नजदीक हुए हादसे में किसी भी यात्री को नुकसान नहीं पहुंचा। हादसे में साजिश का अंदेशा जताया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक ट्रैक पर बोल्डर (बड़ा पत्थर या कोई भारी चीज) के टकराने से हादसे हुआ। इस कारण इंजन में लगा कैटल गार्ड क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेन के 16वें कोच के पास साजिश के कुछ प्रमाण मिले हैं। उन्हें सुरक्षित रख लिया गया है। आइबी और उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। हादसे में 400 मीटर ट्रैक दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### सबूत सुरक्षित रखे

साबरमती एक्सप्रेस का इंजन सुबह 2:35 बजे ट्रैक पर रखी किसी चीज से टकरा गया और पटरी से उतर गया। टकराने के निशान व सबूत सुरक्षित रख लिए हैं।
**-अश्विनी वैष्णव,** रेल मंत्री

दरिंदगी का विरोध: डॉक्टरों की हड़ताल से चिकित्सा सुविधाएं ठप



**कोलकाता** में महिला डॉक्टर से रेप और हत्या के विरोध में शनिवार को देशभर में रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर रहे। इस दौरान जयपुर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएमएस में खाली पड़ा वार्ड। **संबंधित@इंडिया&वर्ल्ड**

एनएसओ की रिपोर्ट : वित्तीय असमानता का खुलासा

# बैंकों में हर तीसरा खाता महिला का लेकिन जमा रकम में पांचवां हिस्सा

**नई दिल्ली.** देश के बैंकों में हर तीसरा खाता महिला के नाम है लेकिन धन का सिर्फ पांचवां हिस्सा ही महिलाओं के खाते में जमा है। इससे पता चलता है कि देश में महिलाओं और पुरुषों के बीच वित्तीय असमानता है। यह खुलासा हाल में जारी राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की रिपोर्ट में हुआ।

**2.52** अरब व्यक्तिगत खाते हैं बैंकों में

**187** लाख करोड़ रुपए जमा है इन खातों में

**91.77** करोड़ खाते हैं महिलाओं के नाम




39 लाख करोड़ जमा है महिलाओं के खाते में

### ग्रामीण महिलाओं के नाम अधिक धन जमा...

**1.9 लाख करोड़** *महानगरों में जमा कुल धन में से महिलाओं के नाम*

**5.91 लाख करोड़** *रुपए ग्रामीण इलाकों में जमा कुल धन में से महिलाओं के खातों में*

**ऐसा इसलिए** जनधन खाते खुलने से ग्रामीण महिलाओं को मिला लाभ

एनएसओ रिपोर्ट के मुताबिक शहरी इलाकों में रकम को लेकर बरता जा रहा है अधिक भेदभाव।

TRENDING NEWS ट्रेंडिंग न्यूज



### उदयपुर : आरोपी के घर पर बुलडोजर

**उदयपुर.** राजस्थान के उदयपुर में सहपाठी को चाकू मारने का आरोपी लड़का जिस घर में रहता है, शनिवार को अधिकारियों ने उस पर बुलडोजर चला दिया। वहीं शहर में इंटरनेट पर रोक 24 घंटे के लिए बढ़ा दी गई है। विस्तृत@पेज02



### बिल गेट्स ने भारत को बताया वर्ल्ड लीडर

**वाशिंगटन.** माइक्रोसॉफ्ट के को फाउंडर बिल गेट्स ने भारत को प्रौद्योगिकी, कृषि और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अभूतपूर्व इनोवेशन करने वाला वर्ल्ड लीडर बताया। गेट्स ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सिएटल में पहले भारत दिवस समारोह का उद्घाटन करते हुए यह बात कही।

### टिपरालैंड की मांग पर 23 को धरना

**नई दिल्ली.** भाजपा की सहयोगी आइपीएफटी ने घोषणा की है कि वह अलग टिपरालैंड राज्य की मांग के समर्थन में 23 अगस्त को नई दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन करेगी। 1971 युद्ध के बाद 15 लाख बांग्लादेशी आने से टिपरा जनजाति अल्पसंख्यक हो गई।



### तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण का रास्ता खुला

**वाशिंगटन.** अमरीका की एक अपीलीय अदालत ने कहा कि 2008 के मुंबई आतंकी हमले में वांछित पाकिस्तान मूल के कनाडाई तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। न्यायालय ने राणा की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज करने को सही ठहराया।

नई मुसीबत : जून से अटकी है अंतरिक्ष से वापसी

## माइक्रोग्रेविटी में रहने से सुनीता की आंखों में परेशानी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**वाशिंगटन.** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) पर मौजूद भारतीय मूल की अमरीकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही। ताजा रिपोर्ट में सामने आया है कि सुनीता की आंखों में दिक्कत आ रही है और उन्हें देखने में मुश्किल आ रही है। नासा ने इसकी जानकारी दी है। ऐसा लंबे समय तक माइक्रोग्रेविटी के संपर्क में रहने से होता है। इसे स्पेसफ्लाइट एसोसिएटेड न्यूरो ऑकुलर सिंड्रोम (एसएएनएस) भी कहा जाता है। इसमें शरीर में फ्लूइड डिस्ट्रीब्यूशन प्रभावित होता है, जिससे आंखों में रोशनी की दिक्कत आ सकती है। एसएएनएस में धुंधलापन और आंखों की संरचना में बदलाव भी संभव है। जून के पहले सप्ताह में 8 दिन के लिए आइएसएस पर गईं सुनीता और उनके साथी बुच विल्मोर की वापसी स्टारलाइनर में आई गड़बड़ी के चलते लगातार टलती आ रही है।

भीष्म ट्रोमा केयर क्यूब: मिनी अस्पताल

## 15 हजार फीट की ऊंचाई पर सटीक पैरा ड्रॉप आपरेशन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारतीय थलसेना और वायुसेना ने संयुक्त रूप से पहली बार एक पैरा-ड्रॉप ऑपरेशन के तहत 15,000 फीट की ऊंचाई पर आरोग्य मैत्री हेल्थ क्यूब (मिनी अस्पताल) सफलतापूर्वक पहुंचाया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह ऑपरेशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मानवता और आपदा राहत मिशनों में मदद के दृष्टिकोण के अनुरूप किया गया है। क्यूब को 'एयरलिफ्ट' और 'पैरा-ड्रॉप' करने के लिए अपने सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान का इस्तेमाल किया। शेष @ पेज08



### तुरंत मिलेगा उपचार

**युद्ध** या आपात स्थति में घायल जवानों के इलाज के लिए एयर लिफ्ट करना पड़ता है, लेकिन आरोग्य मैत्री हेल्थ क्यूब की मदद से युद्धक्षेत्र में ही जवानों को इलाज की सुविधा दी जा सकती है।

स्की-बेस जंपिंग : ब्रिटेन के जोशुआ का कमाल

## 18,753 फीट ऊंची चट्टान से स्कीइंग कर बनाया वर्ल्ड रेकॉर्ड

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लंदन.** इंग्लैंड के जोशुआ ब्रेगमैन ने 18,753 फीट ऊंची बर्फीली चट्टान से स्कीइंग करते हुए छलांग लगा कर पैराशूट से जमीन पर उतरने का विश्व रेकॉर्ड बना दिया। 34 वर्षीय जोशुआ ने जिस पर्वत से स्कीइंग कर छलांग लगाई है, उसका नाम मेरा पीक है। मेरा पीक की ऊंचाई 18,753 फीट है। जोशुआ का यह कारनामा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड में दर्ज हो गया। जोशुआ का मकसद नेपाल में होने वाली मानव तस्करी की समस्या के बारे में जागरूकता फैलाना भी था।



### क्या है स्की-बेस जंपिंग

**जैसा** कि नाम से पता चलता है, स्की-बेस जंपिंग में स्कीइंग और बेस जंपिंग खेलों का संयोजन होता है। इसमें व्यक्ति पहले कुछ दूरी तक पहाड़ पर स्की करता है, फिर उससे छलांग लगाता है।

रिसर्च : अमरीकी वैज्ञानिकों ने निकाली युक्ति

## जिगजैग पैटर्न की दीवारें इमारतों को 3 डिग्री तक ठंडा रखती हैं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वाशिंगटन.** जलवायु परिवर्तन के असर से बढ़ती गर्मी और बचने के लिए एयर कंडीशनर के प्रयोग से पर्यावरण संकट बढ़ रहा है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इस चुनौती का हल खोजा है। इसमें बताया गया कि दीवारों पर जिगजैग पैटर्न बनाने से इमारतों को ठंडा रखने में मदद मिल सकती है। इससे बिजली के बिना दीवारें सामान्य दीवारों की तुलना में करीब 3 डिग्री सेल्सियस तक ठंडी रह सकती हैं। सूरज की रोशनी और जमीन से आने वाली गर्मी दीवार पर कम पड़ती है।



### 40% बिजली इमारतों में

**दुनिया** में 40% बिजली इमारतों पर खर्च होती है, जो कुल कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के एक तिहाई से ज्यादा के लिए जिम्मेदार है। यह 2050 तक दोगुना होने की आशंका है।

बांग्लादेश के बिगड़े हालात में नेशनल-इंटरनेशनल ब्रांड्स ने सूरत का बाजार टटोला: गारमेंट फेब्रिक्स, डाइंग, वेल्यू एडीशन के बाद स्टिचिंग के लिए भी सूरत सबसे बेहतर ठिकाना

# आपदा में अवसर: सूरत में अपनी जमीन तलाश रहे रेडीमेड गारमेंट्स के बड़े ब्रांड

दिनेश भारद्वाज
patrika.com

**सूरत.** बांग्लादेश के बिगड़े हालात फिलहाल सूरत के लिए आपदा में अवसर की भूमिका बना रहे हैं। वहां के हालातों ने गारमेंट सेक्टर की स्टिचिंग यूनिट्स के लिए सूरत की संभावनाएं बढ़ा दी हैं।

देश के गारमेंट्स की कई नामी-गिरामी कंपनियों ने सूरत में अपनी संभावनाओं को टटोलना शुरू कर दिया है। वहीं, कुछ यूनिट्स में इस दिशा में काम भी शुरू हो चुका है।

दरअसल, बांग्लादेश दुनिया के रेडीमेड गारमेंट में बड़ा बाजार है, ढाका, चटगांव, कॉक्सबाजार, खुलना समेत वहां के अन्य शहरों में अनेक इंटरनेशनलब्रांड्स के साथ-साथ कई छोटे एवं नेशनल गारमेंट्स ब्रांड की स्टिचिंग यूनिट हैं।

स्पोर्ट्स वियर व गारमेंट्स के लिए सूरत में उत्पादित सिंथेटिक कपड़ा इन कंपनियों में जाता है। इतना ही नहीं, इस कपड़े की डाइंग-प्रिंटिंग व वेल्यू एडीशन वर्क भी सूरत कपड़ा मंडी में ही होता है। ऐसी स्थिति में बांग्लादेश की गारमेंट कंपनियों ने स्टिचिंग के लिए भी अब सूरत की तरफ नजर उठाकर देखना शुरू किया है।

### इसलिए भी है खास

**नेशनल,** मल्टीनेशनल व इंटरनेशनल खासकर यूएस, यूरोपियन, जापानीज कंपनियों को सूरत जंच रहा है। सूरत पॉलिस्टर स्पन यार्न, रोटोबेस फेब्रिक्स, पॉलिस्टर फिलामेंट यार्न का सोस है। लॉजिस्टिक कॉस्ट, फास्ट फैशन, नीड टाइम को मैनेज करने के लिए इन कंपनियों ने बांग्लादेश में अस्थिरता के बीच सूरत को चुनना बेहतर समझा है।



### अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों पर भी ध्यान

**सूरत कपड़ा** मंडी में स्टिचिंग की कई यूनिट्स हैं। वहीं, पार्टनर्स की तलाश में आ रही कंपनियां अंतर्राष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रख निजी अधिकारियों के माध्यम से जांच व पूछताछ, थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन, उत्पादन क्षमता के अलावा स्टिचिंग यूनिट्स में फायर सेफ्टी, हवा, पानी, वर्कर्स सेफ्टी, सीसीटीवी, गवर्नमेंट सेक्टर के सभी नॉर्म्स आदि की जांच भी की जा रही है।

सभी बड़े मल्टीनेशनल ब्रांड्स को ये से लेकर रेडी गारमेंट तक सभी प्रोसेस एक ही छत के नीचे चाहिए। हमारे पास भी 7-8 कंपनियों की इनक्वायरी आई है। इनमें से 3-4 कंपनियों के साथ गारमेंटिंग काम की शुरुआत भी की गई है।
**-संजय सरावगी,** कपड़ा उद्यमी

आठ-दस दिन से व्यापारी फेब्रिक्स के साथ स्टिचिंग की पूछताछ भी करने लगे हैं। छोटे-बड़े गारमेंट और स्पोर्ट्स वियर के व्यापारी अभी स्टिचिंग के जॉबवर्क के लिए पूछताछ कर रहे हैं।
**-मुदित तातेड़,** गारमेंट फेब्रिक्स उत्पादक, रघुवीर ट्रेड हाउस

निटिंग कपड़े में अभी डिमांड कमजोर है परंतु पिछले कुछ दिनों से गारमेंट सिलाई के लिए फोन और इनक्वायरी आना शुरू हो गई है। बांग्लादेश में अस्थिरता को इसकी बड़ी वजह माना जा रहा है।
**-कपीश खाटूवाला,** निटिंग ग्रे ब्रोकर

निवेश सम्मेलन: राइजिंग राजस्थान में बुलावे के लिए केन्द्र से बात

## एलन मस्क को भी देंगे राजस्थान आने का न्योता

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** राजस्थान में इस साल के अंत में होने वाली इनवेस्टमेंट समिट 'राइजिंग राजस्थान' के लिए टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को न्योता दिया जाएगा। इसके लिए केन्द्र सरकार के जरिए बुलावा भेजा जाएगा। इस संबंध में भारत में अमरीकी राजदूत एरिक गार्सेटी से भी बातचीत की जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद अगले माह के पहले पखवाड़े में दिल्ली में 12 देशों के एम्बेसेडर के साथ मीटिंग करेंगे। यहां भी एलन मस्क को भारत में बुलावे पर चर्चा होने की संभावना है। मस्क की कुछ माह पहले भारत यात्रा प्रस्तावित थी, लेकिन वे नहीं आए। फिर उन्होंने जल्द भारत आने की बात कही थी। उधर, मुख्यमंत्री का समिट को लेकर देश में पहला रोड शो (इनवेस्टर मीट) मुंबई में तय हो गया है। मुंबई में 30 अगस्त को पांच सितारा होटल में होने वाले कार्यक्रम में बड़ी कंपनियों के सीईओ शामिल होंगे। प्रदेश के उद्योग मंत्री, मुख्य सचिव सहित पूरी टीम साथ होगी। इनवेस्टमेंट समिट 9 से 11 दिसम्बर को होनी है।

## संसद परिसर में घुसा युवक

**नई दिल्ली@पत्रिका.** संसद भवन की सुरक्षा में सेंध का एक और मामला सामने आया है। एक युवक दीवार फांदकर संसद परिसर में घुस गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) के जवानों ने युवक को पकड़ लिया। युवक की पहचान अलीगढ़ निवासी मनीष के रूप में हुई है। बताया जाता है कि उनकी मानसिक हालत ठीक नहीं है। सुरक्षा एजेंसियां युवक से पूछताछ कर रही हैं।

## बोर्डिंग में देरी से यात्री परेशान

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** नई दिल्ली से राजस्थान के उदयपुर जाने वाले विमान संख्या एआइ 469 में बोर्डिंग के समय यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि किसी कारणवश विमानन कंपनी ने फ्लाइट बदलने का फैसला किया, जिसके कारण बोर्डिंग में देरी हुई और यात्री काफी देर एयरो ब्रिज पर फंसे रहे। एयर इंडिया ने बताया कि परेशानी के लिए खेद जताया है।

1 सितंबर से 31 अक्टूबर तक चलेगा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान

# भाजपा का बड़ा अभियान, देश में बनाए जाएंगे 10 करोड़ सदस्य

### गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में राष्ट्रीय सदस्यता अभियान की बड़ी बैठक में संगठन पर्व का बना खाका

नवनीत मिश्र
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन का विस्तार करने के लिए 10 करोड़ सदस्य बनाने की तैयारी की है। एक सितंबर से राष्ट्रीय सदस्यता अभियान शुरू होकर 31 अक्टूबर तक चलेगा। यहां भाजपा मुख्यालय पर गृहमंत्री अमित शाह के निर्देशन में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान के प्रारूप पर मंथन हुआ। एक सितंबर से सदस्यता अभियान के साथ पार्टी का संगठन पर्व शुरू होगा। प्रधानमंत्री मोदी मिस्ड कॉल से सदस्यता अभियान की शुरुआत कर सकते हैं। गृहमंत्री अमित शाह के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए पार्टी ने 2014-15 में 11 करोड़ सदस्य बनाए थे और 2019 में 7 करोड़ और सदस्य बनाए गए थे। फिलहाल भाजपा 18 करोड़ सदस्यों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। अब 10 करोड़ और सदस्य बनाने की तैयारी है।

**तावड़े के हवाले राजस्थान-एमपी तो विजया के पास छत्तीसगढ़:** भाजपा ने राजस्थान और मध्यप्रदेश में सदस्यता अभियान का राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को प्रभारी बनाया है, वहीं विजया रहाटकर को छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी मिली है। जबकि ऋतुराज सिन्हा को यूपी और गुजरात सदस्यता प्रभारी बनाया गया है।



### मोर्चा के सदस्यता प्रभारी

| | |
|---|---|
| युवा मोर्चा | ऋतुराज सिन्हा |
| महिला मोर्चा | रेखा वर्मा |
| किसान मोर्चा | अतुल गर्ग |
| ओबीसी मोर्चा | विनोद तावड़े |
| एससी मोर्चा | अरविंद मेनन |
| एसटी मोर्चा | राजदीप रॉय |
| अल्पसंख्यक मोर्चा | दुष्यंत कुमार गौतम |




### दो चरणों में अभियान

राष्ट्रीय सदस्यता अभियान दो चरणों में होगा। एक सितंबर से 25 सितंबर तक पहला चरण और एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक दूसरा चरण होगा। वहीं 16 से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान चलेगा। सक्रिय सदस्यों को ही पार्टी के चुनाव में भाग लेने का अधिकार होता है।

दस दिन का उपभोक्ता सुरक्षा अभियान आज से

## उपभोक्ता से धोखा तो कार्रवाई

### हेल्पलाइन पर करें शिकायत, तीन घंटे में होगा निस्तारण

**जयपुर @ पत्रिका.** राखी और जन्माष्टमी त्योहार के मद्देनजर खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग रविवार से मिठाई के साथ डिब्बा तौलने, वजन में गड़बड़ी जैसी उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए 10 दिवसीय उपभोक्ता सुरक्षा अभियान शुरू कर रहा है। खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि उपभोक्ता अपनी शिकायत राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन 18001803060 पर सुबह 9 से रात 9 बजे तक दर्ज करा सकते हैं। दर्ज शिकायत की जांच होगी और तीन घंटे में शिकायत का निवारण करते हुए संबंधित विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रमुख सचिव भास्कर ए. सावंत ने बताया कि उपभोक्ता के मूल अधिकारों में वस्तु की गुणवत्ता, मात्रा शुद्धता और मूल्य से सूचित किए जाने का अधिकार है।

इन अधिकारों का हनन होने पर उपभोक्ता हेल्प लाइन पर शिकायत कर सकते हैं।

## नए जिलों की समीक्षा ने अटकाया पंचायतों के पुनर्गठन का काम

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** प्रदेश में नए जिलों को लेकर चल रही समीक्षा ने ग्राम पंचायतों, पंचायतों और जिला परिषदों के पुनर्गठन पर ब्रेक लगा दिया है। नए जिलों की स्थिति साफ नहीं होती है तब तक पुनर्गठन का काम आगे नहीं बढ़ पाएगा। पंचायत राज विभाग को भी अब नए जिलों की स्थिति साफ होने का इंतजार है।

पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की ओर से नए जिलों के गठन के बाद पंचायत राज विभाग ने 50 जिलों के हिसाब से ग्राम पंचायतों, समितियां और जिला परिषदों के पुनर्गठन को लेकर सीमांकन का काम शुरू किया था, लेकिन भाजपा सरकार की ओर से नए जिलों की समीक्षा शुरू किए जाने के बाद इसे रोक दिया गया है।

**अगले साल पंचायत चुनाव :** प्रदेश में अगले साल पंचायतों और निकायों के चुनाव प्रस्तावित हैं। इसी को देखते हुए पंचायतों के पुनर्गठन का काम शुरू किया था। गौरतलब है कि राज्य में अभी 33 जिला परिषद 352 पंचायत समिति और 11,341 ग्राम पंचायतें हैं।

सरकारी स्कूल में छात्र पर चाकू से हमले का मामला

# उदयपुर में आरोपी के मकान पर चला बुलडोजर, ड्रोन से निगरानी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**उदयपुर.** सरकारी स्कूल में सहपाठी छात्र पर चाकू से हमले की घटना के दूसरे दिन शनिवार को प्रशासन ने यूपी सरकार की तर्ज पर आरोपी के घर बुलडोजर चलाते हुए मकान धराशायी कर दिया। इस मकान का आरोपी परिवार के अलावा एक अन्य मालिक भी सामने आया। लेकिन सरकारी जमीन होने से दोनों के पास कोई दस्तावेज नहीं मिले। जांच के बाद नगर निगम की टीम ने बुलडोजर चलाकर मकान गिरा दिया। इधर, अस्पताल में भर्ती छात्र की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है।

उदयपुर के साथ ही जयपुर से आए वरिष्ठ चिकित्सकों की देखरेख में इलाज चल रहा है। घटनाक्रम के बाद शहर में स्थिति नियंत्रण में है और सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है। प्रशासन की ओर से पूर्व घोषित आदेश के अनुसार स्कूल-कॉलेज पूर्ण रूप से बंद रहे। वहीं एहतियातन नेट बंदी को 24 घंटे के लिए बढ़ा दिया गया। ऐसे में अब रविवार रात तक इंटरनेट नहीं चलेगा।

व्यापारियों ने त्योहारी सीजन होने से आधे-अधूरे शटर खोलते हुए व्यापार किया तो आक्रोशित युवाओं ने दूसरे दिन भी एमबी चिकित्सालय के बाहर डेरा डाले रखा। पुलिस की टुकडियां चप्पे-चप्पे पर तैनात रहीं। शहर के भट्टियानी चौहट्टा स्थित एक सरकारी स्कूल में शुक्रवार सुबह 10वीं कक्षा के दो छात्र आपस में झगड़ गए थे। एक छात्र ने दूसरे पर चाकू से वार कर दिया था। चाकू छात्र की जांघ पर लगा, जिससे उसकी मेन आर्टरी कटने से रक्त बाहर निकला। छात्र को गंभीर हालत में एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों ने आपात ऑपरेशन किया।



उदयपुर . आरोपी के मकान पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करने की कार्रवाई करता प्रशासन। फोटो: प्रमोद सोनी

### जयपुर में युवक की हत्या के बाद तनाव

**जयपुर .** नाहरी का नाका में शुक्रवार रात ई-रिक्शा से स्कूटी टच होने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट में शास्त्रीनगर निवासी दिनेश स्वामी (36) की मौत हो गई। पुलिस ने झगड़े में शामिल शाहरूख नामक युवक को हिरासत में लिया। युवक की मौत के बाद क्षेत्र में तनाव बढ़ गया। पुलिस ने अतिरिक्त जाप्ता तैनात कर दिया। एडिशनल डीसीपी नॉर्थ बजरंग सिंह ने बताया दिनेश पेंटर था। रात साढ़े आठ बजे ई-रिक्शा पर आजाद नगर निवासी शाहरूख (23) के साथ 2 अन्य युवक थे। इसी तरह स्कूटी पर दिनेश स्वामी (36) और जितेंद्र सवार थे। ई-रिक्शा सवार युवकों ने स्कूटी सवार युवकों से मारपीट कर दी। इसमें दिनेश की मौत हो गई।

### विशेष विमान से पहुंची जयपुर से चिकित्सकों की टीम

शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घायल छात्र को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए सवाई मानसिंह चिकित्सालय जयपुर से तीन विशेषज्ञ चिकित्सकों के दल को विशेष विमान से उदयपुर भेजा। जयपुर से सीटीवीएस की डॉ. अनुला सिसोदिया, न्यूरोलॉजी से डॉ. दीपक जैन एवं नेफ्रोलॉजी से डॉ. राकेश गुप्ता ने यहां पहुंचकर आरएनटी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों के साथ समन्वय करते हुए छात्र के उपचार की जानकारी ली।

### बच्चे न लाएं कोई हथियार या नोकदार वस्तु

**बीकानेर.** छात्र पर चाकू से हमले की घटना के बाद शिक्षा विभाग ने शनिवार को स्कूलों में धारदार व नुकीली वस्तु लाने पर पाबंदी लगा दी। शिक्षा निदेशालय ने सभी संस्था प्रधानों को उनके स्कूल के विद्यार्थियों के स्कूल बैग की नियमित तलाशी लेने के निर्देश दिए हैं।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में 4 वर्षीय पाठ्यक्रमों में आवेदन 22 से

**जयपुर@पत्रिका.** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, गांधीनगर में संचालित फैशन, अपैरल डिजाइन, टैक्सटाइल डिजाइन, फाइन आर्ट्स और विजुअल इफेक्ट्स के स्नातक स्तरीय डिग्री (4 वर्षीय) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 22 अगस्त से शुरू होंगे।

बजट घोषणा : डीपीआर पर 5.95 करोड़ रुपए की लागत

## राजस्थान के 9 शहरों में बनेंगे 12 बाईपास यातायात जाम से मिलेगी निजात

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** राज्य सरकार प्रदेश के 9 शहरों में 12 बाईपास बनाने जा रही है। बजट में इसकी घोषणा की गई थी। उसके अनुसरण में सार्वजनिक निर्माण विभाग ने बाईपास की डीपीआर बनाने की वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। डीपीआर पर करीब 5.95 करोड़ रुपए की लागत आएगी। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया की प्रदेश के प्रमुख शहरों में आमजन को त्वरित यातायात की सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से बाईपास बनाए जाने प्रस्तावित हैं। बजट घोषणा की क्रियान्विति में डीपीआर बनाए जाने का काम शीघ्र शुरू होगा। ये बाईपास बनने से लोगों को जाम से निजात मिलेगी। बजट घोषणा में ही राज्य सरकार ने 9 नए ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे बनाने की घोषणा भी की थी। इनकी भी डीपीआर बनाने का काम जल्द शुरू होगा। इन एक्सप्रेस वे की लम्बाई करीब 2 हजार 756 किलोमीटर तय की गई है।

### प्रदेश के इन शहरों में बनेंगे बाईपास

- **भरतपुर-** बरसों से त्योंगा
- **भरतपुर-** लुधावई टोल से तुहिया वाया मुरवरा, भांडोर
- **सीकर-** एनएच-52 रामू का बास से एनएच-08 कुण्डली
- **हनुमानगढ़-** हनुमानगढ़-सूरतगढ़ सड़क से हनुमानगढ़ संगरिया सड़क
- **धौलपुर-** एनएच-123 से एनएच - 11बी धौलपुर
- **धौलपुर-** एनएच-44 से एनएच-2ए धौलपुर
- **सवाईमाधोपुर-** सूरवाल से कुस्तला सवाईमाधोपुर
- **चूरू-** रिंग रोड वाया तारानगर सड़क वाया बालेरी सड़क वाया रतनगढ़ सड़क वाया देपलसर सड़क से एनएच-52 चूरू
- **झुंझुनूं-** मंडावा-झुंझुनूं रोड से सीकर-झुंझुनूं रोड एनएच-11 से एनएच-08 झुंझुनूं
- **झुंझुनूं-** सीकर-झुंझुनूं रोड से झुंझुनूं उदयपुरवाटी रोड से झुंझुनूं-चिडवा रोड-झुंझुनूं
- **करौली-** मण्डरायल-करौली- हिंडौन-मानवा (एनएच 01) (हिंडौन सिटी ) करौली
- **सुजानगढ़ (चूरू)-** एनएच-58 से मेगा हाईवे(सुजानगढ़) चूरू

**इस साल होंगे करीब 9 हजार करोड़ के काम :** सरकार ने 5 साल में 53 हजार किमी सड़क का नेटवर्क खड़ा करने का लक्ष्य तय किया है। इस पर 60 हजार करोड़ खर्च होंगे। इस साल करीब 9 हजार करोड़ की लागत से स्टेट हाईवे, बाईपास सड़कों का निर्माण, फ्लाईओवर, एलीवेटेड रोड, आरओबी, आरयूबी, हाई लेवल ब्रिज बनाने के कार्य करवाने का लक्ष्य तय किया है।

सियासत: मंत्री बनने के बाद विभागों के बंटवारे से खुश नहीं, कभी मंत्री-कभी विधायक के रूप में कर रहे काम

# किरोड़ी मीना के इस्तीफे के 53 दिन, न स्वीकार...न अस्वीकार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** राज्य सरकार में कृषि एवं आपदा प्रबंधन मंत्री की जिम्मेदारी निभा रहे किरोड़ी लाल मीना ने मंत्री पद से अपना इस्तीफा 27 जून को सार्वजनिक किया था। उनको इस्तीफा दिए रविवार को 53 दिन हो जाएंगे, लेकिन न तो इस्तीफा स्वीकार हुआ और न ही सरकार ने अब तक इसे अस्वीकार करने की अधिकृत घोषणा की है। खुद मीना भी कभी तो मंत्री के रूप में काम करते हुए दिखाई देते हैं तो कभी सरकारी सुविधाओं को छोड़ने का दावा करते हैं।

हाल ही उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर मंत्री के नाते सवाईमाधोपुर में झंडारोहण किया था। मीना मंत्री की हैसियत से भी तबादलों की नोटशीट चला रहे हैं और कभी-कभी छोटा-मोटा विभागीय काम भी करते हैं।

पूर्वी राजस्थान में बाढ़ आई तो आपदा मंत्री के रूप में जायजा लेने के लिए उन्होंने हेलिकॉप्टर मांग लिया। ऐनवक्त पर मांगा गया हेलीकॉप्टर उपलब्ध नहीं हो सका तो वे अपनी निजी गाड़ी से ही दौरा करने निकल पड़े।



13 अगस्त को बाढ़ का जायजा लेते किरोड़ी।

### विभागों के बंटवारे के बाद से ही उखड़े-उखड़े

प्रदेश में सरकार के गठन के बाद से ही किरोड़ी अंदर ही अंदर असंतोष जाहिर करने लगे थे। मंत्री बने और फिर विभागों का बंटवारा हुआ तो उससे वे खुश नहीं थे। किरोड़ी से जुड़े एक नेता ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले उनकी भाजपा नेताओं से बातचीत हुई थी और यह तय हुआ था कि कृषि विपणन एवं ग्रामीण विकास-पंचायती राज विभाग भी उनको दे देंगे। विभाग देने का आश्वासन तो पूरा नहीं हुआ, वहीं पंचायती राज विभाग के पांच टुकड़े कर दिए गए। लोकसभा चुनाव में उन्होंने अपने भाई के लिए दौसा लोकसभा क्षेत्र से टिकट मांगा, वह भी नहीं मिला। इससे वे फिर उखड़ गए।

मीना को पीएम नरेन्द्र मोदी के नजदीक माना जाता है। किरोड़ी ने दावा किया था कि पीएम ने उन्हें सात लोकसभा सीटों की जिम्मेदारी दी थी। वे इन सीटों पर हार गए तो मंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा भी कर दी।

### सचिवालय नहीं जा रहे, सरकारी गाड़ी भी छोड़ी

किरोड़ी ने लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद से ही सचिवालय जाकर अपने कार्यालय में कामकाज करना छोड़ दिया था। मंत्री के रूप में किरोड़ी को आवास भी अलॉट हो गया था, लेकिन वे अभी तक अपने निजी आवास पर रह रहे हैं। किरोड़ी सरकारी गाड़ी भी छोड़ चुके हैं।

### उपमुख्यमंत्री बनने की थी उम्मीद

कांग्रेस राज में किरोड़ी ने कई आंदोलन किए और 2023 में भाजपा की सरकार बनी तो उनके समर्थक चाहते थे कि उन्हें बड़ा पद मिले। कम से कम डिप्टी सीएम का पद तो समर्थक तय मान चल रहे थे। ऐसा नहीं हुआ और किरोड़ी समर्थक लगातार यह दबाव डालने लगे कि वे मंत्री पद की शपथ न लें। किरोड़ी ने मंत्री पद की शपथ तो ले ली, लेकिन विभागों के बंटवारे से फिर से असंतोष पनप गया।

### संकेत आए तो मंत्री बने रहने के आए बयान

पार्टी सूत्रों के अनुसार दिल्ली में किरोड़ी के इस्तीफे को लेकर पार्टी के दो धड़े बन गए हैं। एक धड़ा चाहता है कि इस्तीफा स्वीकार कर लिया जाए। इन नेताओं का कहना है कि जब भी भाजपा सरकार बनी। कोई विवाद खड़ा ही हुआ है। वहीं, एक धड़ा चाहता है कि फिलहाल सरकार में किसी तरह का विवाद न हो। इसलिए किरोड़ी का इस्तीफा स्वीकार न किया जाए। इस संकेत के बाद से ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष लगातार यही संदेश दे रहे हैं कि किरोड़ी अभी मंत्री हैं और वे मंत्री के रूप में ही काम कर रहे हैं। किरोड़ी को मना लिया जाएगा।

### दूसरे मंत्रियों को दी गई जिम्मेदारी

विधानसभा सत्र में भी किरोड़ी ने सदन से दूरी बनाए रखी। उनके विभागों के जवाब देने की जिम्मेदारी सरकार को दूसरे दो मंत्रियों को देनी पड़ी। विधानसभा सत्र खत्म हुए भी दो सप्ताह होने को है, लेकिन सरकार अभी तक उनके विभागों के कामकाज के लिए किसी अन्य को चार्ज नहीं दे सकी है।

# पीछे नहीं, बल्कि बराबर चलना है, इसलिए फिर शुरू की बाइक राइडिंग

SUNDAY GUEST EDITOR
संडे गेस्ट एडिटर @वुमन

**सोच यह:** हारना विफलता नहीं, हारने के बाद प्रयास करना छोड़ देना विफलता है।

सुझाव भेजें
sunday@in.patrika.com

शिप्रा गुप्ता
patrika.com

**जयपुर.** अपने सपनों को पूरा करने के लिए जिद्दी होना भी अच्छा है। यह कहना है बाइक राइडर और गृहिणी जयश्री पंडित का, जो 14 वर्षों से बाइक से देशभर में यात्रा कर रही हैं। उन्होंने बताया कि 15 वर्ष की उम्र में बाइक चलाना सीखा, जो कि उस समय बहुत मुश्किल था। इस बारे में घर में किसी को नहीं बताया था, क्योंकि तब महिला बाइकर्स को पसंद नहीं किया जाता था। शादी होने के बाद पति बाइक लेकर आए।

### 30 वर्ष की उम्र में की फिर शुरुआत

**पति** के साथ स्पीति गई तो पीछे बैठी थीं तो एक महिला की बात सुनकर ठान लिया कि फिर से बाइक राइडिंग शुरू करूंगी।

परिवार पर नहीं रहीं निर्भर, खुद के पैसे से सीखी



जयश्री पंडित
बाइक राइडर

### मोटरस्पोर्ट्स में समानता की आवश्यकता

**जयश्री** कहती हैं कि मोटरस्पोर्ट्स में अब भी सुरक्षा की दृष्टि से महिलाओं के लिए कुछ डिजाइन नहीं किया गया है। आज भी हमें पुरुषों के कपड़े पहनने पड़ते हैं, महिलाओं के लिए मोटरस्पोर्ट्स के लिहाज से कपड़े डिजाइन नहीं किए गए है। टीडीएस रैली सहित अन्य रैली में महिलाओं की श्रेणी अलग से होती है। जबकि बाइक का कोई जेंडर नहीं होता है। यहां समानता होनी चाहिए।

**मां से हुई प्रेरित** वह बताती हैं कि मां हमेशा कहती हैं कि गृहिणी का काम कभी खत्म नहीं होगा। जो वक्त मिला उसमें पंख फैलाकर अपनी उड़ान भर लो, क्योंकि तुम्हारे सपनों के बारे में कोई नहीं पूछेगा। मां को अकेले यात्रा करते हुए देखती हूं तो हिम्मत मिलती है। आज मैं लड़ी हूं तो भविष्य में मेरी बेटी के लिए सारे रास्ते खुल गए हैं।

### सड़क सुरक्षा के लिए काम करतीं

**जयश्री** ने बताया कि उन्होंने साउथ और नॉर्थ ईस्ट को छोड़कर भारत में लगभग सभी जगह बाइक से यात्रा की है। बाइक राइड के माध्यम से वह सड़क सुरक्षा (सुरक्षा गियर, सुरक्षित ड्राइविंग) और मोटरस्पोर्ट्स में समानता की दिशा में काम कर रही हैं। इसके लिए वह जहां भी जाती हैं, वहां लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का काम करती हैं।

### ट्रेंडिंग वीडियो पत्रिका TV

1. 

कानपुर में बड़ा हादसा, ट्रेन के 22 डिब्बे पटरी से उतरे

2. 

उदयपुर बवाल पर बड़ा एक्शन, आरोपी के घर बुलडोजर

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV
राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

### न्यूज शॉर्ट्स

#### तीन लाख की रिश्वत लेते कांस्टेबल गिरफ्तार, थाना प्रभारी फरार



**कोटा@ पत्रिका.** खुद की जमीन पर कब्जा करवाने के लिए कांस्टेबल के जरिए 3 लाख रुपए की घूस के मांगने के मामले में शनिवार को कोटा एसीबी ने आरोपी कैथून थाने के कांस्टेबल भरत कुमार जाट को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। कांस्टेबल के गिरफ्तार होने की भनक लगते ही थाना प्रभारी फरार हो गया। एसीबी के महानिदेशक डॉ.रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी कोटा इकाई को परिवादी की ओर से शिकायत मिली थी कि जमीन विवाद में खुद की जमीन पर कब्जा दिलवाने की एवज में कैथून थाना प्रभारी धनराज मीणा कांस्टेबल भरत कुमार जाट के जरिए 3 लाख रुपए की रिश्वत की मांग कर उसे परेशान कर रहा है। शिकायत का सत्यापन करवाया गया। इसके बाद टीम ने कांस्टेबल को 3 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। कांस्टेबल के गिरफ्तार होने की भनक लगते ही कैथून थाना प्रभारी फरार हो गया।

#### एएसआइ 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**बनेड़ा. (भीलवाड़ा) @ पत्रिका.** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाड़ा की टीम ने शनिवार शाम बनेड़ा थाने के सहायक उपनिरीक्षक मदनलाल वैष्णव को दस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। रिश्वत की राशि परिवादी से दुर्घटना के मामले में त्वरित कार्रवाई कर अदालत में चालान पेश करने की एवज में मांगी गई थी। एसीबी के एसपी बृजराजसिंह को एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि दुर्घटना प्रकरण में एएसआइ तुरंत चालान पेश करने की एवज में दस हजार रिश्वत मांग रहा है। सत्यापन में शिकायत सही पाई गई। टीम ने थाने में दस हजार रुपए की रिश्वत लेते एएसआइ को गिरफ्तार कर लिया।

इस माह 18 हजार शिक्षकों को अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में भेजा जाएगा, इससे बढ़ेगी परेशानी

# हिन्दी से अंग्रेजी की ओर...शिक्षकों के रिक्त पदों का आंकड़ा हो जाएगा 70 हजार पार

### 50 हजार से ज्यादा पद अभी हिन्दी माध्यम स्कूलों में पड़े हैं रिक्त

बृजमोहन आचार्य
patrika.com

**बीकानेर.** अंग्रेजी माध्यम महात्मा गांधी स्कूलों के लिए शिक्षा विभाग में शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। चयन परीक्षा के माध्यम से इसी महीने 18 हजार शिक्षकों को हिन्दी माध्यम स्कूलों से अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में भेज दिया जाएगा। अभी हिन्दी माध्यम सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के 50 हजार से ज्यादा पद रिक्त पड़े हैं।

यानि इस महीने के अंत तक यह आंकड़ा बढ़कर 70 हजार पार पहुंच जाएगा। सबसे अधिक तृतीय श्रेणी शिक्षक अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में जाने के लिए इच्छुक हैं। सबसे ज्यादा शिक्षकों के रिक्त पदों से परेशानी ही प्रारम्भिक शिक्षा विभाग में है। पहली से आठवीं तक के स्कूलों में शिक्षकों की ज्यादा कमी है। यह स्कूल दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। कई जगह एकल या दो शिक्षक के भरोसे आठ-आठ कक्षाएं चल रही हैं। इस वजह से आए दिन तालाबंदी की नौबत आती है। हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम भी समय पर पूरा नहीं हो पाएगा। अभी शिक्षकों की नई भर्ती की संभावना भी नहीं है। पदोन्नति और डीपीसी की सतत प्रक्रिया चल रही है। इसका असर भी सबसे नीचे स्तर पर आता है। तृतीय श्रेणी शिक्षक पदोन्नत होकर द्वितीय और द्वितीय श्रेणी शिक्षक प्रधानाध्याक, व्याख्याता, शिक्षा अधिकारी बन जाते हैं। इससे माध्यमिक और उच्च माध्यम स्कूलों में राहत मिलती है, लेकिन पहली से आठवीं तक के स्कूलों की परेशानी बढ़ती है।



फाइल फोटो

### 87 हजार में से 18 हजार का चयन

अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के लिए शिक्षक से लेकर प्राचार्य तक के 18 हजार पदों पर चयन किया जाना है। इसके लिए 87 हजार 785 शिक्षकों ने आवेदन किया है। चयन परीक्षा 25 अगस्त को होने के बाद हिन्दी माध्यम से अंग्रेजी माध्यम में शिक्षकों का पदस्थापन किया जाएगा।

### संविदा शिक्षकों के भरोसे अंग्रेजी माध्यम स्कूल

महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम एवं राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में रिक्तों पदों पर अभी तक संविदा पर लिए शिक्षकों को लगा रखा था। उन्हें मासिक 16 हजार 900 रुपए मानदेय दिया जा रहा है। प्रदेश में करीब पांच हजार से अधिक संविदा पर यह सहायक अध्यापक लेवल वन एवं टू एक साल से कार्यरत है। नए सत्र में जुलाई में कार्यकाल समाप्त होने पर उसे आगामी आदेश तक बढ़ा दिया था। प्रदेश में 3500 से अधिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित हो रहे हैं। ऐसे में प्रदेश में स्कूलों में शिक्षकों की कमी में यह संविदा शिक्षक कुछ राहत दे रहे थे, उस पर भी असर पड़ेगा।



### भर्ती प्रक्रिया से भरेंगे पद

हिन्दी माध्यम स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों और अब हिन्दी माध्यम से अंग्रेजी माध्यम में शिक्षकों का चयन करने पर रिक्त होने वाले पदों को सरकारी भर्ती के माध्यम से भरा जाएगा। मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की घोषणा कर चुके है। इसे शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

**आशीष मोदी,** निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर

#### सरकारी स्कूलों में रिक्त पदों का गणित

**प्रदेश** के सरकारी स्कूलों हिन्दी माध्यम में वरिष्ठ शिक्षकों के 91 हजार 054 पदों के मुकाबले 65 हजार 658 शिक्षक ही उपलब्ध हैं। जबकि 25 हजार 396 पद रिक्त हैं। प्राचार्य एवं समकक्ष के 17 हजार 938 पदों के मुकाबले 10 हजार 848 प्राचार्य कार्यरत हैं। इस श्रेणी के 7090 पद रिक्त हैं। तृतीय श्रेणी शिक्षक लेवल प्रथम के 1 लाख 14 हजार 510 पदों के मुकाबले 1 लाख 5 हजार 914 शिक्षक उपलब्ध हैं। लेवल प्रथम के 8 हजार 596 पद रिक्त हैं। थर्ड ग्रेड लेवल-2 के 57 हजार 235 पदों में से 5 हजार 855 पद रिक्त हैं। इस श्रेणी के 51 हजार 380 शिक्षक कार्यरत है। शारीरिक शिक्षकों के भी पद रिक्त पड़े हैं।

घर-घर जाकर राखियां पहुंचा रहा मुस्लिम परिवार

## सांप्रदायिक सौहार्द के बंधन में बंधी अभ्रक की राखियां



अभ्रक की राखियां बनाते मुस्ताक बख्श

अशोक सुखलेचा
patrika.com

**रायपुर. (भीलवाड़ा).** यह बंधन तो प्यार का बंधन है। रेशम की डोर से सजी राखी के इसी बंधन को मुस्लिम परिवार भी स्नेह की डोर से बांधे हुए साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल कायम किए हुए हैं। इस मिसाल का साक्षी बना है भीलवाड़ा जिले का रायपुर कस्बा।

यहां मुस्लिम परिवार रेशमी धागे में अभ्रक की राखी बना रहे हैं। यह परिवार तहसील क्षेत्र के अनेक गांव में घर-घर राखी पहुंचाने का काम करता है। रक्षाबंधन से एक माह पूर्व परिवार जुटता है। रेशमी धागा भीलवाड़ा से मंगवाते हैं, अभ्रक के बड़े-बड़े टुकड़े मांडल तहसील क्षेत्र में स्थित खदानों से लाया जाता।

60 वर्षीय रायपुर निवासी मुस्ताक बख्श बिसायती ने बताया कि उनके दादा जमाल बख्श व पिता करीम बख्श राखी बनाने का काम वर्षों से करते आए हैं। उनके निधन के बाद आज तक इस परंपरा का परिजन निर्वहन कर रहे हैं।

### बदले में ग्रामीण देते हैं अनाज

**सैकड़ों** की संख्या में राखियां तैयार होने के बाद श्रावण मास की पंचमी के दिन से पूरे क्षेत्र में परिवार के सदस्य घर-घर जाकर 10 से 20 राखियां देते हैं। इनके बदले अनाज दिया जाता है। मुस्ताक का कहना है कि जिनके घर में हम जाते हैं हमको पूरा आतिथ्य सत्कार मिलता है। इससे हमें सुकून मिलता है।

### भगवान को समर्पित होती है पहली राखी

गांव में परिवार के लोग अभ्रक की बनाई राखी को सर्वप्रथम भगवान को अर्पित करते हैं। उसके बाद बहन भाई के रक्षा सूत्र को बांधकर इस त्योहार को मानते हैं। पशुधन के अलावा खेतों में बोई फसल पर भी यह रक्षा सूत्र बांधते हैं।

68वीं वृत स्तरीय उप्रा विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता

## विधायक को बुलाया, पिता का सुरक्षा गार्ड लेकर बेटा पहुंचा



विधायक पुत्र विजय पितलिया के साथ गोले में सुरक्षा गार्ड।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रायपुर (भीलवाड़ा).** अति विशिष्ट व्यक्ति दिखने की चाहत में विधायक पुत्र का पिता की जगह सरकारी कार्यक्रम में पहुंचना चर्चा का विषय बन गया। मामला शनिवार को रायपुर क्षेत्र के बोरियापुरा में 68वीं वृतस्तरीय उच्च प्राथमिक विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता (14 वर्ष) के उद्घाटन समारोह का है।

इसमें सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया मुख्य अतिथि थे। विधायक समारोह में नहीं आए। उनके बेटे विजय पितलिया कार्यक्रम में पहुंचे। तब विधायक का सरकारी गार्ड विजय की सुरक्षा में तैनात था। इधर, सरकारी गार्ड लेकर बेटे के समारोह में पहुंचने के बारे में पूछने पर विधायक लादूलाल ने कहा कि मैं अभी बेंगलूरु हूं। विधायक ने फोन काट दिया जबकि पुत्र विजय ने कहा कि वह तो समारोह में अपने पिता को लेने गया था। पुत्र ने भी पिता की तरह फोन काट दिया और आगे सवालों के जवाब देना मुनासिब नहीं समझा। उद्घाटन जिला प्रमुख बरजी देवी भील ने किया। सरपंच देवीलाल जाट व रोशनलाल सालवी, खंड मुख्य शिक्षा अधिकारी राजेश शर्मा आदि मौजूद थे।

15 अगस्त को रणथम्भौर के जोन आठ में अवैध रूप से घुसे थे वाहन

## ट्रेवल एजेंट ने बंद जोनों में कराया एडवेंचर टूर, वीडियो वायरल होने पर कार्रवाई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सवाईमाधोपुर.** रणथम्भौर बाघ परियोजना में 15 अगस्त को बंद जंगल क्षेत्र में एक ट्रेवल एजेंट के माध्यम से कंपनी के इवेंट के तहत एडवेंचर टूर करवाने का मामला सामने आया है। इस का वीडियो वायरल होने पर आनन-फानन में वनविभाग ने वाहनों को जब्त कर फलौदी रेंजर को एपीओ कर दिया है।

जानकारी के अनुसार रणथम्भौर में एडवेंचर टूर कराने वाली कंपनी ने निजी गाड़ियों से न केवल रणथम्भौर बल्कि सामोद व अन्य जगह भी टूर करवाए।

**यह था मामला:** रणथम्भौर क्षेत्र में 12 अगस्त को जोन 6 से 8 नंबर तक एक सप्ताह के लिए बंद किए थे। इसके बाद भी एक कंपनी के 14 वाहन 15 अगस्त को एडवेंचर टूर के लिए जोन आठ में प्रवेश कर गए। कंपनी ने जुलाई में ही एडवेंचर टूर सेट कर लिया था। कंपनी वाहनों को रणथम्भौर सहित अन्य जंगलों में प्रतिबंधित क्षेत्र में लेकर गई।



**सवाईमाधोपुर.** रणथभौर के जोन आठ में घुसी निजी जीप।

वन विभाग ने 14 वाहनों को जब्त किया। विभाग ने पार्क में अवैध रूप से प्रवेश करने को लेकर हर वाहन पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। विभाग के हैड ऑफ द फॉरेस्ट फोर्स अरिजीत बनर्जी ने रणथम्भौर बाघ परियोजना के फलौदी रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी विष्णु गुप्ता को एपीओ किया है।

मामले में उच्च स्तर के आदेश के बाद फलौदी के रेंजर विष्णु गुप्ता को एपीओ किया गया है। जब्त किए गए वाहनों पर एक-एक लाख का जुर्माना लगाया गया है। - **रामानंद भाकर,** उपवन संरक्षक, रणथम्भौर बाघ परियोजना, सवाईमाधोपुर

1374 शिक्षक होंगे सम्मानित

## शिक्षक सम्मान के लिए ऑनलाइन आवेदन 21 अगस्त से

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बीकानेर.** शिक्षक दिवस पर राज्यभर से 1 हजार 374 श्रेष्ठ शिक्षकों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश के 358 ब्लॉक में तीन-तीन शिक्षकों का चयन किया जाएगा। इस तरह ब्लॉक स्तर पर 1074 शिक्षकों का चयन किया जाएगा। इसके बाद सभी 50 जिलों में तीन-तीन शिक्षकों का चयन कर राज्य स्तर के लिए नामांकित किए जाएंगे।

**दो दिन होंगे आवेदन:** इच्छुक शिक्षक को अपनी उपलब्धियों के साथ शाला दर्पण पोर्टल पर 21 अगस्त से 22 अगस्त मध्य रात्रि तक ऑनलाइन आवेदन करने होंगे। संस्था प्रधान अपने स्कूल के आवेदन 23 अगस्त को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को भेजेंगे। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी 24 अगस्त तक हर कक्षा वर्ग से तीन उच्च वरीयता वाले आवेदनों का चयन कर दस्तावेज सहित प्रस्ताव 25 अगस्त तक मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को भेजेंगे। तीन प्रस्ताव 27 अगस्त तक माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के पास पहुंचेंगे। राज्य स्तर पर चयन के लिए 50 जिलों से प्राप्त कुल 450 आवेदनों की जांच के लिए निदेशक माध्यमिक की अध्यक्षता में 4 सदस्यीय समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति 150 शिक्षकों का चयन राज्य स्तर के लिए करेगी।

### ये रहेंगे चयन के मानदंड

**चयन** के लिए शिक्षक को कम से कम पांच वर्ष का शिक्षण अनुभव जरूरी होगा। निर्धारित अंक योजना के अनुसार मेरिट से राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों का चयन किया जाएगा।

**मिसाल:** पिता की पहल से कई जिंदगियां होंगी रोशन, दोनों किडनियां एसएमएस के मरीज को दान, लिवर भेजा एम्स जोधपुर

# रक्षाबंधन से पहले बहन की आंखों में आंसू छोड़ गया आदित्य

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जीणमाता. सीकर. जयपुर.** रक्षाबंधन की खुशियों के बीच एक परिवार से लाडले की विदाई गहरा दर्द दे गई। एक बहन अपने इकलौते भाई की कलाई पर अब कभी राखी नहीं बांध पाएगी। परिवार को मिले गहरे दर्द के बाद भी आदित्य अब भी कई जिंदगियों को रोशन कर सकेगा। यह मार्मिक कहानी है दांतारामगढ़ इलाके के तूलिका चारणवास की अस्मिता बुरड़क व उसके परिवार की। जहां अस्मिता का 17 साल का इकलौता भाई आदित्य शुक्रवार को ब्रेन डेड घोषित होने के साथ ही संसार से विदा हो गया। अपने बेटे को खोने के बाद भी पिता जगदीश प्रसाद बुरड़क ने साहस व संवेदना का परिचय देते हुए आदित्य के अंग दानकर मानवता की मिसाल पेश की है।



आदित्य अपने माता-पिता दादी व बहन अस्मिता के साथ। फाइल फोटो

आदित्य का परिवार पिछले कई साल से सीकर के नवलगढ़ रोड पर अपने रिश्तेदार के मकान में रह रहा था। आदित्य सीकर की एक निजी स्कूल और कोचिंग में 11वीं के साथ-साथ आइआइटी की तैयारी कर रहा था। उसकी बड़ी बहन अस्मिता (19) का कुछ समय पहले ही आइआइटी रुड़की में चयन हो गया था। 13 अगस्त को आदित्य घर की छत से नीचे गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। परिजन उसे सीकर के एक निजी अस्पताल में लेकर गए जहां से उसे जयपुर रेफर कर दिया गया। उसी दिन उसे जयपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां ब्रेन हेमरेज होने के कारण उसका इलाज चलता रहा, लेकिन 16 अगस्त को चिकित्सकों ने उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया। आदित्य के पिता मेडिकल के पेशे से जुड़े हैं, उन्होंने अपने इकलौते बेटे को खोने के बाद अंगों को दान करने का निर्णय लिया।

सवाईमानसिंह अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार आदित्य की दोनों किडनियां सवाईमानसिंह अस्पताल के मरीज को दान की गई है। जबकि लिवर एम्स जोधपुर के लिए भेजा गया। शनिवार को आदित्य के पैतृक गांव तूलिका चारणवास में अंतिम संस्कार किया गया, जहां सीकर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.नितेश शर्मा, डॉ.हरि सिंह नेहरा, डॉ.एचएस फगेड़िया आदि मौजूद रहे।

### मां की आंखें पथराईं

**रक्षाबंधन** से पहले हुए इस हादसे ने पूरे परिवार की उम्मीदों के आदित्य को बुझा दिया। हादसे के बाद बहन अस्मिता की आंखें राखी के लिए भाई की कलाई को खोजती रही। वहीं मां सुगनी देवी की आंखें पथरा गई। लेकिन पिता जगदीश प्रसाद बुरड़क का आदित्य अस्त होते-होते भी कई जिन्दगियों को रोशन कर और समाज को नई प्रेरणा दे गया। जीणमाता सीएचसी प्रभारी डां.हरलाल फगेड़िया ने बताया कि आदित्य के स्वस्थ अंगों जैसे किडनी, लिवर, हार्ट,यकृत,फेफड़े आदि से कई लोगों कीजिन्दगियां बचाई जा सकेगी।

पैर फिसलने से एक बच्ची अंदर गिरी, उसे बचाने के प्रयास में तीन अन्य बालिकाएं भी डूबी

## राणोराव तालाब में डूबने से चार बालिकाओं की मौत


शिवानी


चांदनी


मुस्कान

**नोखा. (बीकानेर) @ पत्रिका.** राणोराव तालाब पर पानी लाने गई चार बालिकाओं की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दो बिहारी परिवार की चार बेटियां पानी भरने गई थी। वहां खेलने के दौरान तालाब में पैर फिसलने से एक बालिका अंदर गिर गई, उसे बचाने के प्रयास में तीन बालिकाएं भी तालाब में उतर गई। तालाब में डूबने के दौरान बच्चियों के चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग दौड़कर पहुंचे और उनको बचाने के प्रयास शुरू किए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद बच्चियों बाहर निकाला जा सका, लेकिन तब तक चारों बच्चियों की मौत हो गई थी। इसके बाद चारोंशवों को नोखा के जिला अस्पताल में लाया गया। जहां पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। तालाब में डूबने से बिहार, जाफरपटी निवासी हाल नोखा मालू चौक में रहने वाले सुरेंद्र साहनी की बेटी मुस्कान (12), चांदनी (10) और बेलाचांद बिहार निवासी रमेश की बेटी शिवानी (12) व सोनम (8) की मौत हो गई।

## पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

**बीकानेर @ पत्रिका.** नापासर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार पिकअप ने युवक को टक्कर मार दी। गंभीर चोटें लगने से युवक की मौत हो गई। नापासर थाना पुलिस ने बताया कि हादसा नौरंगदसेर के पास राजमार्ग पर सिरेमिक्स फैक्ट्री के पास हुआ। युवक लघुशंका के लिए फैक्ट्री से बाहर निकला तभी वहां से गुजर रही पिकअप के चालक ने उसे चपेट में ले लिया। मृतक की पहचान सैरुणा निवासी चेतनराम के रूप में हुई है।

## ग्रह-नक्षत्र

ज्योतिर्विद: घनश्यामलाल स्वर्णकार

शुभ वि. सं: 2081
संवत्सर का नाम: कालयुक्त
शाके सम्वत: 1946
हिजरी सम्वत: 1446
मु. मास: सफर-12
अयन: दक्षिणायण
ऋतु: वर्षा
मास: श्रावण
पक्ष: शुक्ल

रविवार, 18 अगस्त, 2024
सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िए** आज प्रात: 07-40 से दोपहर 12-31 तक क्रमश: चर, लाभ व अमृत तथा दोपहर बाद 02-07 से अपराह्न 03-44 तक शुभ के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 12-05 से दोपहर 12-56 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त है, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।

**तिथि** चतुर्दशी रिक्ता संज्ञक तिथि रात्रि 03-05 तक, तदुपरान्त पूर्णिमा तिथि प्रारम्भ हो जायेगी। चतुर्दशी तिथि में अग्नि-विषादिक असद् कार्य, शस्त्रादि दूषित कार्य सिद्ध होते हैं। शुभ व मांगलिक कार्य शुभ नहीं होते।

**नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा ''ध्रुव व ऊर्ध्वमुख'' संज्ञक नक्षत्र प्रात: 10-15 तक, तदुपरान्त श्रवण ''चर व ऊर्ध्वमुख'' संज्ञक नक्षत्र है। उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में देवस्थापन, गृहारम्भ, विवाह, यात्रा, प्रवेश आदि कार्य और श्रवण नक्षत्र में देवस्थापन, घर, पुष्टता आदि कार्य शुभ कहे गए हैं।

| योग | विशिष्ट योग | करण |
|---|---|---|
| आयुष्मान नामक नैसर्गिक शुभ योग है। प्रात: 07-51 तक, तदन्तर सौभाग्य नामक नैसर्गिक शुभ योग अन्तरात 04-28 तक, इसके बाद शोभन नामक नैसर्गिक शुभ योग है। | सर्वार्थसिद्धि नामक शुभ योग सूर्योदय से प्रात: 10-15 तक, तदन्तर रवियोग नामक दोष समूह नाशक शुभ योग है। | गर नामकरण सायं 04-28 तक, तदन्तर रात्रि 03-05 तक वणिज नामकरण है। इसके बाद भद्रा प्रारंभ होगी। |

**व्रतोत्सव** आज शिव पवित्रारोपण (उड़ीसा)।
**चन्द्रमा:** चन्द्रमा मकर राशि में सम्पूर्ण दिवारात्रि है।

**ग्रह राशि-नक्षत्र परिवर्तन:** वक्री शनि पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र के प्रथम चरण में रात्रि 12-30 से।

**दिशाशूल:** रविवार को पश्चिम दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। चन्द्र स्थिति के अनुसार आज दक्षिण दिशा की यात्रा लाभदायक व शुभप्रद है।

**राहुकाल** (मध्यममान से): सायं 4-30 बजे से सायं 6-00 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।

सोमवार-19,अगस्त: सत्य पूर्णिमा व्रत, श्रावणी पूर्णिमा, रक्षाबन्धन भद्रा पश्चात् दोपहर 01-30 तक, संस्कृत दिवस, अमरनाथ यात्रा व कोकिला व्रत समाप्त, झूलन यात्रा पूर्ण (पूर्वाह्न व प्रदोष की) नारेली पूर्णिमा, हयग्रीव जयन्ती, बल भद्र पूजा (उड़ी) पांचवां श्रावण वन सोमवार व्रत, शुक्ल, कृष्ण यजुर्वेदी सहित ऋक उपाकर्म तथा पंचक प्रारम्भ सायं 07-00 बजे से।

मंगलवार-20,अगस्त: पंचक, राजीवगांधी जन्मदिवस, सद्भावना दिवस, गोगामेड़ी मेला प्रा. हनुमानगढ़ (राज.)।

बुधवार-21,अगस्त: अशून्य शयन व्रत तथा पंचक।

गुरुवार-22,अगस्त: सूर्य सायन कन्या में रात्रि 08-25 से, शरद ऋतु प्रारम्भ, सातुड़ी तीज, कजली तीज व संकष्ट चतुर्थी व्रत (चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 08-52 पर) मेला कजली तीज प्रा. बूंदी (राज.), तीजड़ी पर्व (सिन्धी समाज), पंचक, बहुला चौथ मध्य प्रदेश तथा गण्ड मूल प्रा. रात्रि 10-06 से।

शुक्रवार-23,अगस्त: जीवंतिका पूजन, राष्ट्रीय भाद्रपद मास प्रारम्भ, श्रावण तपस्या समाप्त (जैन), पंचक सायं 07-54 तक, रक्षा पंचमी (उड़ीसा), माधव देव तिथि (आसाम) तथा गण्डमूल सम्पूर्ण दिवारात्रि।

शनिवार-24,अगस्त: चांद छठ व्रत (चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 10-05 पर) बल देव जयन्ती, हल षष्ठी व ललही छठ, अश्वत्थ मारुति पूजन तथा गण्डमूल सायं 06-06 तक।

रविवार-25,अगस्त: अगस्त्य उदय सायं 05-42 पर, थदड़ी पर्व (सिन्धी समाज) मेला दनकौर प्रा. (उ.प्र.) चेहलम (मु.)।

**शुभ कार्यारम्भ मुहूर्त** **शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज विवाह का अतिआवश्यकता में उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में (पूर्व दोष, भौम वेध व मृत्यु पंचक दोष युक्त) मुहूर्त है।

सोमवार-19,अगस्त: विवाह, मशीनरी प्रा., वाहन क्रय करना, सगाई व रोका, पद ग्रहण करना, गृहारम्भ व गृह-प्रवेश के (अग्नि पंचक व भद्रा दोष पूर्ण) सभी धनिष्ठा नक्षत्र में।

मंगलवार-20,अगस्त: शल्य चिकित्सा शतभिषा में।

बुधवार-21,अगस्त: विवाह अतिआवश्यकता में (राहु युति व केतु वेध) उ. भाद्रपद नक्षत्र में।

गुरुवार-22,अगस्त: गृहारम्भ अतिआवश्यकता में (केतु वेध) विवाह रेवती में (भद्रा दोष)।

शुक्रवार-23,अगस्त: गृहारम्भ, विपणि-व्यापारारम्भ, मशीनरी प्रा., वाहन क्रय करना, प्रसूति स्नान, सगाई व रोका, चूड़ा, पद ग्रहण कूप खनन, बोरिंग आदि रेवती में व विवाह का अश्विनी नक्षत्र में।

शनिवार-24,अगस्त: विवाह, विपणि-व्यापारारम्भ, सगाई-रोका तथा राजकीय सेवा प्रारम्भ व पद ग्रहण करना।

रविवार-25,अगस्त: सगाई व रोक आदि कृतिका नक्षत्र में।

**वारकृत्य कार्य** रविवार को सामान्यरूप से राज्याभिषेक, उत्सव (गाना-बजाना), नई सवारी (वायुयान आदि) का प्रयोग, यात्रा, नौकरी, पशु क्रय-विक्रय, सोना, ताम्बा, ऊन-काष्ठ सम्बन्धी कार्य, औषध व जड़ी-बूटी आदि का संग्रह व प्रयोग, शिक्षा-दीक्षा, लेना-देना, अस्त्र-शस्त्र व अग्नि सम्बन्धी कार्य, न्यायिक परामर्श तथा यज्ञादि मन्त्रोपदेश आदि कार्य करने योग्य हैं।

### आज जन्म लेने वाले बच्चे

आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (जी, खि, खू, खे, खो) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। इनकी जन्म राशि मकर है। मकर राशि के स्वामी शनि देव हैं। इनका जन्म ताम्रपाद से है। सामान्यत: ये जातक धनी, गम्भीर, बुद्धिमान, ज्योतिष, गणित आदि में रुचि रखने वाले, विद्वान, धर्मपरायण और काव्य संगीत आदि में रुचि रखने वाले होते हैं। इनका भाग्योदय 24 वर्ष की आयु के बाद होना प्रारम्भ हो जाता है। मकर राशि वाले जातकों को अपने कार्यक्षेत्र में परिश्रम और संघर्ष के बाद ही लाभ मिलेगा। धनागमन में कुछ बाधाएं रहेगी।

### कोलकाता में महिला पीजी डॉक्टर हत्याकांड से रोष, रेजिडेंट डॉक्टर्स ने निकाली रैली

# हाथ-सिर पर काली पट्टी बांधकर सड़कों पर उतरे डॉक्टर्स



कलक्ट्रेट के बाहर नारेबाजी करते डॉक्टर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



डॉक्टरों ने एडीएम को दिया ज्ञापन।

**जोधपुर.** कोलकाता में पीजी डॉक्टर के बलात्कार व हत्याकांड मामले में आंदोलनरत रेजिडेंट डॉक्टर्स सड़कों पर उतर आए। हाथों और सिर पर काली पट्टी बांधे डॉक्टर्स ने सड़क पर पैदल मार्च निकाला। उन्होंने नारेबाजी करते हुए मृतका के लिए न्याय और सेंट्रल प्रोटेक्शन बिल की मांग रखी। रेजिडेंट डॉक्टर्स की इस हड़ताल को एक दिन का सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर्स ने भी समर्थन दिया है। एसएन मेडिकल कॉलेज के साथ ही एम्स के रजिडेंट डॉक्टर्स, सीनियर रेजिडेंट, अरिस्दा संगठन और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने रैली निकाली। एमजीएच से शुरू हुई यह रैली कलक्ट्रेट परिसर तक पहुंची। हाथों में तख्तियां लेते हुए नारेबाजी करते हुए डॉक्टर्स ने नारेबाजी की। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ रविन्द्र चारण ने बताया कि सेंट्रल प्रोटेक्ट एक्ट और मृतक डॉक्टर को न्याय की मांग की गई।

## इधर, चिकित्सकों ने एक घंटे कार्य का बहिष्कार किया

### बाद में काली पट्टी बांध कर किया काम



जैसलमेर के जवाहिर चिकित्सालय में कार्य बहिष्कार करते चिकित्सक।




पोकरण

**जैसलमेर.** राजकीय जवाहिर चिकित्सालय में कार्यरत चिकित्सकों ने सुबह एक घंटे तक कार्य का बहिष्कार किया और बाद में दिनभर काली पट्टी लगा कर काम किया। अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक (अरिस्दा) के आह्वान पर जवाहिर चिकित्सालय के चिकित्सकों ने सुबह 8 से 9 बजे तक कार्य का बहिष्कार किया और पूरे दिन काली पट्टी बांध कर कार्य किया। चिकित्सकों ने वीभत्स अपराध में शामिल वास्तविक अपराधियों को चिन्हित कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही चिकित्सकों को कार्य स्थल पर पुख्ता सुरक्षा दिलाने की मांग उठाई। पीएमओ डॉ. चंदनसिंह तंवर ने कहा कि संगठन के निर्देशानुसार आगामी दिनों में चिकित्सक कदम उठाएंगे।

**पोकरण.** कोलकात्ता में महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म, हत्या और अमानवीय घटना से नाराज चिकित्सकों की ओर से किए जा रहे विरोध के दौरान जानलेवा हमले को लेकर चिकित्सकों की ओर से प्रदर्शन किया जा रहा है। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ गवर्नमेंट डॉक्टर के बैनर तले ऑल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ की ओर से शुक्रवार को प्रदेशभर में दो घंटे कार्य बहिष्कार किया गया। पोकरण कस्बे व ग्रामीण क्षेत्रों में भी चिकित्सकों ने कलाई पर काली पट्टी बांधकर दो घंटे कार्य बहिष्कार करते हुए विरोध जताया। कस्बे के राजकीय जिला चिकित्सालय में प्रभारी डॉ. अनिल गुप्ता, डॉ. रिपुदमनसिंह चंपावत, डॉ. परमेश्वर चौधरी, डॉ. प्रकाश चौधरी, डॉ. कामिनी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### स्कूल प्रशासन ने किया मामले को दबाने का प्रयास

## स्वतंत्रता दिवस पर पिलर गिरने से छात्र की मौत

### आला अधिकारियों को नहीं दी सूचना

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सीकर.** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पिपली नगर में स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल के पास एक खेत में बने पिलर के गिरने से स्कूल के आठवीं कक्षा के एक छात्र अंकित की मौत हो गई। बच्चा अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी। परिजनों ने गुरुवार को ही बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया।



मृतक अंकित

इधर, इस मामले में स्कूल प्रशासन की घोर लापरवाही सामने आई है, उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस, दादिया थाना तक को घटना की सूचना नहीं दी। परिजनों ने बच्चे का पोस्टमार्टम भी नहीं करवाया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्कूल कैंपस के बाहर ईंटों का पिलर बना हुआ था। समारोह के समापन के बाद बच्चे घर जा रहे थे, इस दौरान पिलर गिर गया, जिससे आठवीं कक्षा के छात्र अंकित पुत्र विजय कुमार स्वामी निवासी चिड़ावा हाल सीकर पर कुछ ईंटे गिर गई। छात्र को स्कूल स्टाफ के लोग तुरंत एसके हॉस्पिटल लेकर गए। बच्चे के कूल्हे पर फ्रेक्चर था। बाद में अंदरूनी चोटों के चलते उसे जयपुर रैफर किया गया। जयपुर ले जाते समय बच्चे ने दम तोड़ दिया। अंकित हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड का स्काउट भी था।

### स्कूल स्टाफ पर सवाल

इस हादसे ने सरकारी स्कूलों की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। स्कूल प्रिंसिपल व स्टाफ की लापरवाही भी स्पष्ट दिखाई दे रही है। विजय कुमार सीकर में रहकर मजदूरी का काम करते हैं और अंकित उनका इकलौता पुत्र था। वहीं घायल बच्चे को लाने के दौरान एसके हॉस्पिटल में कोतवाली थाना पुलिस व एसके पुलिस चौकी के कांस्टेबल व चौकी प्रभारी हॉस्पिटल नहीं पहुंचे। घटना के बारे में दादिया थाने में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हमें घटना की सूचना नहीं दी गई। इस मामले में पिपराली सीबीईओ सुमन चौधरी का कहना था कि उन्हें घटना के बारे में पता है लेकिन पूरी जानकारी नहीं है, प्रिंसिपल ही कुछ बता सकते हैं।

## रोडवेज बस की टक्कर से युवक की मौत



**आबूरोड @ पत्रिका.** तलहटी शांतिवन के सामने एक रोडवेज बस ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, आकराभट्टा निवासी सोहनलाल बंजारा पुत्र गणेशलाल बंजारा बाइक से शांतिवन के आगे से गुजर रहा था। तभी सामने से आबूरोड लौट रही बस ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में सोहनलाल गम्भीर घायल हो गया। उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे आगे रेफर कर दिया। उदयपुर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने सदर थाने में मामला दर्ज करवाया है।

## सैन्य स्टेशन में लगाए 11 हजार पौधे



पोकरण. सैन्य क्षेत्र में पौधरोपण करते हुए। पत्रिका

**पोकरण @ पत्रिका.** कस्बे में स्थित सैन्य स्टेशन में अधिकारियों, जवानों व उनके परिवारजनों की ओर से सेना का संकल्प - एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत 11 हजार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। गत दो सप्ताह में यहां पांच हजार पौधे लगाए गए। स्वतंत्रता दिवस को एक ही दिन में यहां छह हजार पौधे लगाए गए। इस दौरान गौरव सैनानी व परिवारजन भी उपस्थित रहे। कस्बे में जीनगर समाज की ओर से भी पौधरोपण किया गया। मुख्यमंत्री पौधरोपण महाअभियान व एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत जीनगर समाज की ओर से बाल श्मशान के सामने पौधे लगाए गए। जीनगर समाज के अध्यक्ष मनसुख जीनगर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित, अशोक दैया, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, राजेन्द्र दाधीच आदि उपस्थित रहे। इधर, जैसलमेर में तैनात सैन्य इकाइयों ने एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत 14 से 15 अगस्त तक दो दिनों में शुष्क जिले में 20 हजार पौधों का रोपण किया है।

## डिग्गी में डूबने से दो बच्चों की मौत



**रतनगढ़ @ पत्रिका.** इलाके के हंसासर गांव में डिग्गी में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चे डिग्गी में नहाने के लिए गए थे। वहां मौजूद तीसरे बच्चे ने गांव के लोगों को घटना की जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि गांव के तीन बच्चे जितेन्द्र सिंह के खेत में बनी डिग्गी में नहाने गए थे। मोहित नायक (10) और बाबूलाल नायक (11) पानी में डूबने लगे। दोनों बच्चों के डूबने की सूचना बाहर खड़े बाबूलाल नायक (12) पुत्र शुभा नायक ने गांव में जाकर ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने से पहले ही मोहित और बाबूलाल नायक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शवों को डिग्गी से बाहर निकलवाया।

## गुड़िया नदी में फंसे तीन लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला



**पाली @ पत्रिका.** रायपुर मारवाड़ उपखण्ड क्षेत्र में तेज बारिश से नदी नालों में पानी का बहाव तेज है। क्षेत्र की गुड़िया नदी में पानी के तेज बहाव के कारण एक महिला व बच्ची सहित तीन लोग बह गए। कुछ दूरी तक बहने के बाद तीनों कंटीली झाड़ियों में फंस गए। उन्हें लगभग छह घंटे बाद एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला। गुड़िया स्थित विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के बाद बाबूलाल नायक, उसकी पुत्रवधू कंकू और भांजी रेखा नदी से घर की ओर जा रहे थे। तेज बारिश के कारण नदी में पानी का बहाव तेज हो गया। जिसके कारण नदी के बीच पहुंचने पर तीनों का संतुलन बिगड़ गया और तेज बहाव में बहने लगे। कुछ दूरी तक बहने के बाद नदी के बीच उगी कंटीली झाड़ियों में फंस गए।

## कांवड़ यात्रा में उत्साह से लिया भाग



**भीनमाल @ पत्रिका.** सोनी समाज की महिलाओं ने शहर में कांवड़ यात्रा निकाली। कावड़ यात्रा में सोनी समाज की सैकड़ों महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर उत्साह के साथ हिस्सा लिया। यात्रा सुनारों के मौहल्ले से गाजे-बाजे के साथ रवाना होकर बड़े चोहटे, मुख्य बाजार से होते हुए वाराहश्याम मंदिर तक पहुंची। महिलाओं ने कांवड़ को सजाया और उसके दोनों तरफ गंगाजल से भरे तांबे के लोटे बांधकर, मंगल गीत गाते हुए यात्रा निकाली। भगवान शिव को प्रसन्न करने के उद्देश्य से उन्होंने काशी विश्वनाथ महादेव मंदिर में गंगाजल से जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना के साथ मन्नत मांगी। सपना सोनी ने बताया कि भीनमाल शहर में श्रावण मास के दौरान यह कावड़ यात्रा पहली बार निकाली गई, इस मौके भमरी देवी, सपना सोनी, पिंटू सोनी, सोनाक्षी, विमला, देवी, पवनी, गीता देवी, टीना देवी, लता देवी, बबिता, जसोदा, भाविका, इंद्रा देवी, मोहन देवी, हीना, चंद्रा, सुखीदेवी सहित कई महिलाएं मौजूद थी।

# साप्ताहिक फलादेश 18 से 24 अगस्त, 2024

पं. अमर डब्बावाला (त्रिवेदी) ज्योतिषाचार्य

### मेष
(चू, च, चो, ला, ली, लू, ले, लो, आ)

**उत्तराषाढ़ा** नक्षत्र में आरंभ यह सप्ताह बड़े पद की ओर आगे बढ़ाएंगे। सम्पत्ति से जुड़े मामलों में गति बढ़ेगी। कार्य से जुड़े सभी पक्षों का अनुकूल लाभ प्राप्त होगा। व्यापार में संबंधित व्यवसाय का उत्तरोत्तर लाभ का योग। नौकरी में प्रतिष्ठा के साथ पदवृद्धि होगी। महिला व छात्रवर्ग को अवसर।

**शुभ दिन :** सोमवार **शुभ अंक :** 4, 8
**शुभ रंग :** खरबूजी पीला **दिशा:** पश्चिम
**विशेष सलाह :** योजनागत प्रारूप को आकार देने का प्रयास करें।

### मिथुन
(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

**मिली-जुली** प्रतिक्रियाएं लक्ष्य को प्रभावित करने की चेष्टा करेगी। शुक्रवार को कोई नया कंसेप्ट सुदृढ़ता से आगे बढ़ाने का रास्ता तय करेगा। अधिक न सोंचे। व्यापार में शनिवार को कोई बड़ी डील हाथ आ सकती है। नौकरी में निजी क्षेत्र के विदेशी अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

**शुभ दिन :** बुधवार **शुभ अंक :** 1, 3
**शुभ रंग :** आसमानी नीला **दिशा:** उत्तर
**विशेष सलाह :** प्रयासों को अपनी तरफ से मजबूत बनाएं।

### सिंह
(मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

**दोपहर** के बाद स्थिति में परिवर्तन कुछ स्थानों पर आश्चर्यचकित करेगा। विरोधी लोग सहयोग के लिए आगे आएंगे। आर्थिक पक्ष की सुदृढ़ता के लिए विशेष प्रयास लाभान्वित करेंगे। व्यापार में सोमवार मंगलवार बड़ा लाभ दिलवा सकते हैं। नौकरी में इंक्रीमेंट के योग बन रहे हैं।

**शुभ दिन :** सोमवार **शुभ अंक :** 4, 8
**शुभ रंग :** सुनहरा **दिशा:** पश्चिम
**विशेष सलाह :** आर्थिक प्रबलता के लिए विशेष प्रयास लाभ देंगे।

### तुला
(रा, री, रू, रे, री, ता, ती, तू, ते)

**सोमवार** को कोई नया कार्य हाथ में आ सकता है। आर्थिक मामलों को लेकर निवेश की योजना आकार ले सकती है। नक्षत्र का सहयोग भी लाभकारी रहेगा। एमसीएक्स से जुड़े सिल्वर मार्केट का मंगल व बुध को लाभ मिल सकता है। नौकरी में सहयोगियों के लिए अच्छे अवसर।

**शुभ दिन :** मंगलवार **शुभ अंक :** 1, 5
**शुभ रंग :** हल्का नीला **दिशा:** उत्तर
**विशेष सलाह :** अवसरों को दीर्घकालिक नहीं समझें।

### धनु
(ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)

**भाग्य** तथा कार्य का सहयोग आर्थिक प्रगति देगा। कार्य की अधिकता यह सप्ताह दर्शा रहा है। धन से जुड़े मामले आगे बढ़ेंगे। परिवार में भी आर्थिक सहयोग प्रदान कर सकेंगे। व्यापार में जायद की फसलों का बाहरी लाभ मिलेगा। नौकरी में पहले की अपेक्षा यह सप्ताह अनुकूल रहेगा।

**शुभ दिन :** बुधवार **शुभ अंक :** 1, 7
**शुभ रंग :** बैंगनी **दिशा:** दक्षिण
**विशेष सलाह :** व्यावहारिक संबंधों पर फोकस करते हुए आगे बढ़ें।

### कुंभ
(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

**बनती** बिगड़ती स्थिति शाम तक हैरान करेगी। सोमवार से कार्य अपनी रफ्तार से आगे बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में बुधवार को सफलता मिल सकती है। व्यापार में ऑयल एण्ड नेचुरल गैस से जुड़े क्षेत्र में बाहरी लाभ दिखाई देगा। नौकरी में पदोन्नति के साथ जिम्मेदारी बढ़ेगी।

**शुभ दिन :** शुक्रवार **शुभ अंक :** 3, 8
**शुभ रंग :** जामुनी **दिशा:** ईशान
**विशेष सलाह :** समय पर सही निर्णय आगे बढ़ाने में सहायक रहेगा।

### वृषभ
(इ, उ, ए, ओ, वा, वि, वू, वे, वो)

**कुछ** अच्छे लोगों का सानिध्य मिलने से रुके कार्यों में गति बढ़ सकेगी। पैतृक सम्पत्ति से जुड़े मामलों में पक्ष मजबूत होगा। व्यावसायिक लाभ के लिए निवेश सही विकल्प है। व्यापार में माइन्स से जुड़े डायमण्ड कट्स का बाजार लाभ देगा। नौकरी में इच्छित स्थान की प्राप्ति का योग।

**शुभ दिन :** मंगलवार **शुभ अंक :** 3, 9
**शुभ रंग :** गाजरी लाल **दिशा:** ईशान
**विशेष सलाह :** परिस्थितियों को अनुकूल बनाने का प्रयास करें।

### कर्क
(ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

**आरंभ** में अनुकूलता अनुभव होगी। दिन के ढलते-ढलते चुनौतियां आ सकती हैं। बुधवार तक संघर्ष संभावित है। उसके बाद परिस्थितियों का सकारात्मक लाभ दिखाई देगा। व्यापार में शुक्रवार विदेशी ट्रांसपोर्टेशन से व्यवसाय दिलवाएगा। नौकरी में मनचाहा परिवर्तन होने का योग।

**शुभ दिन :** गुरुवार **शुभ अंक :** 5, 7
**शुभ रंग :** गहरा गुलाबी **दिशा:** वायव्य
**विशेष सलाह :** अलग-अलग प्रकार से अवसर प्राप्त करें।

### कन्या
(टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

**मंगलवार** से कुछ परिवर्तन नए क्षेत्र का श्रीगणेश कर सकते हैं। आर्थिक व व्यावसायिक मामलों को लेकर संचार साधनों का लाभ मिल सकता है। परिवार में अनुकूलता रहेगी। व्यापार में दलाली से जुड़ा खरीफ की फसल का बाजार बाहरी स्तर पर लाभ देगा।

**शुभ दिन :** गुरुवार **शुभ अंक :** 8, 9
**शुभ रंग :** बसन्ती पीला **दिशा:** नैऋत्य
**विशेष सलाह :** कार्य की पूर्णता तक अधिक ध्यान दें।

### वृश्चिक
(तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)

**बिगड़े** हुए काम बनने लगेंगे। धीरे-धीरे स्थितियां बदलेगी। प्रभाव बढ़ेगा आर्थिक पक्ष की मजबूती होगी। जमीन से जुड़े मामलों में लम्बी खेंच समाप्त होगी। व्यापार में कृषि उपकरणों का बाजार अच्छा लाभ देगा। नौकरी में कार्य पद्धति का रिस्पॉन्स मिलेगा। महिला तथा छात्रवर्ग को अवसर।

**शुभ दिन :** शुक्रवार **शुभ अंक :** 2, 8
**शुभ रंग :** तरबूजी लाल **दिशा:** ईशान
**विशेष सलाह :** कार्य का नियोजन समयानुसार करें।

### मकर
(भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी)

**राशि** पर चन्द्र का गोचर आंरभिक स्थितियों में विशेष लाभ दिलवाएगा। कुछ लोगों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती है। आर्थिक उच्चावचन कुछ स्थानों पर हैरान करेगा। व्यापार में टायर, ट्यूब से जुड़े सभी फैकल्टी का लाभ मिलेगा। नौकरी में परिश्रम का पदेन लाभ दिखाई देगा।

**शुभ दिन :** बुधवार **शुभ अंक :** 6, 8
**शुभ रंग :** गहरा नीला **दिशा :** पूर्व
**विशेष सलाह :** समय तथा अवसरों का अनुपात तय करें।

### मीन
(दी, दु, थ, ञ, दे, दो, चा, ची)

**व्यय** की अधिकता बनेगी। कहीं-कहीं भूमिगत निवेश भी संभावित है। स्वर्ण में निवेश आगे लाभकारी होगा। व्यावसायिक मामलों को बारीकी से समझकर निर्णय लें। व्यापार में शुक्रवार भागीदारिता से जुड़े क्षेत्र का लाभ मिलेगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना है।

**शुभ दिन :** शनिवार **शुभ अंक :** 4, 5
**शुभ रंग :** महरून **दिशा :** नैऋत्य
**विशेष सलाह :** किसी भी तरह के निवेश के पूर्व विचार कर लें।

रक्षाबंधन पर केवल नवविवाहित ही ससुराल नहीं जाते थे, बल्कि बड़े बुजुर्ग भी परंपरा का पूरे जोश से करते थे निर्वहन

# ब्रजमंडल में 'बूरा खाने' की परंपरा अब तोड़ रही है दम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**मथुरा.** समाज में आधुनिकता के बढ़ते प्रभाव के कारण रक्षाबंधन पर सामाजिक एकता और सद्भाव बनाने वाली ब्रजमंडल की 'बूरा खाने' की परंपरा अब दम तोड़ रही है। इतिहास साक्षी है कि पहले रक्षाबंधन पर 'बूरा खाने' की परंपरा का चलन इतना अधिक था कि रक्षाबंधन पर न केवल नवविवाहित व्यक्ति ही अपनी ससुराल जाता था बल्कि बड़े बुजुर्ग भी परंपरा का पूरे जोश से निर्वहन करते थे तथा सजी सजाई बैलगाड़ी से ससुराल जाते थे। 'बूरा खाने' के बहाने विवाहित व्यक्ति अपनी पत्नी को ससुराल से विदा कराकर लाता है क्योंकि उसकी पत्नी हरियाली तीज के बाद अपने मायके चली जाती है। विवाहित व्यक्ति वह न केवल एक परिवार का बल्कि पूरे गांव का दामाद होता था तथा उसे 'मेहमान' कहा जाता था तथा गांव का हर परिवार उसे अपने यहां भोजन या नाश्ते के लिए बुलाता था। दामाद की जबर्दस्त खातिरदारी होती थी मगर इस परंपरा में अब बहुत अंतर आ गया है। मथुरा के चैमुहा कस्बे के निवासी अधिवक्ता भारत मोहन भारद्वाज ने बताया कि जब वे पहली बार 'बूरा खाने' के लिए अपनी ससुराल गए थे तो बैलगाड़ी की जगह कार से गए थे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विवाहित व्यक्ति को 'सौगी' ले जाना आवश्यक होता है। सौगी में झूला, पटरी, घेवर, बूरा, खेलखिलौने आदि लेकर अपने छोटे भाइयों के साथ जाते हैं। उन्होंने बताया कि उनके साथ 12 छोटे भाई बहन और गए थे। उस समय दामाद को कुश्ती लड़ने के साथ लंबी कूद, कबड्डी आदि में भाग लेना आवश्यक था। लोग कम से कम तीन दिन और अधिकतम दास दिन तक ससुराल में रहते थे तथा पूरा गांव दामाद की खातिरदारी करता था। जब ससुराल से लौटते थे तो दामाद और उसके साथ गए लोगों को रुपए, कपड़े आदि देने के साथ शुद्ध घी और राशन तक दिया जाता था। दामाद के साथ उसकी पत्नी भी विदा होकर आती है। उन्होंने बताया कि अब तो 'बूरा खाना' कुछ घंटों का ही खेल रह गया है ।

## अब नहीं रही पहले जैसी बात

मथुरा जिले के राधाकुंड के पाली ब्राम्हरान निवासी घनश्याम सिंह सेनी ने कहा कि अब प्रेम भाव खत्म हो गया है। गांवों में गुटबंदी के कारण एक-दूसरे के दरवाजे पर जाना भी समाप्त होता जा रहा है। कुश्ती और लंबी कूद आदि बीते जमाने की बात बनती जा रही हैं। सुरीर निवासी ज्ञानेंद्र सिंह का कहना था कि पहले गांवों में 'बूरा खाना' एक पर्व और उत्सव की तरह मनाया जाता था जिसमें सभी मिलजुलकर भाग लेते थे। अब यह केवल औपचारिकता तक ही सीमित रह गया है। माधुरीकुड अड़ींग निवासी 75 वर्षीय निरंजन सिंह ने बताया कि पहले रब्बा से 'बूरा खाने' के लिए जाते थे। अपने साथ बूरा, घेवर, लड्डू, खिलौने लेकर नए कपड़े पहनकर जाते थे। ससुराल में उन्होंने कुश्ती में उस समय एक युवक को हराया था।

करोड़ों की लागत से बनाया जा रहा था पुल

# सुल्तानगंज-अगुवानी घाट गंगा पुल का सुपर स्ट्रक्चर धराशायी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




**भागलपुर.** बिहार के भागलपुर जिले में शनिवार सुबह करोड़ों की लागत से निर्माणाधीन सुल्तानगंज-अगुवानी घाट गंगा पुल का सुपर स्ट्रक्चर अचानक धराशायी हो गया।

निर्माणाधीन सुल्तानगंज-अगुवानी घाट गंगा पुल के पाया संख्या 9 और 10 के बीच का सुपर स्ट्रक्चर (सपोर्ट सिस्टम) जोरदार आवाज के साथ गिर गया और गंगा में समा गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुल का निर्माण एसपी सिंगला कंपनी कर रही है। सूत्रों ने बताया कि हादसे के बाद पुल के निर्माण को रोक दिया गया है। कंपनी, राज्य पुल निर्माण निगम के अधिकारी और जिला प्रशासन के लोग मौके पर पहुंच गए हैं। गौरतलब है कि 1710.77 करोड़ की लागत वाले इस गंगा पुल का निर्माण 2015 से चल रहा है। 2014 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसका शिलान्यास किया था। इससे पूर्व 2022 में पुल का पाया संख्या तीन और 2023 में पाया संख्या नौ, 10,11,12 का सुपर स्ट्रक्चर धराशायी हो गया था। इसके बाद इस पुल के चालू होने की अवधि बढ़ती जा रही है। वर्ष 2026 में पुल को चालू करने का समय निर्धारित किया गया है, लेकिन इस हादसे के बाद इसमें भी संशय उत्पन्न हो गया हैं।

**➲ बंबूगढ़ व पपसरा चौकी इंचार्ज समेत 20 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर: अमरोहा @ पत्रिका.** अमरोहा एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। बंबूगढ़, पपसरा और टी पॉइंट गंगानगर चौकी प्रभारी समेत 20 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर किया है। यह सभी पुलिसकर्मी अलग-अलग थाने में तैनात थे। किसी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, तो कोई अनुशासनहीनता का दोषी पाया गया। कार्रवाई के बाद खलबली मची हुई है। एसपी ने बताया कि अमरोहा देहात थाना क्षेत्र की बंबूगढ़ चौकी इंचार्ज अतवीर सिंह, रहरा थानाक्षेत्र की टी-पॉइंट गंगानगर चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार और रजबपुर थानाक्षेत्र के पपसरा चौकी प्रभारी राजेंद्र तोमर को लाइन हाजिर किया गया है।

**➲ पत्नी को गोली मारने के बाद खुद को मारी गोली: बरेली @ पत्रिका.** पॉश इलाके ग्रीन पार्क में शनिवार को डिप्टी एसपी के रिश्तेदार ने पत्नी को गोली मार दी। इसके बाद खुद गोली मारकर सुसाइड कर लिया। दोनों के शव बेड पर पड़े मिले। पास में ही पिस्टल पड़ी थी। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। डिप्टी एसपी विजय राणा के रिश्तेदार आलोक सिंह का बहेड़ी में कृषि फार्म है। आलोक तोमर ने किसी वक्त बेडरूम में अपनी पत्नी के सिर में गोली मार दी। डिप्टी एसपी विजय राणा की पत्नी मधु राणा उनके घर गईं। दरवाजा अंदर से बंद था। आलोक की आशीष रायल पार्क में रहने वाली मां को दी। कुछ देर में पुलिस और परिवार के लोग पहुंचे। दोनों के शवों को बाहर निकाला गया।

**➲ सहायक प्रबंधक के खिलाफ गबन के आरोप में मुकदमा: वाराणसी @ पत्रिका.** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहायक प्रबंधक रोहित कुमार सिंह के खिलाफ अदालत के आदेश से लंका थाने में 8.26 लाख रुपए के गबन के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई लंका स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा के प्रमुख अलंकार कुमार वर्मा के प्रार्थना पत्र के आधार पर की गई है। रोहित कुमार सिंह का निवास स्थान चंदौली जिले के बबुरी थाना क्षेत्र के गौरी गांव में है। आरोपी सहायक शाखा प्रबंधक ने शाखा प्रबंधक की अनुमति के बगैर अलग-अलग खाताधारकों के साथ धोखाधड़ी करते हुए 8.26 लाख रुपए का गबन कर लिया। खाताधारकों की शिकायत के आधार पर जांच की गई।

मुख्यमंत्री ने 20 प्रतिशत बेटियों को भी नियुक्ति देने की घोषणा की

# पुलिस भर्ती में 60 हजार से अधिक नौजवानों को मिलेगा अवसर: योगी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अंबेडकर नगर.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि प्रदेश में होने वाली पुलिस भर्ती में 60 हजार से अधिक नौजवानों को अवसर मिलेगा जिसमें 20 प्रतिशत बेटियों को भी नियुक्ति दी जाएगी।

योगी ने कटेहरी स्थित देव इंद्रावती महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय वृहद रोजगार एवं ऋण मेले के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि प्रदेश में 23, 24, 25 व 30 तथा 31 अगस्त को पुलिस भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा जिसमें हर जिले के युवा को इस पूर्ण पारदर्शी नियुक्ति प्रक्रिया में भागलेने का अवसर मिलेगा।

## युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ की इजाजत नहीं

उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत बेटियों को भी नियुक्ति दी जाएगी जो प्रदेश की सड़कों पर उतरकर शोहदों का सही इलाज करेंगी। अपराधियों, माफिया और अराजक तत्वों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी को भी खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। कार्यक्रम में 2,500 युवाओं को प्रशस्तिपत्र, 5,100 छात्र-छात्राओं को टैबलेट व कुल 211 करोड़ रुपए के ऋण का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद, व्यवसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल व खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## खिलाड़ियों को दिया जा रहा सम्मान

योगी ने कहा कि हमारी सरकार में 2 करोड़ युवाओं के लिए टैब-स्मार्टफोन की व्यवस्था की है। इन युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए पीएम व सीएम एप्रेंटिसशिप की योजना भी है। यूपी अब ब्राइट स्पॉट के रूप में ग्रोथ इंजन बनकर देश को आगे बढ़ा रहा है। पिछली बार यहां आया था तो कटेहरी के लिए स्टेडियम स्वीकृत कर दिया था। अब जमीन स्वीकृत हो गई है। युवा खेलेगा तो जीतेगा और जीतेगा तो देश का सम्मान बढ़ाएगा। सरकार ने मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों का उचित सम्मान किया है। हॉकी खिलाड़ी ललित उपाध्याय और एथलीट पारुल चौधरी को डिप्टी एसपी बनाया है।

## धरातल पर उतर रहे निवेश के प्रस्ताव

**योगी** कहा कि फरवरी 2023 में आयोजित सबसे बड़े इन्वेस्टर समिट में 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जो कि प्रदेश के 1.35 करोड़ युवाओं को रोजगार के अवसर की गारंटी है। अंबेडकर नगर में भी इन्वेस्टर समिट के माध्यम से 6000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जो धरातल पर उतर रहे हैं। मौजूदा कार्यक्रम में 46 कंपनियां हिस्सा ले रही हैं जो कि जनपद के 21 हजार युवाओं को रोजगार देंगी।

## अंबेडकरनगर का हो रहा विकास

**योगी** ने कहा कि कभी अपराधिक व अराजक तत्वों समेत माफिया के लिए कुख्यात अंबेडकरनगर अपनी छवि बदल चुका है। यहां नए उद्योग आ रहे हैं। अंबेडकर नगर से पूर्वांचल व गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे भी यहां से होकर गुजर रहे हैं। यहां हम औद्योगिक गलियारा भी बना रहे हैं और दोनों एक्सप्रेसवेज के किनारे औद्योगिक टाउनशिप भी बनाएंगे।

# सारण में युवक की हत्या

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**छपरा.** बिहार में सारण जिले के दरियापुर थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या कर दी गई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के अमनौर थाना क्षेत्र के पुरवारी पट्टी गांव निवासी डब्लू सिंह (40) पिछले गुरुवार को अपनी पत्नी और पत्नी के भाई के साथ दरियापुर थाना क्षेत्र के मटिहान गांव स्थित अपने ससुराल गया था, जहां उसके ससुराल वालों का विवाद उनके पट्टीदार से हो गया। बीच-बचाव करने पहुंचे डब्लू सिंह पर ससुराल वालों के पट्टीदार ने हमला कर उसे घायल कर दिया। डब्लू सिंह को परिजन इलाज के लिये दिघवारा प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है। पुलिस मृतक के परिजनों से मिले आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर हत्या में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

# राजद नेता देवा गुप्ता के घर पुलिस ने की कुर्की

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मोतिहारी.** बिहार के पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी नगर निगम की अध्यक्ष के पति और राजद नेता देवा गुप्ता के घर एक हत्या के मामले में पुलिस ने कुर्की जब्ती की कार्रवाई की है। छितौनी थाना पुलिस ने बताया कि राजद नेता देव गुप्ता के घर की कुर्की न्यायालय के आदेश पर उसके हिस्से के घर में की गई है, जहां से घर का दरवाजा समेत अन्य कीमती सामान जब्त की गई है, जिसे न्यायालय में सबूत के तौर पर जमा कराया जाएगा।

पुलिस के अनुसार चकिया के बड़े ठेकेदार राजीव रंजन यादव की हत्या के मामले में देवा गुप्ता अपने अन्य साथियों के साथ नामजद अभियुक्त हैं तथा फरार है। इस कांड में न्यायालय के आदेश पर उनके विरुद्ध वारंट निर्गत था। इस दौरान वे फरार घोषित हो गए। इसके बाद उनके विरुद्ध इश्तेहार चश्पा किया गया। बावजूद इसके उसने समर्पण नहीं किया और पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई कर दी। गुप्ता बिहार विधानसभा में नेता विरोधी दल एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के करीबी बताए जाते हैं। शुक्रवार को पुलिस ने मेयर पति सह राजद नेता के घर इश्तहार चश्पा किया था। देवा गुप्ता की तस्वीरें अनेक बार राजद नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ वायरल होती रही है।

## मृतक की मां ने प्राथमिकी दर्ज कराई

**गौरतलब** है कि 20 अगस्त 2023 को चकिया पावर हाउस चौक के पास अपराधियों ने गोली मारकर ठेकेदार राजीव रंजन यादव की हत्या कर दी थी। घटना को लेकर मृतक की मां किशोरी देवी ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी में मेयर पति देवा गुप्ता, अरेराज खजुरिया के राहुल सिंह, कुड़िया के कुणाल सिंह, पुष्कर सिंह एवं कोटवा के रुपेश सिंह सहित अन्य को आरोपित किया था, जिसमें कुणाल और राहुल सिंह पहले से जेल में बंद था। देवा गुप्ता को छोडकर सभी नामजद अभियुक्तों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी हैं। कुर्की में चकिया थाना पुलिस के साथ छतौनी थाना पुलिस भी शामिल थी।

# लखनऊ एयरपोर्ट के कार्गो एरिया में फ्लोरीन गैस के रिसाव से हड़कंप

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार सुबह दवा की पैकेजिंग में फ्लोरीन गैस से रिसाव से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त हो गया।

एयरपोर्ट के सूत्रों के अनुसार शनिवार सुबह एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर कार्गो एरिया में फ्लोरीन गैस के लीकेज की जानकारी मिलने पर दमकल विभाग, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ को सूचित किया गया। तीनों टीमों की जांच में पता चला कि कुछ दवाओं की पैकेजिंग से फ्लोरीन लीक हो रहा थी। सुरक्षा बलों ने तुरंत स्थिति पर काबू पा लिया।

उन्होंने बताया कि फ्लोरीन गैस के रिसाव की सूचना मिलते ही कार्गो एरिया को खाली करा लिया गया। दरअसल, चेकिंग के दौरान एक बॉक्स से बीप सुनाई दी। बॉक्स खोलने पर उसमें कैंसर की दवा थी। इसमें से पदार्थ लीक हो गया, जो फ्लोरीन गैस बताया गया है।



## कैंसर के मरीजों को रेडियोथैरेपी देने में इस्तेमाल

सूत्रों के अनुसार फ्लोरीन का इस्तेमाल कैंसर के मरीजों को रेडियोथैरेपी देने में होता है। एयरपोर्ट में कार्गो के माध्यम से एक शहर से दूसरे शहर कैंसर की दवाई का आवागमन होता है। आज मात्रा ज्यादा होने की वजह से मशीन ने डिटेक्ट किया और अलार्म बजने लगा। फिलहाल एयरपोर्ट पर स्थिति पूरी तरीके से सामान्य है। उन्होंने बताया कि घटना में कोई भी कर्मचारी बेहोश नहीं हुआ है ना ही किसी की तबीयत खराब हुई है। एयरपोर्ट पर यात्रियों का आवागमन निर्बाध रूप से जारी है।

# प्रयागराज में गंगा-यमुना उफान पर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**प्रयागराज.** संगमनगरी प्रयागराज में गंगा और यमुना नदी में जलस्तर फिर से बढ़ने से तटवर्ती क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा सताने लगा है। पिछले 24 घंटे के दौरान गंगा और यमुना जलस्तर क्रमश: 29 और 21 सेंटीमीटर बढ़ गया है।

सिंचाई बाढ़ खंड के नियंत्रण कक्ष के अनुसार शुक्रवार शाम चार बजे गंगा का जलस्तर 78.94 मीटर दर्ज किया गया था जबकि शनिवार को 29 सेंटीमीटर बढ़कर 79.23 मीटर दर्ज किया गया है। नैनी में यमुना का जलस्तर इसी प्रकार शुक्रवार को 79.60 मीटर दर्ज किया गया था जो शनिवार चार बजे 21 सेंटीमीटर बढ़कर 79.61 सेंटीमीटर दर्ज किया गया है।

सूत्रों ने बताया कि पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों तक वर्षा के बाद और मध्य प्रदेश की नदियों में उफान और हरिद्वार से 97022 क्यूसेक, नरोरा से 1,15,180 क्यूसेक और कानपुर बैराज से 2,55,908 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जिससे दोनो नदियों में जलस्तर बढ़ रहा है। लोगों का मानना है कि गंगा जी बंधवा स्थित लेटे श्री बड़े हनुमान मंदिर के पार्क तक पहुंच गई हैं।

# मंत्री के बेटे ने ठेकेदार को दी जान से मारने की धमकी, प्राथमिकी दर्ज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मोतिहारी.** बिहार के गन्ना विकास मंत्री और हरसिद्धि से भाजपा विधायक कृष्णनंदन पासवान के बेटे पर एक ठेकेदार को जान से मारने की धमकी देने की प्राथमिकी नगर थाना मोतिहारी में दर्ज कराई गई है। पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर थाना पुलिस टीम ने अनुसंधान शुरू कर दिया है।

अगरवा स्थित आवास पर कुछ अज्ञात अपराधी आए और उसके तथा उसके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर चले गए। इसका सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध है। इसके बाद उसने पुलिस से अपने एवं अपने परिजनों की जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि मंत्री पुत्र कुन्दन ने पहले भी जान मारने की धमकी दी थी। पुलिस मामले को दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है।

## दोनों टेंडर शुभम बिल्डर के नाम से डाला गया था

**टेंडर विवाद** को लेकर कांग्रेस नेता एवं पैक्स अध्यक्ष सह ठेकेदार संजीव कुमार सिंह ने नगर थाना में आवेदन देकर मंत्री पुत्र कुन्दन कुमार, खजुरिया निवासी राहुल सिंह उर्फ राहुल मुखिया, अवनीश कुमार सिंह उर्फ सिगरेट सिंह और अगरवा वार्ड 37 निवासी विकास कुमार सिंह के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज मामले में वे पहाड़पुर सिसवा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष भी है और ठेकेदारी भी करते हैं। मोतिहारी में दो फरवरी और अरेराज डिवीजन में 11 अप्रेल 24 को टेंडर डाला था। दोनों टेंडर शुभम बिल्डर के नाम से डाला गया था।

# एसएसबी ने 4 नाबालिग लड़कियों को तस्कर से कराया मुक्त

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सुपौल.** बिहार के सुपौल जिले में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की मानव तस्कर रोधी इकाई ने 4 नाबालिग लड़कियों को तस्करों से मुक्त करा लिया। एसएसबी 45वीं बटालियन के कमांडेंट, गौरव सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी की सीमा चौकी रानीगंज क्षेत्र से मानव तस्करी के लिए कुछ नाबालिग लड़कियों को अन्य राज्य में ले जाया जाने वाला है। 45 वाहिनी के उप-कमांडेंट शैलेश सिंह के नेतृत्व में उक्त रास्ते पर नाकाबंदी की गई। नाका दल ने एक बस को रोककर तलाशी ली।

## लड़कियों को नौकरी का दिया था झांसा

**इस दौरान** 4 नाबालिग लड़की तथा 1 तस्कर पर शक हुआ। पूछताछ में पता चला कि चारों नाबालिग लड़कियों को अन्य राज्य में नौकरी का झांसा देकर ले जाया जा रहा था। तस्कर के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं था। सभी लड़कियां नेपाल की रहने वाली हैं। गिफ्तार तस्कर की पहचान सुपौल जिला निवासी प्रमोद ठाकुर के रूप में की गई। सिंह ने बताया कि नाबालिग लड़की एवं तस्कर को भीमनगर थाना को सुपुर्द कर दिया गया है।

# दरभंगा : नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी को 10 वर्ष की सजा

**दरभंगा @ पत्रिका.** बिहार के दरभंगा जिला में बच्चों का लैंगिक अपराध से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की विशेष अदालत ने नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार करने के जुर्म में दोषी युवक को शनिवार को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश प्रोतिमा परिहार की अदालत ने दुष्कर्म के मामले में सिमरी थाना क्षेत्र के बनौली गांव निवासी असगर अली को 10 वर्ष का सश्रम कारावास और 20 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। अदालत ने पीड़िता के पुनर्वास के लिए बिहार पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत छह लाख मुआवजा भुगतान का आदेश भी दिया है।

**वाहन ने महिला को मारी टक्कर, मौत**

**हाथरस @ पत्रिका.** सासनी के नानऊ रोड पर महिला में शनिवार सुबह एक वाहन ने टक्कर मार दी। अलीगढ़ के मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। हरीनगर निवासी 50 वर्षीय जय देवी पत्नी उमेश सुबह बाजार जा रही थीं। रास्ते में किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सरकार को नई सूची तैयार करने दिए हैं आदेश

# शिक्षक भर्ती मामले में दलितों से सहानुभूति लेने की होड़

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश में 69000 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में सरकार को नई सूची तैयार करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद विपक्षी दलों को न सिर्फ योगी सरकार पर हमला करने का मौका मिल गया है बल्कि दलित और पिछड़ा वर्ग से आत्मीयता जताने की होड़ मच गई है।

सूबे के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी इस मामले में न्यायालय के फैसले का स्वागत कर अपनी ही सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया है, वहीं भाजपा की सहयोगी अपना दल (एस) ने भी अदालत के आदेश का स्वागत करते हुए इसे सामाजिक न्याय की जीत करार दिया है।

उधर, सूत्रों का मानना है कि मुख्यमंत्री शिक्षक भर्ती मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के आदेश के परिपेक्ष्य में जल्द ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक कर सकते हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर पोस्ट कर न्यायालय के आदेश पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों की भर्ती में इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला सामाजिक न्याय की दिशा में स्वागत योग्य कदम है। यह उन पिछड़ा व दलित वर्ग के पात्रों की जीत है जिन्होंने अपने अधिकार के लिए लंबा संघर्ष किया। उनका मैं तहेदिल से स्वागत करता हूं।

**नियमों की अनदेखी:** केंद्रीय राज्य मंत्री एवं अपना दल (एस) अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कि शिक्षक भर्ती मामले में न्यायालय के फैसले का स्वागत है। खुद पिछड़ा वर्ग आयोग ने माना था कि इस भर्ती मामले में आरक्षण नियमों की अनदेखी हुई। अब जबकि उच्च न्यायालय ने आरक्षण नियमों का पूर्ण पालन करते हुए नई मेरिट लिस्ट बनाने का आदेश दिया है, तब उम्मीद करती हूं कि वंचित वर्ग के प्रति न्याय होगा।

## मायावती ने साधा निशाना

**बसपा अध्यक्ष मायावती** ने कहा कि यूपी में 2019 में चयनित 69,000 शिक्षक अभ्यर्थियों की चयन सूची को रद्द करके तीन महीने के अंदर नई सूची बनाने के हाईकोर्ट के फैसले से साबित है कि सरकार ने अपना काम निष्पक्षता व ईमानदारी से नहीं किया है। इस मामले में खासकर आरक्षण वर्ग के पीड़ितों को न्याय मिलना सुनिश्चित हो। उन्होने कहा कि वैसे भी सरकारी नौकरियों की भर्तियों में पेपर लीक आदि के मामले में यूपी सरकार का रिकार्ड भी पाक-साफ नहीं होने पर यह काफी चर्चाओं में रहा है। अब सहायक शिक्षकों की सही बहाली नहीं होने से शिक्षा व्यवस्था पर इसका बुरा असर पड़ना स्वाभाविक। सरकार इस ओर जरूर ध्यान दे।

## अभ्यर्थियों की संयुक्त शक्ति की जीत

**सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव** ने सत्तारुढ़ योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 69000 शिक्षक भर्ती भी आखिरकार भाजपाई घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार की शिकार साबित हुई। यही हमारी मांग है कि नए सिरे से न्यायपूर्ण नई सूची बने, जिससे पारदर्शी और निष्पक्ष नियुक्तियां संभव हो सकें और प्रदेश में भाजपा काल में बाधित हुई शिक्षा-व्यवस्था पुन: पटरी पर आ सके। हम नई सूची पर लगातार निगाह रखेंगे और किसी भी अभ्यर्थी के साथ कोई हक़मारी या नाइंसाफ़ी न हो, ये सुनिश्चित करवाने में कंधे-से-कंधा मिलाकर अभ्यर्थियों का साथ निभाएंगे। उन्होने कहा कि ये अभ्यर्थियों की संयुक्त शक्ति की जीत है।

फोटो स्टोरी

## डॉक्टरों ने किया विरोध प्रदर्शन




**रांची.** कोलकाता में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या की घटना के विरोध में शनिवार को रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल में डॉक्टरों ने प्रदर्शन किया।

**न्याय की मांग** कोलकाता रेप कांड के विरोध में डॉक्टरों की हड़ताल का व्यापक असर

# कोरबा में महिला मरीज की मौत, 300 से ज्यादा ऑपरेशन टले

### प्रदेश के सभी सरकारी-निजी अस्पतालों में ज्यादातर ओपीडी ठप रही

### सिर्फ इमरजेंसी में आने वाले मरीजों का हुआ इलाज

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** कोलकाता रेप कांड का विरोध जताने के लिए रायपुर समेत प्रदेशभर में शनिवार को डॉक्टरों की हड़ताल का व्यापक असर रहा। कोरबा मेडिकल कॉलेज में इलाज न मिलने के चलते महिला मरीज की मौत हो गई। रायपुर में आंबेडकर अस्पताल व निजी अस्पतालों में 300 से ज्यादा मरीजों के ऑपरेशन टल गए। जबकि प्रदेश को मिलाकर 1500 से ज्यादा मरीजों की सर्जरी नहीं हुई। केवल इमरजेंसी में आने वाले मरीजों का इलाज व ऑपरेशन किया गया। आंबेडकर अस्पताल के कई कंसल्टेंट डॉक्टर हड़ताल में शामिल रहे। जबकि कॉलेज प्रबंधन को इसकी कोई सूचना नहीं थी। हड़ताल को देखते हुए आंबेडकर समेत निजी अस्पतालों में कम मरीज पहुंचे। जूडो की हड़ताल के कारण नेहरू मेडिकल कॉलेज संबद्ध आंबेडकर अस्पताल में ओपीडी बुरी तरह प्रभावित रही। जबकि 14 अगस्त को उनकी हड़ताल से कंसल्टेंट डॉक्टर ओपीडी में मरीजों का इलाज कर रहे थे। शनिवार को ज्यादातर ओपीडी से जूडो तो गायब रहे, कंसल्टेंट डॉक्टर भी गिनती के दिखे। अस्पताल में 15 से ज्यादा सर्जरी टल गई।

## अस्पतालों में भटकते रहे मरीज



**राजनांदगांव.** मेडिकल कॉलेज के सामने डॉक्टरों ने कोलकाता रेप कांड के विरोध में धरना दिया।

**पत्रिका आंखों देखी**

**पत्रिका** रिपोर्टर सुबह 11 बजे आंबेडकर अस्पताल पहुंचा तो देखा कि ज्यादातर विभाग की ओपीडी में कंसल्टेंट डॉक्टर ही नहीं है। एसीआई में कार्डियोलॉजिस्ट व कार्डियक सर्जन थे, लेकिन इलाज कराने वाले कोई मरीज नहीं था। इधर ऑर्थोपीडिक, जनरल सर्जरी, पीडियाट्रिक विभाग में कोई कंसल्टेंट नहीं था। जबकि मेडिसिन विभाग में एक सीनियर डॉक्टर मरीजों का इलाज करते दिखे। महासमुंद से आए 15 वर्षीय सोहेल खान जांच के लिए भटकता रहा। वहीं रेडियोलॉजी में बिरगांव से आए मरीज को सोनोग्राफी जांच के लिए तारीख देने वाला कोई नहीं था। रेडियोलॉजी विभाग में न डॉक्टर दिखे और न कर्मचारी।

## मृत महिला के परिजनों का डॉक्टरों पर इमरजेंसी सेवाएं बाधित करने का आरोप

**कोरबा.** कोरबा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती एक महिला की मौत हो गई। नाराज परिवार ने अस्पताल में हंगामा किया। आरोप लगाया कि हड़ताल की बात कहकर डॉक्टर ने इलाज नहीं किया। इससे महिला की मौत हुई। कोरबा के सीतामणी कुम्हार मोहल्ला की रहने वाली आशा खुल्लर उम्र 52 वर्ष की तबीयत खराब होने पर शनिवार सुबह लगभग छह बजे मेडिकल कॉलेज अस्पताल कोरबा लाया गया। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया। अभी प्राथमिक जांच चल ही रही थी कि मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर हड़ताल पर चले गए। उन्होंने मरीज को देखना बंद कर दिया। इस



इलाज की गुहार लगाता युवक।

बीच आशा को इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने थॉयराड जांच के लिए लिखा। आशा का पुत्र जांच की पर्ची लेकर अस्पताल में डॉक्टरों के कक्ष में घूमता रहा। लेकिन कोई नहीं मिला। सुबह छह बजे से 12 बज गए। लेकिन उसकी मां का इलाज नहीं हुआ। नाराज पुत्र उस स्थान पर पहुंच गया। जहां पर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर हड़ताल पर बैठे थे और अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगा रहे थे। पुत्र ने मां की जांच बचाने के लिए डॉक्टर से कई बार निवेदन किया। लेकिन हड़ताल की बात कहकर डॉक्टरों ने आशा को देखने से मना कर दिया। इस पर पुत्र ने हंगामा किया। मामले की जानकारी मिलते ही अस्पताल के सुप्रीटेंडेंट घटनास्थल पर पहुंचे। इसके पहले की सुप्रीटेंडेंट विवाद को सुलझाते आशा देवी की सांसे उखड़ गई।

> डॉक्टरों की हड़ताल की वजह से अस्पताल में ओपीडी की सेवाएं बंद थी। महिला को आपातकाल में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया था। इस दौरान मौत हो गई। इलाज में लापरवाही नहीं हुई है।
>
> **-डॉ. गोपाल कंवर,** सुप्रीटेंडेंट, मेडिकल कॉलेज अस्पताल, कोरबा

**बलौदाबाजार हिंसा :** तोड़फोड़-आगजनी की साजिश का आरोप

# भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव गिरफ्तार, बलौदाबाजार पुलिस 9 घंटे तक डटी रही

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**भिलाई.** बलौदाबाजार में तोड़फोड़,आगजनी और हिंसा के मामले में साजिश रचने के आरोप में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को बलौदाबाजार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। करीब 8.30 बजे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह अपनी गाड़ी में कड़ी सुरक्षा के बीच विधायक देवेंद्र यादव को लेकर भाटापारा की ओर से बलौदाबाजार पहुंचे। उन्हें पीछे के रास्ते से लेकर सीधे कंट्रोल रूम गए। कार्यकर्ताओं की ओर देखते हुए देवेंद्र यादव ने हाथ हिलाकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। समाचार लिखे जाने तक सिटी कोतवाली के सामने इकट्ठा कांग्रेसियों द्वारा जमकर नारेबाजी तथा गिरफ्तारी का विरोध किया जा रहा है। वहीं, भिलाई में पुलिस ने उन्हें शनिवार शाम को सेक्टर-5 स्थित उनके निवास से गिरफ्तार किया। विधायक के समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद थे और वे गिरफ्तारी का विरोध कर रहे थे। विरोध को देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात की गई थी। सुबह 9 बजे बलौदाबाजार एएसपी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में गिरफ्तार करने चार गाड़ी में पुलिस टीम विधायक निवास पहुंची। पुलिस ने उन्हें बाहर आने के लिए संदेश भेजा। विधायक देवेन्द्र यादव को गिरफ्तारी की भनक लग गई थी। इसलिए वे बाहर नहीं निकले। सुबह 10 बजे उनके बड़े भाई धमेन्द्र यादव पहुंचे। एएसपी अभिषेक सिंह से गिरफ्तारी वारंट दिखाने और किस मामले में गिरफ्तार करने आए है, उनके बारे में पूछा। पुलिस ने विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तार की जानकारी दी। बलौदाबाजार पुलिस ने लोकल फोर्स की मांग कर ली थी। एएसपी सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा, देवव्रत सिरमौर, भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, छावनी सीएसपी हरीश पाटिल और एसडीओपी पाटन अशीष बंछोर, विभिन्न थाना के टीआई समेत करीब 100 की संख्या में जवानों ने सेक्टर-5 स्थित विधायक निवास को घेर लिया, लेकिन विधायक देवेन्द्र यादव घर से बाहर नहीं निकले।



समर्थकों का अभिवादन करते विधायक देवेंद्र यादव।

### समर्थकों ने पुलिस के साथ की धक्का-मुक्की

एएसपी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में टीम ने विधायक को अपनी गाड़ी में बैठा लिया। तब उनके समर्थकों ने चारों तरफ से घेर लिया। वे सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। इस बीच पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी की। गाड़ी के सामने वाले कांच को भी मुक्के से प्रहार कर तोड़ने का प्रयास किया। दुर्ग पुलिस की मध्यस्थता और मशक्कत के बीच उन्हें बलौदाबाजार रवाना किया गया।

### गिरफ्तारी से पहले पहुंचे बैज व वोरा

इस दौरान दोपहर में कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और दुर्ग के पूर्व विधायक अरुण वोरा पहुंचे। उन्होंने विधायक देवेन्द्र यादव से मुलाकत की। देवेन्द्र यादव के बड़े भाई धर्मेन्द्र यादव और पीपीसी अध्यक्ष बैज ने आपस में चर्चा की। इस बीच एएसपी सुखनंदन राठौर, बलौदाबाजार एएसपी अभिषेक सिंह को अंदर बुलाया गया। उनसे बातचीत हुई। पुलिस ने स्पष्ट कर दिया कि गिरफ्तार करके ही ले जाएंगे। तब शाम 5.30 बजे बंगले के भीतर से पुलिस उन्हें लेकर निकली। देवेन्द्र यादव अपने हाथ में किताब और झंडा लिए समर्थकों का अभिवादन करते हुए निकले।

> राजनीतिक साजिश के तहत विधायक देवेंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया है। सभा में उपस्थित भाजपा के जिला अध्यक्ष सनम जांगड़े, भाजपा जिला पंचायत सदस्य खुशबू बंजारे, सुरेंद्र आडिल समेत भाजपा के कई कार्यकर्ताओं को आज तक पूछताछ के लिए नोटिस जारी नहीं किया गया है।
>
> **-दीपक बैज,** प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस

**सर्व आदिवासी समाज का आरोप,** बांग्लादेश से अवैध तरीके से पहुंच रहे हैं बस्तर

# बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ बस्तर बंद, बाहर करने की मांग



बस्तर बंद के दौरान प्रदर्शन करते सर्व आदिवासी समाज के सदस्य।

**पत्रिका ब्यूरो @ जगदलपुर.** बस्तर पांचवीं अनुसूची प्रभावी क्षेत्र है और यहां पर बांग्लादेशी रोहिंग्या मुस्लिम समुदाय की घुसपैठ लगातार बढ़ रही है। इसके विरोध में शनिवार को छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज ने बस्तर बंद का आह्वान किया था। बंद का समूचे संभाग में मिला-जुला असर दिखा। बस्तर जिला तो स्वस्फूर्त बंद रहा लेकिन बाकी जिलों में इसका आंशिक असर दिखा। समाज के बस्तर जिला अध्यक्ष दशरथ कश्यप ने बताया कि इस वक्त पूरे संभाग में बड़ी संख्या में रोहिंग्या मुसलमान रह रहे हैं। यह सभी बांग्लादेश से अवैध तरीके से यहां पहुंचे हैं। इनके यहां पहुंचने का सिलसिला लंबे वक्त से जारी है। ये सभी लोग यहां फेरी वाले या अन्य छोटे-मोटे व्यवसाय करते हैं। बताया जा रहा है कि बस्तर संभाग के सभी थाना प्रभारियों को भी इसे लेकर दिशा-निर्देश दिए गए हैं। वे भी लगातार संदिग्ध स्थानों की जांच कर रहे हैं। अब तक बस्तर जिले से ही 180 से ज्यादा घुसपैठियों को उनके किराए के मकान से निकाला गया है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर सभी संदिग्धों के दस्तावेज की जांच की जा रही है। बांग्लादेश के मौजूदा हालात को देखते हुए बस्तर में विरोध तेजी से बढ़ रहा है।

### फर्जी आधार कार्ड से मकान लेते हैं किराए पर

हिन्दू संगठनों की ओर से बताया जा रहा है कि संभाग में किराएदार के रूप में रह रहे घुसपैठिए फर्जी दस्तावेज से यहां पर रह रहे हैं। आधार कार्ड में जन्म तिथि से लेकर पता भी फर्जी होने की आशंका है। इनके आधार कार्ड में अंकित जन्म तिथि एक जनवरी से शुरू हो रहे हैं और पता भी अधिकांश बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश के हैं जिनमें पता सही अथवा गलत है। इसकी जांच आवश्यक है।

**फैसला :** 12 सौ से ज्यादा जवानों के बनेंगे पांच फीट के स्मारक

# शहीदों के गांवों में बनेंगे स्मारक, सरकारी नौकरी और स्कूलों में प्रवेश के लिए आरक्षित होगी सीट

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** प्रदेश के शहीद जवानों के स्मारक उनके गांव में बनाए जाएंगे। एक साल में 1200 से अधिक जवानों के पांच फीट के स्मारक बनाए जाएंगे। जिसमें शहीदों के बारे में विस्तार से जानकारी रहेगी। यह बात उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। साथ ही उन्होंने बताया कि शहीद जवानों के परिवारों से सरकारी नौकरी और स्कूलों में बच्चों के प्रवेश में आरक्षण की बात हुई है। इस विषय पर राज्य सरकार से चर्चा की जाएगी। इसके अलावा हर महीने के दूसरे बुधवार को आईजी ऑफिस में जाकर शहीदों के परिजन अपनी बात रख सकते हैं। बता दें कि पत्रिका ने शनिवार के अंक में ''शहादत को दो गज जमीन नसीब नहीं'' प्रमुखता से छापी थी। पत्रकारों से बात करते हुए उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा,धुर नक्सल क्षेत्रों में बस सेवाएं फिर से शुरू होंगी। पालनार और पूवर्ती जैसे गांव में नक्सलवाद का कोई नामोनिशान नहीं है। सभी विकास के मार्ग पर सरपट दौड़ना चाहते हैं, शीघ्र ही बस्तर शांत होगा।

**खबर का असर**



शहादत को दो गज जमीन नसीब नहीं

पत्रिका
17 अगस्त 2024 को प्रकाशित

### गौरेला-पेंड्रा के बाद दो और नगर पंचायत बनेंगी नगर पालिका परिषद

**रायपुर @ पत्रिका.** गौरेला-पेंड्रा के बाद दो और नगर पंचायत को नगर पालिका परिषद बनाने की तैयारी शुरू हो गई। मंत्रालय के अधिकारी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा के बाद फाइल मूवमेंट करना शुरू कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार सीएम ने अपने दौरे के समय नगर पंचायत पत्थलगांव और गदरी नगर पंचायत को नगर पालिका परिषद बनाने की घोषणा की थी। सीएम की घोषणा के बाद नगरीय प्रशासन विभाग और सीएम सचिवालय में इस संबंध में नोटशीट चलाई जा रही है।

### पूर्व मंत्री का बयान कांग्रेस और भूपेश के कामकाज को 'आईना' दिखाने वाला: भाजपा

**रायपुर @ पत्रिका.** भाजपा ने फिर से कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सियासी हमला बोला है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कांग्रेस के पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल के उस बयान को कांग्रेस में मचे घमासान का एक और प्रमाण बताया है, जिसमें शुक्ल ने कहा है कि कांग्रेस में आपराधिक तत्व सक्रिय हैं और इन्हें बड़े नेताओं की शह प्राप्त है, जिसके कारण चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। केदार गुप्ता ने कहा, शुक्ल का यह बयान बताता है कि कांग्रेस में अब अपराधियों की घुसपैठ हो गई है और अपराधी अब न केवल कांग्रेस के झंडाबरदार हो गए हैं, अपितु कांग्रेस में उनकी धाक इतनी बढ़ गई है कि वे प्रदेश कांग्रेस के फैसलों में सीधी दखल रखने लगे हैं।

## दो नई रेललाइन के फाइनल सर्वे को मंजूरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रायपुर.** रेल मंत्रालय से छत्तीसगढ़ राज्य के लिए दो अहम नई रेल लाइन के फाइनल सर्वे को मंजूरी दी है। इसके साथ ही कोरबा-अंबिकापुर नई रेल लाइन का रास्ता साफ हो गया है। इसी तरह गढ़चिरौली-बचेली (व्हाया-बीजापुर) नई रेल लाइन महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ के साथ आंध्र प्रदेश, तेलंगाना व ओडिशा राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए बेहतर रेल कनेक्टिविटी साबित होगी।

रेल अफसरों के अनुसार, कोरबा से अम्बिकापुर 180 किमी.और गढ़चिरोली से बचेली (व्हाया-बीजापुर) 490 किमी नई रेल लाइन का निर्माण होना है। इसके लिए फाइनल सर्वे व डीपीआर तैयार करने के लिए रेल मंत्रालय ने16.75 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है।

कोरबा से अम्बिकापुर के बीच नई रेल लाइन बनने से छत्तीसगढ़ के उत्तरी क्षेत्र के दो प्रमुख शहरों ऊर्जा नगरी कोरबा एवं सरगुजा मुख्यालय रेल सेवा से जुड़ जाएगा। जिसे राज य के विकास के लिए अहम माना जा रहा है।



### दोनों परियोजना पर जल्द काम शुरू होगा

**रेल मंत्रालय** ने स्पष्ट किया है कि इन दोनों रेल परियोजनाओं के फाइनल सर्वे का मतलब है कि अब काम जल्द ही शुरू होगा, जिसके आधार पर आगे की योजनाएं बनाई जाएंगी। खासतौर आदिवासी अंचलों में रेल पटरी बिछने से सुदूर अंचल भी प्रदेश के प्रमुख शहरों से जुड़ेगा।

**हाईकोर्ट की गंभीर टिप्पणी :** मासूम से यौन उत्पीड़न के दोषी की 20 साल की सजा कायम

# 'असहाय महिला की आत्मा को भी अपमानित करता है बलात्कार'

**बिलासपुर @ पत्रिका.** हाईकोर्ट ने पांच वर्षीय बच्ची के यौन उत्पीड़न के दोषी पाए गए व्यक्ति की दोषसिद्धि और 20 साल की सजा को बरकरार रखा है। फैसला सुनाते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने पीड़िता के मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर बलात्कार के गंभीर प्रभाव पर प्रकाश डाला और कहा कि ''बलात्कार केवल शारीरिक हमला नहीं है; यह अक्सर पीड़िता के पूरे व्यक्तित्व को नष्ट कर देता है। एक हत्यारा अपने शिकार के भौतिक शरीर को नष्ट करता है, पर एक बलात्कारी असहाय महिला की आत्मा को अपमानित करता है।'' चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल ने अपने फैसले में अपराध की गंभीरता और पीड़िता को हुए मानसिक नुकसान पर जोर दिया। न्यायालय ने दोहराया कि यौन उत्पीड़न की पीड़िता, विशेष रूप से नाबालिग की गवाही को, पुष्टि के अभाव में भी, महत्वपूर्ण महत्व दिया जाना चाहिए।

**मेडिकल साक्ष्य और पीड़िता के बयान के आधार पर सजा :** मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376एबी और 376(2)(एन) के तहत मुकदमा चलाया गया, जो क्रमशः 12 साल से कम उम्र की नाबालिग के साथ बलात्कार और बलात्कार के बार-बार होने वाले कृत्यों से संबंधित हैं। बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि परिवारों के बीच पहले से मौजूद विवाद के कारण आरोप गढ़े गए थे। हालांकि, अदालत ने इन दलीलों को खारिज कर दिया।

**यह है मामला**

घटना 22 नवंबर, 2018 की है। नाबालिग पीड़िता रायपुर में एक स्थानीय दुकान पर चॉकलेट खरीदने गई थी। दुकान के मालिक ने उसे मिठाई देने के बहाने अपने घर में बुलाया और फिर उसका यौन उत्पीड़न किया। पीड़िता की माँ ने देखा कि बच्ची बहुत देर बाद घर लौटी और बहुत परेशान थी। पूछताछ करने पर बच्ची ने घटना की जानकारी दी। मां ने तुरंत टिकरापारा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। उसकी लिखित शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई, और अगले दिन दुकान के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में चिकित्सा परीक्षा, फोरेंसिक विश्लेषण और सीआरपीसी की धारा 164 के तहत दर्ज बयान शामिल थे।

**हाईकोर्ट :** सीआईएसएफ के डीजी सहित 4 को नोटिस

# जवान को नौकरी से बर्खास्त किया, फिर अनिवार्य सेवानिवृत्ति

**पत्रिका ब्यूरो @ बिलासपुर.** सीआईएसएफ अधिकारियों की कार्रवाई को गलत बताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद सिंगल बेंच ने सीआईएसएफ के महानिदेशक सहित महानिरीक्षक सीआईएसएफ मुख्यालय भिलाई, उपमहानिरीक्षक एसाईसीएल इकाई बिलासपुर, कमांडेंट एवं सहायक कमांडेंट सीआईएसएफ इकाई एसईसीएल बिलासपुर को नोटिस कर 10 सप्ताह में जवाब देने के निर्देश दिए हैं। कोरबा जिले के सुभाष नगर निवासी छटू राम ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इसमें बताया कि वह सीआईएसएफ एसईसीएल बिलासपुर यूनिट में कांस्टेबल जीडी के पद पर कार्यरत था। याचिकाकर्ता को 17 मार्च 2023 को सीआईएसएफ एसईसीएल यूनिट के कमांडेंट ने अनुशासनहीनता का प्रकरण विचारण में होना बता कर निलंबित कर दिया। निलंबित करने के तत्काल बाद सीआईएसएफ यूनिट एसईसीएल बिलासपुर के कमांडेंट द्वारा 3 जुलाई 2023 को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता को सेवा से बर्खास्त करने का भी आदेश जारी कर दिया गया।

**दुर्भावना पूर्वक कार्रवाई का आरोप :** बाद में आनन-फानन में जांच करवा कर याचिकाकर्ता के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी प्रारंभ करवा दी। जिस तारीख को याचिकाकर्ता को निलंबित किया गया, उस तिथि को याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई अनुशासनहीनता की कार्यवाही प्रारंभ ही नहीं की गई थी।

**| यात्रीगण ध्यान दें :** ट्रेन में मौजूद स्टाफ, मुख्यालय के डॉक्टरों से फोन से कंसल्ट कर यात्रियों को देंगे दवा |

# अब टीटीई करेंगे यात्रियों का इलाज, उपचार-सीपीआर की मिल रही ट्रेनिंग

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**बिलासपुर.** ट्रेन में अचानक तबीयत बिगड़ जाए, तो घबराने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि अब टीटीई टिकट जांच करने के साथ यात्रियों का उपचार भी करेंगे। बिलासपुर जोन के सभी टीटीई को प्राथमिक उपचार किट के साथ जरूरी दवाएं उपब्लध कराई गई हैं। इसके साथ ही अब इन्हें उपचार करने के साथ ही एमरजेंसी में सीपीआर देने के तरीके भी सिखाए जा रहे हैं।

रेलवे के अफसरों ने बताया कि रेल यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ाने के उद्देश्य से वाणिज्य विभाग की स्पेशल टीम द्वारा फ्रंट लाइन कर्मचारियों तथा यात्रियों को ट्रेनों तथा स्टेशनों में जीवनरक्षक तकनीक कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है । इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में यात्रियों को त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सहायता प्रदान करना है। स्पेशल सेल टीम के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने बिलासपुर स्टेशन में टिकट चेकिंग कर्मचारियों को सीपीआर की विभिन्न तकनीकों और प्रक्रियाओं को विस्तार से समझाया। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को हृदय की धड़कन और श्वसन प्रणाली को फिर से सक्रिय करने की विधियां बताई गईं। अभ्यास के माध्यम से कर्मचारियों ने इन तकनीकों को सीखा और प्रशिक्षकों से सवाल-जवाब कर अपनी शंकाओं का समाधान किया।



टीटीई को सीपीआरव इलाज करने की तकनीक की जानकारी देते प्रशिक्षक।

### ड्यूटी के दौरान मेडिकल किट में रखेंगे दवाएं

अब तक यात्रियों के लिए प्राथमिक उपचार की व्यवस्था यात्री ट्रेनों के ट्रेन मैनेजर, गार्ड एवं स्टेशन अधीक्षक के पास ही उपलब्ध होती थी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंडल के सभी टिकट जांच स्टॉफ को प्राथमिक उपचार से संबंधित किट मिली है। इसमें दर्जनों दवाइयां मिली हैं। इसे ड्यूटी के दौरान टीटीई अपने साथ रखेगें। इसमें बुखार, उल्टी, दस्त, हल्की चोट, आई ड्राप बेंडेज इत्यादि दवाइयां रहेंगी।

### जीवनरक्षक तकनीक की टीटीई को मिल रही जानकारी

रेलवे के अफसरों ने बताया कि टिकट चेकिंग कर्मचारियों की भूमिका केवल टिकट जांच तक सीमित नहीं है, बल्कि वे यात्री सुरक्षा और स्वास्थ्य का भी ध्यान रखते हैं। इस तरह के प्रशिक्षण से वे किसी भी आपातस्थिति में त्वरित और प्रभावी कदम उठा सकते हैं, जिससे यात्रियों की जान बचाई जा सके। यह प्रशिक्षण अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक कर्मचारियों को इस जीवनरक्षक तकनीक की जानकारी दी जा सके।

### विशेष स्थितियों में ट्रेनिंग आएगी काम

> ट्रेन में टिकट चेकिंग के साथ ही अब टीटीई एमरजेंसी में यात्रियों का उपचार भी कर सकते है। उन्हें मेडिकल किट भी दिया जा रहा है। इसके साथ ही सीपीआर देने की ट्रेनिंग दे रहे है। ये जीवनरक्षक तकनीक हैं, जिसका उपयोग हृदय और श्वास के रुक जाने की स्थिति में किया जाता है।
>
> **- अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम रेलवे, बिलासपुर

### न्यूज 2 मिनट में

#### दो वाहन भिड़े, एक बाइक सवार की मौत

**जबलपुर.** अधारताल के मालगुजार परिसर के पास शुक्रवार को दो बाइक में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में एक बाइक चालक की मौत हो गई। दूसरा बाइक सवार भी गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने बताया, मोहम्मद समीर खान (25) बाइक से जा रहा था, तभी सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक टकरा गई। समीर को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

#### एमबीबीएस छात्रा चौथी मंजिल से गिरी, मौत

**ग्वालियर.** मेडिकल छात्रा संदिग्ध हालत में घर की चौथी मंजिल से गिर गई। परिजन उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कोठारी हाउस (महाराजपुरा) में राजीव दुबे की बेटी दीक्षा (22 ) गुरुवार रात को इमारत की चौथी मंजिल से नीचे गिर गई। दीक्षा चीन से मेडिकल की पढाई कर रही थी। 5-6 दिन पहले ही घर लौटी थी। यह हादसा है या साजिश पुलिस पता लगाने में जुटी हैं।

#### बाल विवाह पर हाई कोर्ट ने दिया नोटिस

**इंदौर.** एक महत्वपूर्ण जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट इंदौर बेंच ने कानून और न्याय मंत्रालय, महिला और बाल विकास मंत्रालय, मध्य प्रदेश राज्य प्रशासन, महिला और बाल विकास विभाग, गृह विभाग और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को नोटिस जारी किया है। याचिका में मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) अनुप्रयोग अधिनियम 1937 व बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के बीच संघर्ष को उठाया गया है।

#### जयपुर से शिवपुरी जा रही बस पेड़ से टकराई

**श्योपुर.** जयपुर से शिवपुरी जा रही एक निजी कंपनी की स्लीपर कोच बस कराहल के पास अनियंत्रित होकर हाईवे से उतर गई ओर पुलिया के पास खड़े एक पेड़ से टकरा गई। घटना में बस में सवार आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। जिन्हें कराहल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद कराहल थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। श्योपुर-शिवपुरी हाईवे पर कराहल के पास खोरी के दगरे पर बनी पुलिया के समीप एक निजी कंपनी की यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर कर पेड़ से टकरा गई ।

### सावधान रहें... इनके झांसे में न आएं, खाता हो जाएगा खाली

# नकली थाना, नकली अफसर

## डिजिटल अरेस्ट कर लोगों से करोड़ों की ठगी

पत्रिका अलर्ट

**भोपाल.** पूरे प्रदेश में तेजी से साइबर ठगी के मामले बढ़ रहे हैं। अकेले भोपाल में ही जनवरी से लेकर अब तक 5 करोड़ रुपए से ज्यादा की साइबर ठगी हो चुकी है। ऑनलाइन ठग नकली थाना, नकली प्रवर्तन अधिकारी या सीबीआइ अफसर बनकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। इस साल जनवरी से 12 जुलाई तक मप्र स्टेट साइबर सेल ने भोपाल में डिजिटल अरेस्ट के करीब आधा दर्जन मामले दर्ज किए हैं, जबकि प्रदेश में इसका आंकड़ा इससे ज्यादा है।

#### क्या है डिजिटल हाउस अरेस्ट

डिजिटल हाउस अरेस्ट में साइबर अपराधी लोगों को कानून का डर दिखाकर घर में कैद कर देते हैं। अपराधी ऑडियो या वीडियो कॉल करके डर पैदा करते हैं, अक्सर खुद को एआइ-जनरेटेड आवाज या वीडियो तकनीक का उपयोग करके अधिकारियों के रूप में अपनी पहचान बताते हैं।



#### डरा-धमकाकर ऐंठ लेते हैं रुपए

**केस-1**

भोपाल के एक रिटायर्ड लेक्चरर को 24 जून को कस्टम और सीबीआइ अधिकारी बनकर जालसाजों ने वीडियो कॉल किए। अवैध सामान और बेनामी संपत्ति का झांसा देकर उन्हें सात दिन तक घर में कैद रखा। इस बीच 1.30 करोड़ रुपए ऐंठ लिए। पीड़ित ने बाद में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

**केस-2**

ग्वालियर में एक स्कूल के प्राध्यापक की पत्नी डॉ. सुजाता बापट को गिरफ्तारी का डर दिखाकर ठगों ने 38 लाख ठग लिए। बापट को कॉल पर पार्सल बुकिंग की बात कही और बैंक अकाउंट की जानकारी ले ली। ठगों के डराने कारण उन्होंने बैंक डिटेल दे दी। क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

#### पुलिस की सलाह

- जांच एजेंसियों के नाम से आने वाले फोन पर बात न करें
- जमानत के नाम पर डरकर अपना ओटीपी न दें
- किसी भी खाते में रुपए जमा न कराएं
- जालसाजों के कहने पर कोई भी ऐप डाउनलोड न करें
- इस तरह का कोई फोन आए तो पुलिस से संपर्क करें
- 1930 नंबर पर भी सूचना दे सकते हैं

एक्सपर्ट व्यू **गौरव गांधी,** रिटायर्ड बैंकर

#### ऑनलाइन भुगतान प्रक्रिया में हो बदलाव

**डिजिटल अरेस्ट** जैसे साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जरूरी है कि एक निश्चित रकम के भुगतान के बाद बायोमेट्रिक सत्यापन जरूरी हो। अभी अधिकांश बैंक सिर्फ ओटीपी के आधार पर भुगतान की सुविधा प्रदान कर रहे हैं।

भुगतान से पहले ग्राहक के बैंक खाते में दर्ज मोबाइल नंबर पर ओटीपी जाता है, जिसे डालकर ग्राहक भुगतान कर देते हैं। कुछ बैंक पंजीकृत मेल आईडी पर भेजे गए ओटीपी को भी मांगते हैं। इस प्रक्रिया में सुधार की जरूरत है। इसके साथ ही बैंक वैकल्पिक सत्यापन के लिए कार्ड हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर टोकन का इस्तेमाल करें। साथ ही अंतिम रूप से भुगतान करने के लिए फिंगर प्रिंट या बायोमेट्रिक्स जैसा विकल्प दिया जा सकता है। क्रेडिट कार्ड का भुगतान एक लाख और अन्य तरह के 15 हजार से ऊपर के भुगतान में ई-मैनडेट (सहमति) जरूरी हो। तो इस तरह के फ्रॉड से बचा जा सकता है।

#### इस तरह के झांसों से रहें सावधान

नौकरी दिलाने, शादी कराने, निवेश और सत्यापन कराने से लेकर पार्सल आने, लॉटरी निकलने जैसे कई तरह के हथकंडों को अपनाकर साइबर ठग गाढ़ी कमाई उड़ा रहे हैं। ज्यादातर ठगी ओटीपी पूछकर की जा रही है। इसलिए इसके प्रयोग पर सावधानी बरतने की जरूरत है।

#### तुरंत संपर्क करें...

साइबर अपराधी कई प्रकार से लोगों को अपना शिकार बनाने प्रयासरत रहते हैं। इन दिनों डिजिटल अरेस्ट के नाम पर घटनाएं घटित हो रही हैं। कोई भी लॉ एनफोर्समेंट एजेंसी इस प्रकार की कार्रवाई नहीं करती है। यदि किसी को इस प्रकार का कोई भी फोन कॉल आता है तो वह तत्काल समीप के थाना अथवा साइबर सेल से संपर्क करें।

**शैलेंद्र सिंह चौहान,** एडिशनल डीसीपी, क्राइम ब्रांच

### 11 चोरियों के बाद 12वें में पकड़ा गए

## पूर्व मंत्री के बंगले का ताला तोड़ा, दो बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल@पत्रिका.** शहर में 11 चोरियां करने के बाद चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए कि उन्होंने चार इमली स्थित विधायक और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह के बंगले का ताला तोड़कर 15 हजार रुपए नकद चुरा लिए। हबीबगंज पुलिस ने बदमाशों के मोबाइल नंबरों की लोकेशन के आधार पर संदेही अंकित गुजरे को पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर 12 से ज्यादा चोरियों सहित अन्य घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। गिरोह का सरगना बागसेवनिया थाना क्षेत्र का निगरानीशुदा बदमाश है। हबीबगंज थाना प्रभारी अजय कुमार सोनी ने बताया कि 12 अगस्त को अमृत कुमार बेगवानी, अरेरा कॉलोनी ने शिकायत दर्ज कराई थी, 10 अगस्त को शाम करीब 7 से 11 अगस्त की रात 8 बजे के बीच चोरों ने ताला तोड़कर घर में रखे लैपटॉप सहित गहने और नकदी चोरी कर लिए। इसी बीच 13 अगस्त को भी चोरी की वारदात हुई।

**संदेही ने किया खुलासा :** पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और एक संदेही अंकित गुजरे को पकड़ लिया। उसने दो साथियों दीपक मंडल और विजय डिंडोरिया के साथ विभिन्न थाना क्षेत्रों में 12 से ज्यादा वारदात करना कबूला। पुलिस ने आरोपियों से अरेरा कॉलोनी से चोरी लैपटॉप एवं गहने सहित चार इमली में चोरी गए नकदी 10 हजार रुपए बरामद किए हैं।

### एकलपीठ बोली - सक्षम प्राधिकारी की अनुमति नहीं थी, बहाली अवैध

## बिना अनुमोदन चल रहे स्कूलों में 'गुरुजी' शिक्षकों की बहाली से हाईकोर्ट का इनकार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जबलपुर.** सक्षम अधिकारी के बिना अनुमोदन के संचालित स्कूलों में कार्यरत रहे गुरुजी शिक्षकों को हाईकोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने पाया कि जिन गुरुजी व शिक्षकों को हटाया गया, उनकी नियुक्ति अवैध थीं। समक्ष प्राधिकारी की अनुमति नहीं थी, इसलिए उनकी बहाली का आदेश नहीं दिया जा सकता। हालांकि उनके द्वारा दी गई सेवा के अवधि का उन्हें मानदेय भुगतान का आदेश दिया गया है।

मामला सिंगरौली जिले के शिक्षा गारंटी के तहत खोले गए केंद्र व स्कूल से जुड़ा हुआ है। इनका संचालन बिना सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के किया जा रहा था और गुरुजी शिक्षक नियुक्त कर लिए गए थे। कलेक्टर ने इन्हें अवैध ठहराते हुए ऐसे स्कूलों को बंद करने के आदेश दिए थे। इससे जिन गुरुजी शिक्षकों की नौकरी चली गई उनकी ओर से याचिका दाखिल कर कलेक्टर के आदेश को चुनौती दी गई थी। पीठ ने कलेक्टर के आदेश को बरकरार रखते हुए सेवा अवधि का मानदेय भुगतान करने का आदेश दिया है। जैसा कि कलेक्टर ने भी अपने आदेश में लिखा था कि जितनी अवधि में सेवा की थी, उसके मानदेय के वे हकदार हैं।

#### गांवों में प्रारंभिक शिक्षा देने की थी बहाली

पंचायत विभाग की योजना के तहत, गुरुजी नामित शिक्षक हैं, जिन्हें विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में बच्चों को प्रारंभिक स्कूल की सुविधा प्रदान करने के लिए नियुक्त किया जाता है। योजना के अनुसार, 40 बच्चों पर एक तथा आदिवासी क्षेत्रों में 25 बच्चों पर एक शिक्षक उपलब्ध कराया जाएगा। यदि बच्चों की संख्या 50 से अधिक है तो एक अन्य गुरुजी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि शिक्षक-छात्र अनुपात कम रहे। शिक्षा गारंटी योजना (ईजीएस) शिक्षक को 'गुरुजी' के रूप में नामित किया जाएगा और वह स्थानीय व्यक्ति होगा।

## मध्यप्रदेश में आ रही मूंग क्रांति, उपज पर रहती उपग्रह की नजर

### विशेषज्ञों ने किया विश्लेषण, पांच सालों से बढ़ रही ग्रीष्मकालीन पैदावार

डॉ मीना कुमारी
patrika.com



इस तरह बढ़ी पैदावार

**नई दिल्ली.** मध्यप्रदेश के कई जिलों में ग्रीष्मकालीन मौसम में फसलों की साल दर साल बढ़ोतरी हो रही है। उपग्रह से प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के हरदा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम और नरसिंहपुर जिले में ग्रीष्मकालीन मौसम में हरियाली बढ़ती हुई दिखी। इसका विश्लेषण करने के बाद यह बात सामने आई कि यहां ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल के उत्पादन में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। गत अप्रैल माह में मध्यप्रदेश की उपग्रह ने इमेज ली।

इसके बाद विशेषज्ञों ने हरियाली देखकर पता लगाया तो यह ग्रीष्मकालीन दलहन फसलों की हरियाली मिली। इसके बाद पिछले सालों के उत्पादन से इसकी तुलना की गई। इससे स्पष्ट हुआ है कि मध्यप्रदेश में पिछले पांच साल में तेजी से मूंग का उत्पादन बढ़ा है। इस समय देश में सबसे अधिक मूंग फसल लेने वाला मध्यप्रदेश का नर्मदापुरम जिला है।

#### इस तरह बढ़ा मूंग उत्पादन

विशेषज्ञों के अनुसार क्षेत्र विशेष में सिंचाई की उपलब्धता बढ़ने और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपज की खरीद होने से इसके प्रति किसानों की रुचि बढ़ी है। तवा सिंचाई परियोजना से विशेषकर ग्रीष्मकालीन मूंग उत्पादन में क्रांति आई हैं। तवा बांध से भूजल भी रिचार्ज हुआ है। इसके साथ ही प्रेसराइज्ड स्प्रिंकलर और ड्रिप सिंचाई जैसे विकल्पों से भी सिंचाई की क्षमता बढ़ी है। सूक्ष्म सिंचाई के विकल्प जैसे ड्रिप और स्प्रिंकलर प्रणाली के उपकरणों को किसानों को सस्ती दरों पर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सब्सिडी का प्रावधान है।

वर्ष 201-12 में 96 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती होती थी, जो वर्ष 2018-19 में बढ़कर 1.96 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गई। इसके बाद मूंग के उत्पादन में 5 वर्षों में काफी वृद्धि हुई। वर्ष 2019-20 में एक हैक्टेयर में 741 किलो उपज हुई। इसके बाद हर साल बढ़ती गई। वर्ष 2023-24 में औसत 1196 किलो प्रति हैक्टेयर मूंग की पैदावर हुई।

#### दलहन उत्पादकों को हो सकता है लाभ

केन्द्रीय कृषि मंत्रालय किसानों से दलहन की पूरी फसल की खरीद करने की तैयारी कर रहा है। हाल ही में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसका आश्वासन दिया है। उनका कहना है किसान जितना तुअर, उड़द और मसूर उगाएंगे, वो सब सरकार खरीदेगी। मध्यप्रदेश के किसानों को इसका बड़ा लाभ मिल सकता है। चालू वित्तीय वर्ष में दलहन की पूरी फसल समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदी गई। दस साल पहले गर्मी के समय करीब तीन माह तक खेत ख़ाली रहते थे । आज कम लागत में अच्छी उपज प्राप्त हो रही है । हमारी आर्थिक स्थिति सुधरी है। सब्सिडी देकर जो शुरुआत हुई उससे किसान लोग प्रोत्साहित हुए ।

**ललित पटेल**, किसान

उपग्रह डाटा से प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के कुछ जिलों जैसे हरदा, रायसेन, सीहोर, होशंगाबाद, नरसिंहपुर में यह देखा गया है कि ग्रीष्मकालीन मौसम में फसल के क्षेत्र में सालदर साल निरंतर वृद्धि हुई है।

**-डॉ सुनील दुबे,** डिप्टी डायरेक्टर, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

| वर्ष | उत्पादन (लाख टन) | एरिया (लाख हैक्टेयर) |
|---|---|---|
| 2019-20 | 2.48 | 3.34 |
| 2020-21 | 6.42 | 5.44 |
| 2021-22 | 11.35 | 9.38 |
| 2022-23 | 14.21 | 12.52 |
| 2023-24 | 13.38 | 11.19 |

### 1.74 लाख की नकदी, व 16 लाख का सामान जब्त

## एडीएम का रीडर और पंचायत सचिव जुआ खेलते गिरफ्तार

**टीकमगढ़@पत्रिका.** एसपी की स्पेशल स्क्वॉड और दिगौड़ा थाना पुलिस ने बड़े जुआ फड़ का पर्दाफाश किया है। इसमें एडीएम के रीडर के साथ ही एक सचिव को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक अन्य सचिव फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने मौके से 1,74680 रुपए नकद, 2 बाइक, 1 कार, 1 एसयूवी, 5 मोबाइल एवं ताश की तीन गड्डियां जब्त कीं।

शुक्रवार की रात को पुलिस को सूचना मिली, दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कुर्राई में पंचायत सचिव पुष्पेंद्र सिंह घोष के खेत पर निर्माणाधीन मकान में जुआ खेला जा रहा है। एसपी रोहित काशवानी की टीम ने छापा मारकर पांच जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया, हालांकि तीन फरार हो



गए। पुलिस ने उनकी भी शिनाख्त कर ली है और गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। शनिवार को मामले का खुलासा करते हुए जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया, एडीएम के रीडर जीनेंद्र कुमार जैन (56) और पंचायत सचिव माधव सिंह (42) के अलावा सोहन राय (29), मनीष जैन (40) और आजाद खान (35) को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं आरोपी फिरोज खान, इमरान खान एवं सचिव पुष्पेन्द्र सिंह फरार हो गए।

### रामलीला में सीता, तो कभी कृष्ण लीला में राधा के किरदार निभाए, फिल्म में भी किया है लीड रोल

## फेमिना मिस इंडिया-2024 कॉन्टेस्ट में उज्जैन की निकिता




पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**उज्जैन.** निकिता ने बहुत ही छोटी उम्र में रामलीला में सीता और राधा जैसे अहम किरदार बखूबी निभाए हैं। साथ ही एक फिल्म में भी लीड रोल किया है। अब उनके हौसलों की उड़ान उन्हें मिस इंडिया के मंच तक ले गई है। शहर की बेटी निकिता पोरवाल को मुंबई में हो रही फेमिना मिस इंडिया-2024 कांटेस्ट में भागीदारी करने का अवसर मिला है। शहर के लिए यह बड़े गर्व की बात है। फेमिना मिस इंडिया के लिए कभी ऐश्वर्या राय बच्चन, लारा दत्ता, सुष्मिता सेन जैसी सुपर अभिनेत्रियों ने भी हिस्सा लिया था।

#### टॉप 5 में मेरा सिलेक्शन हुआ

निकिता ने पत्रिका को टेलिफोनिक चर्चा में बताया कि फेमिना मिस इंडिया ब्यूटी कॉन्टेस्ट सबसे पुराना ब्यूटी कांटेस्ट है। ये कांटेस्ट पिछले माह शुरू हुआ था। मध्यप्रदेश से करीब 200 लड़कियों ने इसमें भाग लिया था। प्रथम राउंड दिल्ली में हुआ था, जिसमें से टॉप 5 में मेरा भी सिलेक्शन हुआ था। टॉप 5 का सेकंड राउंड मुंबई में आयोजित हुआ, जिसमें से एक स्टेट से एक पार्टिसिपेट चुनना था, उसमें मेरा सिलेक्शन हुआ है। इस तरह मध्यप्रदेश से मैं प्रतिनिधित्व कर रही हूं। करीब 40 राज्यों की अलग-अलग लड़कियां अपने-अपने स्टेट को रीप्रजेंट कर रही हैं। हम सबमें से कोई एक को चुना जाएगा, जो मिस इंडिया कहलाएगी।

**40 दिन की जर्नी और बाकी:** अभी हम सभी लड़कियां 40 दिन के टाइम पीरियड में एक रूमिंग वेल्यूएशन पीरियड में रहेंगी। सभी को एक गेस्ट हाउस में एकसाथ रखा जाएगा। यहां इंडस्ट्री की कॉन्टेस्ट और फोटो शूट होंगे। इसके बाद एक ग्रेंड फिनाले होगा, जिसमें से एक लड़की को चुनेंगे।

#### पांच साल सीता का किरदार निभाया

**मैं अपने** आपको भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे माता सीता और राधा रानी जैसे रोल ऑफर हुए। यदि दोबारा मौका मिलेगा, तो जरूर करूंगी। मैंने पांच साल तक सीता का रोल प्ले किया है। ग्रेजुएशन भी नाटकों के दौरान कंपलीट हुआ है। इसके बाद मुंबई से मॉडलिंग की ट्रेनिंग ली, तभी एक फिल्म भी की है, जो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अभी चल रही है। जल्द ही रिलीज होगी। मुझे मुंबई में मॉडलिंग करते हुए छह माह हो गए हैं। कई बड़े ब्रांड के साथ भी काम करने को मिला, विज्ञापन वाले मेरे होर्डिंग भी कई जगह लगे हुए हैं।

## पेज 1 का शेष

#### राज्यपाल ने ...

इस आधार पर उन्होंने मुख्यमंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 17 ए और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 218 के तहत अपराधों के लिए अभियोजन की मंजूरी दी।

**कैबिनेट के फैसले को बताया तर्कहीन:** राज्यपाल ने अब्राहम की याचिका पर 26 जुलाई को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इस पर डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में राज्यपाल को सीएम के खिलाफ जारी नोटिस वापस लेने की सलाह दी गई। सीएम इस बैठक में शामिल नहीं थे लेकिन उन्होंने राज्यपाल को नोटिस का जवाब भेजकर आरोपों को नकारा था। राज्यपाल ने अपने आदेश में कैबिनेट की सलाह को तर्कहीन बताया और सीएम के स्पष्टीकरण को भी नहीं माना।

**राजनीति गरमाई :** राज्यपाल के आदेश को सत्तारूढ़ कांग्रेस ने असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक और केंद्र के इशारे पर की गई कार्रवाई करार दिया है। डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कहा कि राज्यपाल केंद्र के इशारे पर असंवैधानिक काम कर रहे हैं। शाम को कैबिनेट की विशेष बैठक में राज्यपाल के फैसले की आलोचना की। बैठक के बाद सीएम सिद्धरामैया ने कहा कि राज्यपाल का फैसला कानून सम्मत नहीं है। यह अभियोजन स्वीकृति के बारे में केंद्र सरकार की ओर से जारी की गई एसओपी के भी खिलाफ है। राज्यपाल केंद्र इशारे पर काम कर रहे हैं। कहा कि वे कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। पार्टी, मंत्री, विधायक और आलाकमान उनके साथ है, इस्तीफा देने का कोई कारण नहीं है। उधर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने इसे बड़ा घोटाला बताते हुए सीएम से इस्तीफा देने की मांग की।

**यह है मामला:** यह मामला मुडा की ओर से विकास के लिए अधिग्रहीत जमीन के मुआवजे से संबंधित है। आरोप है कि सिद्धरामैया की पत्नी पार्वती को करीब 3 एकड़ भूमि के बदले नियमों के विपरीत मैसूरु के पॉश इलाके में 14 भूखंड आवंटित किए गए। सिद्धरामैया का तर्क है कि वैकल्पिक भूखंड भाजपा की सरकार के समय आवंटित किए गए।

**आगे क्या :** राज्यपाल की अभियोजन स्वीकृति के बाद अब कोई भी कोर्ट इस मामले में जांच का आदेश दे सकती है। जिन तीन सामाजिक कार्यकर्ताओं की याचिका पर राज्यपाल ने स्वीकृति दी है उन्होंने अदालतों में इस संबंध में परिवाद दायर कर रखा है।

#### 15 हजार...

क्या है आरोग्य मैत्री हेल्थ क्यूब: आरोग्य मैत्री हेल्थ क्यूब दुनिया का पहला पोर्टेबल अस्पताल है, जो केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित भारत सरकार की कंपनी, एचएलएल लाइफ केयर, आरोग्य मैत्री क्यूब के निर्माण के लिए नोडल एजेंसी है। प्रोजेक्ट भीष्म के तहत इन हेल्थ क्यूब को डिजाइन किया गया है।

अपने मॉड्यूलर डिजाइन और उपयोग में आसानी के कारण, भीष्म क्यूब को हवा, समुद्र, जमीन या ड्रोन द्वारा ले जाया जा सकता है, जिससे सबसे दूरस्थ स्थानों पर भी समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकेगी।

**इसमें क्या है शामिल:** इसमें 200 से अधिक रोगियों का इलाज हो सकता है। इस अस्पताल में एक मिनी-आइसीयू, एक ऑपरेशन थिएटर, खाना पकाने का स्टेशन, भोजन-पानी, एक बिजली जनरेटर, ब्लड जांच उपकरण, एक एक्स-रे मशीन जैसे चिकित्सा उपकरण और आपूर्ति शामिल हैं।

#### साइबर अपराध...

खासकर बाल यौन शोषण से संबंधित विजुअल और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामलों को। ऐसी संधि के अभाव में जांच एजेंसियां अब तक पंगू बनी हुई हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा में 40 सदस्यों के अनुमोदन से इसे लागू किया जा सकेगा। इस संधि की पहल 2017 में रूस ने की थी। अमरीका और यूरोपीय देशों के विरोध के बावजूद संयुक्त राष्ट्र ने मसौदा समिति बनाई थी।

**हैकिंग-इंटरसेप्शन पर होगी कार्रवाई:** संयुक्त राष्ट्र साइबर अपराध संधि का यह 41 पन्नों का मसौदा कानूनी तौर पर प्रवर्तन एजेंसियों के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने और साइबर अपराध से निपटने के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचे की कमी वाले देशों को तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए एक विधायी रूपरेखा का प्रस्ताव करता है। इसमें अवैध इंटरसेप्शन, मनी लॉन्ड्रिंग, हैकिंग और ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री से निपटने के प्रावधान भी शामिल हैं।

**20 साल में अपराध विरोधी पहली संधि:** संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (यूएनओडीसी) के कार्यकारी निदेशक घाडा वैली ने कहा कि इस सम्मेलन में मसौदे को अंतिम रूप दिया जाना एक ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि यह 20 वर्षों में पहली बहुपक्षीय अपराध-विरोधी संधि है।

**मुख्य चिंता: सरकार कर सकती है दुरुपयोग :** मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का मानना है कि इस संधि का प्रारूप सरकार को ऐसी गतिविधियों को साइबर अपराध घोषित करने की अनुमति देती है जो उसके खिलाफ हो। इसमें कई गतिविधियां पत्रकारिता या सुरक्षा से संबंधित रिसर्च हो सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र साइबर अपराध संधि पर 2022 में भारत सरकार के प्रजेंटेशन में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की विवादास्पद धारा 66ए के समान उपाय शामिल थे, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 'असंवैधानिक' बताते हुए रद्द कर दिया था। इस संधि का मौजूदा पाठ डिजिटल युग में निजता की रक्षा करने वाले मानवाधिकार मानकों को कमजोर करता है। यह संधि सीमा पार निगरानी को सक्षम बना सकती है, जिससे सरकारें मानवाधिकारों का हनन कर सकती हैं।

**ये बन गए साइबर अपराध:** साइबर अपराध में डेटा ब्रीच, पैसे की चोरी, उत्पादकता की हानि, बौद्धिक संपदा की चोरी, व्यक्तिगत और वित्तीय डेटा चोरी, गबन, धोखाधड़ी, व्यापार में व्यवधान, हैक किए डेटा और सिस्टम की बहाली के अलावा प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना आदि शामिल है।

#### बिना आइएएस...

आवेदनों में अनुभव व योग्यता के आधार पर अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट कर इंटरव्यू के जरिये भर्ती किया जाएगा। सफल अभ्यर्थियों की तीन साल के लिए अनुबंध पर नियुक्ति की जाएगी जिसे पांच साल तक बढ़ाया जा सकता है। केंद्र सरकार के कर्मचारी इस भर्ती में शामिल नहीं हो सकते। इसके लिए यूपीएससी की वेबसाइट के माध्यम से 17 सितंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं।

**उम्र और अनुभव योग्यता:** जॉइंट सेक्रेटरी के लिए आयु सीमा 40 से 55 साल और 15 साल का अनुभव, निदेशक के लिए आयु सीमा 35 से 45 साल और अनुभव 10 साल तथा उपसचिव के लिए आयु सीमा 32 से 40 साल व अनुभव सात साल का रखा गया है।

न्यूट्रिशन/डाइट

# कहीं शरीर में विटामिन बी की कमी तो नहीं हो रही...

*विटामिन ऐसा पोषक तत्त्व है, जो शरीर के विभिन्न कार्यों के लिए जरूरी है। इन्हें भोजन या सप्लीमेंट्स से लिया जाता है। स्वस्थ रहने के लिए विटामिन बी कॉम्प्लेक्स का सही संतुलन महत्त्वपूर्ण है। इसकी कमी होने पर आहार विशेषज्ञ से सलाह लें।*



### इन्हें पड़ती जरूरत

**बुजुर्ग**: उम्र के साथ शरीर की विटामिन्स को अवशोषित करने की क्षमता कम हो जाती है।

**गर्भवती महिलाएं**: विटामिन बी9 (फोलिक एसिड) गर्भस्थ शिशु के विकास के लिए जरूरी है। गर्भवती महिलाओं को फोलिक एसिड की उचित मात्रा सुनिश्चित करनी चाहिए।

**शाकाहारी लोग**: विटामिन बी12 मुख्य रूप से पशु उत्पादों में पाया जाता है। इसलिए शाकाहारी लोगों को इस विटामिन की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

**मनोरोग पीड़ित**: तनाव, अवसाद जैसी समस्याओं के लिए विटामिन बी6 और बी12 अहम होते हैं।

### यह हैं विटामिन बी कॉम्प्लेक्स व इनकी कमी के लक्षण

| तत्त्व | क्यों आवश्यक | कमी के लक्षण |
|---|---|---|
| 1. विटामिन बी1 (थायमिन) | ऊर्जा उत्पादन और तंत्रिका तंत्र के स्वास्थ्य के लिए | थकावट, कमजोरी, हाथ- पैरों में झनझनाहट |
| 2. विटामिन बी2 (राइबोफ्लेविन ) | ऊर्जा, त्वचा, आंखों और लिवर के लिए | मुंह में छाले और गले में सूजन आंखों में जलन, नाखूनों में दरारें |
| 3. विटामिन बी3 (नियासिन) | पाचन तंत्र, त्वचा, तंत्रिका तंत्र के लिए | भूख में कमी, अवसाद व तनाव |
| 4. विटामिन बी5 (पैंटोथेनिक एसिड) | हार्मोन निर्माण, वसा, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन मेटाबॉलिज्म के लिए | मांसपेशियों में ऐंठन व दर्द |
| 5. विटामिन बी6 (पायरीडॉक्सिन) | अमीनो एसिड, मस्तिष्क, तंत्रिका तंत्र | एनीमिया |
| 6. विटामिन बी7 (बायोटिन ) | त्वचा, बाल और नाखूनों के लिए | बालों का झड़ना |
| 7. विटामिन बी9 (फोलिक एसिड ) | कोशिका वृद्धि और डीएनए संश्लेषण | एनीमिया, जन्मजात दोषों का होना। |
| 8. विटामिन बी12 (कोबाल्मिन) | लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण और तंत्रिका तंत्र के लिए | एनीमिया, हाथ-पैर में झनझनाहट, भूलने की बीमारी, संतुलन की समस्या। |

***भोजन में इनका सेवन करें*** : साबुत अनाज, दालें, बीन्स, दही-पनीर, हरी पत्तेदार सब्जियां, एवोकाडो, मशरूम, केले, आलू, नट्स (बादाम-अखरोट) सोयाबीन, ब्रोकोली, संतरा खाएं। - ***शिल्पी गोयल,*** *आहार विशेषज्ञ*

## बच्चों में टीबी, डरें नहीं

किड्स केयर

# वजन न बढ़े, थकान लगे तो सजग रहें, डॉक्टरी परामर्श लें



*विश्व में वर्ष 2022 में 0-14 वर्ष के अनुमानित **13 लाख** बच्चे टीबी से ग्रसित हुए, जो कि टीबी के कुल रोगियों का **12%** है। परंतु केवल **49%** टीबी से ग्रसित बच्चे पंजीकृत हुए।*

*वर्ष 2022 में **2.14 लाख** बच्चों की टीबी से मृत्यु हुई, जो टीबी के कारण हुई कुल मृत्यु का **16.4%** है।*



**डॉ. विनोद गर्ग**

*चेस्ट फिजिशियन*

patrika.com

अक्सर माता-पिता यह शिकायत करते हैं कि उनके बच्चे का वजन नहीं बढ़ रहा या घट गया है और बच्चा बहुत जल्दी थक जाता है, तो इस तरह की स्थिति को नजरअंदाज न करें। कई बार पैरेंट्स इस स्थिति को केवल पोषण की कमी मानते हैं, जबकि यह बच्चे में क्षय या टीबी की आशंका भी पैदा करती है।

### यदि ऐसे लक्षण हों...

वजन का न बढ़ाना या वजन कम होना, लगातार बुखार, खांसी या थकावट की शिकायत होने पर बच्चों को फेफड़े की टीबी हो सकती है। चिड़चिड़ापन, लगातार सिरदर्द, उल्टियां ब्रेन टीबी के कारण हो सकते हैं। गर्दन, बगल या जांघ के ऊपरी हिस्से में गांठ होना लसिका ग्रंथि में टीबी की ओर संकेत करते हैं।

### फैलने के कारण

मुख्यत: यह टीबी के धनात्मक रोगी के संपर्क में आने से होती है। लेकिन त्वचा के जरिए या गर्भवती मां का प्लेसेंटा अगर संक्रमित हो तो नवजात बच्चों में इस रोग होने की आशंका कम होती है।



- ***भारत*** *में वर्ष 2022 में 1,35,000 से ज्यादा बच्चों में टीबी की पहचान कर उनको पंजीकृत किया। इनमें से लगभग दो प्रतिशत बच्चों की इस रोग के कारण मृत्यु हो गई थी।*
- ***बच्चों*** *में टीबी मुख्यत: फेफड़ों में होती है परंतु एक तिहाई के लगभग यह अन्य अंगों जैसे मस्तिष्क, लसिका ग्रंथि, पेट हड्डी एवं जोड़ इत्यादि अंगों में हो सकती है।*

### इन्हें अधिक खतरा

कुपोषित बच्चों में इसकी आशंका अधिक होती है परंतु खसरा, टाइफाइड या ऐसी अन्य कोई बीमारी जिससे बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो उससे भी टीबी होने की आशंका बढ़ जाती है।

### यह है डायग्नोसिस

छोटे बच्चे क्योंकि बलगम बाहर नहीं निकाल सकते। इसलिए उनमें नाक के रास्ते पेट में नली डालकर वहां के द्रव्य की 'नाट' जांच करते हैं। अंग विशेष में टीबी की आशंका होने पर उस अंग का द्रव्य निकालकर नाट जांच की जाती है। एक्स-रे, एमआरआइ या सीटी स्कैन कराते हैं। त्वचा पर टीका लगाकर भी टीबी संक्रमण जांच की जा सकती है।

### उपचार

बच्चों में टीबी का इलाज 6 माह तक किया जाता है जिसमें प्रथम दो माह तक सघन चरण व इसके बाद चार माह तक सतत चरण होता है। इस उपचार में नई दवाओं का उपयोग किया जाता है। कोई इंजेक्शन नहीं दिया जाता है। यह उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व अस्पतालों में उपलब्ध है।

### ऐसे बरतें सावधानी

- **जन्म** के समय शिशु को बीसीजी का टीका अवश्य लगे एवं समय-समय पर अन्य टीके भी लगवाएं।
- **बच्चों** को उसकी उम्र के अनुसार पौष्टिक भोजन दें जिससे वह कुपोषण का शिकार न हों।
- **धनात्मक** टीबी रोगी के सम्पर्क में आने पर इससे बचाव की दवा दें।

फर्स्ट एड ऑन द स्पॉट

# मोबाइल की लॉक स्क्रीन पर रखें परिवारजन के नंबर



***- डॉ. माया टंडन,*** *एनेस्थिशिया विशेषज्ञ व पूर्व सदस्य, नेशनल रोड सेफ्टी काउंसिल*



गोल्डन आवर्स इस शब्द का प्रयोग अक्सर ट्रोमा और इमरजेंसी केयर में किया जाता है जिसका अर्थ है कि घायल या बीमार व्यक्ति को चोट या बीमारी के लक्षण दिखने के समय से शुरू के 60 मिनट के भीतर उपचार मिलना। जितनी अधिक देरी होगी, घायल के बचने की संभावना उतनी ही कम होती जाएगी। ऐसा माना जाता है की यदि प्रथम घंटे यानि गोल्डन आवर्स में डॉक्टर द्वारा इलाज शुरू हो जाए, तो जान बचने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए सदैव इसका ध्यान रखना चाहिए कि दुर्घटना के बाद के पहले घंटे में पीड़ित को प्राथमिक उपचार देने के साथ उसे तय समय में उपयुक्त चिकित्सा सहायता मिले।

### हैल्पलाइन की जानकारी जरूरी

दुर्घटना की स्थिति में बचाव के लिए अपने घर, कार्यालय, शिक्षण संस्थान एवं ऐसी कोई भी जगह जहां भीड़ रहती हो पर उपयुक्त स्थान पर आपातकालीन सेवा संपर्क की जानकारी लिखी होनी चाहिए। कुछ महत्त्वपूर्ण आपातकालीन संपर्क निम्न हैं - राष्ट्रीय आपातकालीन संपर्क सूत्र- 112, एम्बुलेंस-108, पुलिस- 100, दमकल- 101, हाईवे हेल्पलाइन- 1033, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन- 1090, एलपीजी लीकेज हैल्पलाइन—1906, यातायात पुलिस-1095

### इन बातों पर ध्यान दें

- **दुर्घटना** के समय सबसे बड़ी समस्या पीड़ित के परिजनों को सूचित करने की होती है, क्योंकि आज सभी के मोबाइल फोन कोड से ही खुलते है और गंभीर दुर्घटना की स्थिति में घायल के मोबाइल से उसके परिजनों का नंबर निकाल पाना मुश्किल होता है। इस स्थिति से बचने के लिए परिवार के 2 या 3 सदस्यों के नंबर मोबाइल की लॉक स्क्रीन पर आपातकालीन संपर्क के रूप में अवश्य डालने चाहिए। इसे 'इन केस ऑफ इमरजेंसी नंबर' कहते हैं। यह अपने मोबाइल के वॉलपेपर की सेटिंग में जाकर सरलतापूर्वक कर सकते हैं।
- **इसके** अलावा पर्स, बैग और बच्चों के स्कूल बैग में एक कार्ड पर भी ये नंबर लिख कर अवश्य रखें ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में परिजनों को समय से सूचना दी जा सके।

## मुंह के छालों के लिए यह करें उपाय

पेट खराब होने और मसालेदार भोजन करने की वजह से कई बार मुंह में छाले हो जाते हैं। इन छालों को दूर करने के लिए कुछ घरेलू उपाय किए जा सकते हैं। ओरल हाइजीन के लिए नीम का उपयोग अच्छा माना जाता है। छालों की समस्या में भी नीम कारगर है। इसकी पत्तियों को उबालकर उस पानी से कुल्ला करने पर छालों की समस्या में राहत मिलती है। उसके अलावा लोंग का तेल भी छालों की समस्या के लिए अच्छा है। इसके तेल में एंटीमाइक्रोबियल तत्त्व होते हैं। जो छालों की समस्या खत्म करते हैं। इस तेल को कॉटन के टुकड़े में लगाकर उसे जीभ या मुंह में जहां छाले हुए हैं वहां लगाएं या फिर कॉटन को मुंह में दबाकर रखें। इससे छालों की जलन से राहत मिलेगी। शहद का भी ऐसे ही प्रयोग किया जा सकता है। शहद को दिन में दो-तीन बार लगाएं। छोटे बच्चों के लिए यह उपाय कर सकते हैं।

## सब्जियों व फलों को साफ करने का सही तरीका जानिए

द वाशिंगटन पोस्ट

*वॉशिंगटन पोस्ट से विशेष अनुबंध के तहत*

बगीचे या किराने की दुकान से कच्चे उत्पादों को लेने के बाद उसे साफ करने का अक्सर सुझाव दिया जाता है, लेकिन अधिकतर लोग सब्जियों व फलों को सही से धोने व साफ करने का तरीका नहीं जानते। खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि फलों और सब्जियों को धोने से गंदगी और मलबा हटाने और संभावित रोगजनकों को कम करने में मदद मिलती है। नॉर्थ कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी में कृषि और मानव विज्ञान विभाग के प्रमुख बेंजामिन चैपमैन ने कहा कि खेत से लेकर मेज तक, फल और सब्जियां लिस्टेरिया, ई. कोली, साल्मोनेला के साथ-साथ हेपेटाइटिस ए और नोरोवायरस सहित अन्य रोगजनकों से दूषित हो सकती हैं। खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि रोगजनकों, गंदगी और मलबे को हटाने के लिए रसोई के नल से ठंडे, साफ व बहते पानी में ही धोना बेहतर है। क्योंकि नल का बहता पानी अधिक प्रभावी है यह बैक्टीरिया और वायरस को पुन: फैलने नहीं देता।



### इन टिप्स को अपनाएं

- **अपने** हाथों को धोने के बाद सब्जियों-फलों को स्वच्छ बर्तन में रखें व नल का साफ पानी डालें ताकि उनके ऊपर से बैक्टीरिया व फफूंद को हटाया जा सके। ध्यान रहे पहले से नहीं बल्कि उन्हें उपयोग लेने से ठीक पहले धोएं। क्योंकि पहले से धुले फलों-सब्जियों पर फिर गंदगी जमकर खराब होने का डर रहता है।
- **धोने** से पहले कुछ मिनटों के लिए साफ, ठंडे पानी में कोनों और दरारों वाले फलों और सब्जियों को भिगोएं ताकि उन पर जमी गंदगी हट सके। वर्ष 2006 में हुई एक रिसर्च में देखा गया कि धोने से पहले सेब, सलाद और टमाटर को पानी में भिगोने से उनमें बैक्टीरिया की संख्या में काफी कमी आती है।
- **विशेषज्ञों** का कहना है कि फलों और सब्जियों को भंडारण से पहले एक बार साफ कर सुखा लें। अगर फलों और सब्जियों पर अतिरिक्त पानी रह जाता है तब उसे निकालने के लिए अच्छे तरीके अपनाएं। फलों और सब्जियों को सुखाने के लिए पेपर टॉवल पर रखें या उससे साफ करें। पेंसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर ल्यूक लाबोर्डे ने कहा कि फलों व सब्जियों का भंडारण कर रहे हो तो पानी उनका दुश्मन है।

माय फिटनेस: परिवार व मित्र भी कर सकते हैं मदद

# जांच कराने के नाम से होने वाली बेचैनी ही 'स्कैन एंजाइटी'

किसी तरह की जांच कराने के लिए डॉक्टर की ओर से कहा जाता है तो कुछ लोगों में उसे लेकर घबराहट, तनाव और चिंता के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। उसे 'स्कैन एंजाइटी' कहा जाता है। वैसे तो यह सामान्य-सी बात है, लेकिन इस समय घबराहट व चिंता से हृदय की धड़कन बढ़ जाती है। कई लोग पेट खराब होने या बुखार की शिकायत भी करते हैं। जांच में क्या निकलेगा। कैसे टेस्ट होगा? इसकी प्रक्रिया को लेकर भी कई लोगों में चिंता बनी रहती है।

### परेशानी को साझा करें

इसके बारे में परिवार के सदस्यों से बात करनी चाहिए। अपने साथियों व डॉक्टर, जिनसे इलाज चल रहा है। उनके साथ अपनी परेशानी साझा करें। ताकि जो सवाल बेचैन कर रहे हैं, उनका समाधान मिल सके। क्योंकि जब हम परिवार या मित्रों से बात करते हैं तो मन हल्का होता है। वे हमें समझते हैं और मदद के लिए उपलब्ध रहते हैं। ताकि किसी तरह की शंका मन में न रहे।

***- डॉ. नरेश नेभिनानी,*** *मनोचिकित्सक*



### सकारात्मक सोचें

यदि मरीज को स्कैन एंजाइटी अधिक है तो मनोचिकित्सक की मदद ले सकते हैं। क्योंकि वे इन चीजों को सही तरह से समझते हैं। पॉजिटिव सोच रखें। ज्यादा से ज्यादा व्यस्त रहने की कोशिश करें जिससे जांच को लेकर चिंता बिल्कुल हावी नहीं हो।

### जजमेंटल न रहें

जांच को लेकर जजमेंटल न रहें। सोच विकसित करें कि जांच एक छोटा-सा हिस्सा है। घर में परिवार में जो अच्छा चल रहा है उसमें शामिल हो। इच्छा शक्ति पर भी बीमारी का स्वरूप निर्भर करता है। इसलिए विल पॉवर मजबूत रखें। तभी एंजाइटी से बाहर निकल सकते हैं।

### मेडिकल कंडीशन का खयाल रखें

जांच करने वालों को भी मरीज की मेडिकल कंडीशन का ध्यान रखना चाहिए। यदि किसी जांच के दौरान मरीज को एंजाइटी महसूस हो रही है तो उसे रिलेक्स होने का समय देना चाहिए।

लाइफ लाइन हैलो डॉक्टर

# एसिडिटी की समस्या में सौंफ का पानी दे सकता राहत

*पत्रिका की घर बैठे निशुल्क डॉक्टरी सलाह से जुड़ी पहल लाइफलाइन के तहत विभिन्न राज्यों से पाठकों ने आयुर्वेद से जुड़े सवाल भेजे हैं।*




**रमेश, मेरी पाचन शक्ति कमजोर है और अक्सर एसिडिटी होती है। मेरी उम्र 45 वर्ष है, आयुर्वेद में इस समस्या का क्या समाधान है?**

एसिडिटी की समस्या से निजात के लिए देर रात को भोजन न करें। शाम सात से आठ बजे के मध्य भोजन करना बेहतर है। उसके बाद हल्की वॉक करें, जिससे भोजन का पाचन अच्छी तरह होगा। सुबह खाली पेट चाय नहीं पीएं। मैदा से बनी चीजों का सेवन नहीं करें। दवा के रूप में सौंफ का पानी पी सकते हैं। चार चम्मच सौंफ उबालकर उसका पानी पीएं। उसे इतना उबालें कि वह आधा रह जाए। फिर उसे शहद के साथ लें।



**एक पाठक, मैं अपने वजन को नियंत्रित करना चाहता हूं। आयुर्वेद में वजन कम करने के लिए कौन-से उपाय सबसे प्रभावी हो सकते हैं?**

मोटापा कम करने के लिए सबसे पहले आपको अपनी विल पावर को मजबूत करना होगा। अपना डाइट चार्ट बनाएं और उसका पालन अवश्य करें। कम घी-तेल व नमक-मिर्च वाला सादा भोजन करें। सबसे जरूरी है कि भोजन समय पर करें। ऐसा खाना खाएं जो शरीर में फैट की मात्रा न बढ़ाए। उसके अलावा आपका सक्रिय रहना भी जरूरी है। योग और व्यायाम नियमित करें। सुबह चार-पांच किमी पैदल चलें। भोजन करने के बाद भी हल्का वॉक अवश्य करें। हाथ के अंगूठे के नीचे वाले बिंदू को दबाएं, जिससे वजन कम होगा।

**राजेश, मेरी बेटी 18 वर्ष की है। वह माइग्रेन और गंभीर सिरदर्द से परेशान है। कई एलोपैथिक उपचार लेने के बाद भी कोई आराम नहीं मिला। कृपया आयुर्वेदिक उपचार बताएं?**

माइग्रेन की समस्या दूर करने के लिए पहले पेट की गड़बड़ी पर ध्यान देना होगा। क्योंकि यह दोनों एक दूसरे से इंटरकनेक्ट हैं। उसके अलावा किसी भी तरह का तनाव आपकी बेटी न ले इसका भी ध्यान रखें। निगेटिव विचारों से दूर रहें। चिंता-तनावग्रस्त होना भी परेशानी को बढ़ाता है। भोजन समय पर करें और ऐसा भोजन खाएं जिससे पेट में फुलाव न आए। नींद पूरी लें और योग-व्यायाम करें। छोटी अंगुली के पास अंत में एक पॉइंट पर प्रेशर डाले, इससे माइग्रेन की समस्या में काफी हद तक राहत मिलेगी।

***- डॉ. पीयूष त्रिवेदी,*** *आयुर्वेद व एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ*

*पाठकों के शेष सवालों के जवाब को लिंक से भी देख सकते हैं- shorturl.at/Z4pfY*

इस क्यूआर कोड को स्कैन करें।

## इस सप्ताह पूछें कैंसर रोग से जुड़े सवाल

पत्रिका लाइफलाइन में इस सप्ताह कैंसर रोग से जुड़े सवाल पूछें। आपके सवालों के जवाब 25 अगस्त के अंक में एक्सपर्ट देंगे।

**ध्यान रखें:** सभी सवालों के जवाब यहां प्रकाशित करना संभव नहीं है, शेष जवाब 23 अगस्त को पत्रिका टीवी के 'हैलो डॉक्टर' शो में दोपहर 1:00 बजे और फेसबुक लाइव में देख सकेंगे। सवाल विस्तार से लिखकर गुरुवार तक वॉट्सऐप नं. 8955003879 पर भेजें। (*यह डॉक्टर का नहीं, पत्रिका हैल्थ डेस्क का नंबर है, फोन न करें। वॉट्सऐप पर जवाब नहीं दिए जाते हैं। यह मेडिको लीगल के लिए मान्य नहीं है।)

पत्रिका लाइफ लाइन लाइव

नोट- डॉक्टरी सलाह से ही कोई नुस्खा या दवा लें।

योग विज्ञान | मन की कमजोरी को दूर कर उसे मजबूत बनाता और डायबिटीज जैसे रोगों में फायदा पहुंचाता

# 'मंत्र' मेडिटेशन के जरिए बढ़ाई जा सकती है 'प्राणऊर्जा'

***अतुल व्यास***

*सेलिब्रिटी योग प्रशिक्षक*

patrika.com



**योग शास्त्र के अनुसार मानव शरीर पांच कोषों से बना है। इसमें अन्नमय कोष स्थूल शरीर को कहते हैं, वे सभी रोग जिनका उद्भव इस कोष से होता है। उनका निदान मेडिकल साइंस व दवाएं कर सकती हैं। जिन बीमारियों का उद्भव मनोमय कोष से होता है, उन्हें मेडिकल साइंस इनक्योरेबल मानता है और इनका नियंत्रण ही इनका निदान है। मनोमय कोष को एक्सेस करने की कुंजी केवल योग विज्ञान के पास है।**

योग के आठों अंगों में मनोमय कोष को शुद्ध व स्वस्थ करने की विधा है। योगासनों और स्ट्रेचिंग में यह एक बड़ा और महत्त्वपूर्ण अन्तर होता है। योग की हर क्रिया, आसन, प्राणायाम, यम, नियम आदि मनोमय कोष पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं इसलिए योग-निरोगी रहने की अद्भुत विधा है। अमृतानन्दमयी मां जिन्हें हगिंग मदर भी कहते हैं। उन्होंने एक अमरीकी डॉक्टर को कहा कि योग की विधा जिसे जप-योग कहते हैं, से मानव के डीएनए में आए म्यूटेशन(बुरे बदलाव) ठीक हो जाते हैं। व्यक्ति निरोगी हो जाता है। यह दावा उस वक्त डॉक्टर को हवा हवाई लगा लेकिन उनके आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा जब 2013 में एक शोध में जप-योग का प्रयोग मन्त्र-मेडिटेशन के रूप में किया और पाया कि शरीर के कई अहम जीन्स के समूहों में सकारात्मक परिवर्तन आए। एनर्जी मेटाबॉलिज्म में बढ़ोतरी हुई। प्रोटीन जिसे एनएफ केबी कहते हैं, जो तनाव व कैंसर बढ़ाने में भूमिका निभाता है, उसमें कमी पाई गई। जीन, जो शरीर में इंसुलिन का पाथवे या नियंत्रण करते हैं। उसमें सकारात्मक बदलाव आए।



### करने का तरीका

1. किसी भी ध्यान लगाने वाले आसन में बैठें। आंखें बंद कर श्वास पर ध्यान केंद्रित करें।
2. 5-6 दीर्घ श्वास प्रश्वास करने के बाद गायत्री मंत्र का जाप करना या जोर से सुनना शुरू करें।
3. इसे 5-10 बार सुनने के बाद सूर्य भगवान का ध्यान कर जाप करते या सुनते रहें।
4. इसे धीरे-धीरे बढ़ा सकते है। इसको 15 मिनट कम से कम तो करें ही, ज्यादा भी कर सकते हैं।

### यह है फायदा

- **यह** डायबिटीज में बहुत लाभ करता है।
- **यह** सभी रोग जो मनोमय कोष से पैदा होते हैं, उनमें फायदा होता है।
- **मन** की कमजोरी को दूर कर उसे मजबूत बनाता है।
- **अमरीका** के डॉ. होवार्ड स्टेइंगुले ने एक शोध में पाया कि गायत्री मंत्र 1,10,000 हर्ट्ज की तरंगे पैदा करता है। यह कम्पन दैवीय प्राणऊर्जा पैदा करता है, जो लाभदायक होती है।

स्पंदन



गुलाब कोठारी

लेखक पत्रिका समूह के प्रधान संपादक हैं

# स्त्रैण भाव



शास्त्र कहते हैं-'ब्रह्म सत्यं, जगंमिथ्या'। इसका अर्थ है कि ब्रह्म शाश्वत है और जगत् बदलता रहता है। परिवर्तनशील है। ब्रह्म सृष्टि का रस भाग है, जगत् माया अथवा बल भाग है। माया ब्रह्म के भिन्न-भिन्न स्वरूपों का निर्माण करती है, पोषण करती है और वही संहार भी करती है। माया की ही 'मां' संज्ञा है। कौन सोचता होगा कि मां जननी होने के साथ-साथ संहारक भी हो सकती है। जननी रूप माया का रूप भिन्न होगा, संहारक का रूप भिन्न होगा। दादी-नानी, मां, पत्नी, पुत्री, बहिन आदि सभी माया के ही रूप हैं। घर से बाहर निकलते ही अनन्त रूप हो जाते हैं। नारी शरीर पंच महाभूतों का निर्मित घर है। यह माया का स्थूल रूप है और प्रत्येक प्राणी को उपलब्ध होता है। यह सृष्टि का पशु भाग है। अन्न आधारित है।

जीवन की सार्थकता पुरुषार्थ को बतलाया गया है। धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष के चतुष्टय में केवल अर्थ शरीर से जुड़ा है। इसीलिए अर्थ को बन्धन का बड़ा कारक कहा है। लक्ष्मी का वाहन व्यक्ति को अंधकार में ही धकेलता है। अंधकार अविद्या का क्षेत्र है। धर्म विद्या का मार्ग प्रशस्त करता है। धर्म से सुख-सुविधाएं नहीं, बल्कि ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। विद्या और अविद्या दोनों ही मन के रास्ते प्रवेश करती हैं। इच्छा बनकर। काम या कामना मन का क्षेत्र है। इच्छा माया का ही पर्यायवाची है। विवाह के मार्ग से कामना बनकर ही माया का प्रवेश जीवन में होता है। गृहस्थाश्रम के सम्पूर्ण पच्चीस वर्ष इसका पोषक रूप कार्यकाल है। आगे के वर्षों में नारी देह विदा होकर केवल स्त्रैण भाव रह जाता है। मन से लिंग भेद तक मिट जाता है। आत्मभाव का सम्बन्ध शुरू होता है।

नारी और स्त्री का भेद कर्म और धर्म के स्वरूप जुड़ा हुआ है। जन्म से सब नारी स्वरूप या मादाभाव है-शरीर रूप समझी जाती हैं। स्त्रैण बनाना पड़ता है। इसमें मन को प्रशिक्षित किया जाता है। भावना और कामना के धरातल की समझ, व्यवहार, प्रतिक्रिया, प्रभाव, परिणाम आदि की विस्तृत समझ आवश्यक होती है। इसी शक्ति के कारण माता जीव के शरीर और आत्मा को एकाकार कर पाती है। पशुभाव को मानव रूप में भावित और सुसंस्कृत करती है। यह कार्य विज्ञान तो हर्गिज नहीं कर सकता। चूंकि आज की माता ने आत्मा को संस्कारित करना बन्द कर दिया है, अतः विज्ञान का उपयोग अपूर्ण (शिक्षा से) तथा संस्कारविहीन मानव ही कर रहा है। परिणाम नकारात्मक ही होंगे। निर्माण तथा सर्वहित की बात सोचना अर्थहीन होगा। इसके लिए नए सिरे से स्त्रैण की खोज करनी है। इसका एक स्वरूप यह भी है कि ज्ञान सदा शाश्वत से जुड़ा है तथा विज्ञान नश्वर जगत् से। 'एकोहं बहुस्याम' में एकोहं ज्ञान है तथा बहुस्याम विज्ञान है। शरीर माता-पिता देते हैं। उनकी सात पीढ़ियों के अंश शरीर में होते हैं। यही जगत् रूप बहुस्याम है। आत्मा में सूक्ष्म शरीर तथा कारण शरीर (कारण तथा कर्मफल का परिणाम) शामिल होते हैं। दोनों अदृश्य रहते हुए दृश्यमान् जगत् का संचालन करते हैं। नारी नश्वर, स्त्री सूक्ष्म धरातल पर कारण बनती है। आत्मा के साथ प्रारब्ध जुड़ा रहता है। इसको विज्ञान से नहीं ज्ञान से ही जाना जा सकता है। ज्ञान का साधन गुरु बनाता है। संसार का सबसे बड़ा आश्चर्य भी यही है कि नश्वर शरीर के रहते ही व्यक्ति शाश्वत् में प्रवेश पा सकता है। इसीलिए शरीर को 'अखिलम् खलु धर्म साधनम्' कहा गया है। बहुत कठिन कार्य है। प्रतिदिन जगत् के मिथ्याभाव को जीते रहना और उससे मुक्त होने की उत्कट इच्छा को भी बनाए रखना। संकल्प की दृढ़ता, अभ्यास की निरन्तरता और ईश्वर की ऊर्जाओं का प्रसरण बिना संस्कारों के संभव नहीं है। उसमें भी कर्त्ताभाव का पूर्ण अभाव होकर निमित्तभाव की प्रतिष्ठा। मां के अलावा गुरु ही यह भाव रखता है। बिना अपेक्षाभाव के, बस देना है। यहां यह कहना भी उचित होगा कि उपलब्धियां भी मोक्ष मार्ग में बाधक बनती हैं। व्यक्ति लोकेषणा के प्रवाह में अहंकार का अर्जन करता है। इसका कारण व्यक्ति के संस्कार होते हैं। जीवन का यही देवासुर संग्राम बन जाता है। एक तरफ साधना तथा दूसरी ओर संस्कारों से संघर्ष। व्यक्ति की श्रद्धा, धैर्य, सहनशीलता की परीक्षा हो जाती है।

स्त्रैण मां संस्कार देती है। शुद्धता का धरातल प्रदान करती है। फिर भी पूर्व कर्म अपने प्रभाव दिखाता है। व्यक्ति को भटकाने का प्रयास करता है। मायाभाव सदा व्यक्ति को जाल में रखने का प्रयास करता है। मायाभाव को ही आवरण हटाने के लिए प्रसन्न किया जाता है, ताकि आत्म-साक्षात्कार का मार्ग प्रशस्त हो सके। एक साधारण नारी अपनी महत्वाकांक्षाओं से संघर्ष करने में व्यस्त रहती है। विश्व की अनन्त वासनाओं से जूझती रहती है।

नारी प्रकृति से भी पुरुष की तुलना में अधिक गंभीर, व्यवहार कुशल एवं सूक्ष्म का ज्ञान रखने वाली होती है। पुरुष स्वच्छन्द होता है। क्या पुरुष हर जन्म में पुरुष तथा स्त्री हर जन्म में स्त्री ही बनती है? इस प्रश्न का स्वामी विष्णु तीर्थ ने उत्तर दिया-'यह आवश्यक तो नहीं, किन्तु होता ऐसा ही है। 'मैं पुरुष हूं' या 'मैं स्त्री हूं' यह संस्कार इतना दृढ़ हो जाता है कि प्रत्येक जन्म में उसी लिंग में जन्म प्राप्त होता है। जो क्रम एक बार चल निकलता है, प्रायः वही चलता रहता है। जीव का अहं चित्त में होता है। ये सूक्ष्म शरीर का अंग है। देह त्याग के समय जब सूक्ष्म शरीर स्थानान्तरित होता है, तो चित्त में विद्यमान स्त्री या पुरुष का भाव भी साथ ही जाता है। लिंग भाव सभी योनियों में एक समान है। यदि कोई मनुष्य गाय-बैल की योनि में जाता है, तो उसका लिंग मनुष्य योनि वाला ही होता है। लिंग के संस्कार जन्म जन्मान्तर तक पीछा नहीं छोड़ते। केवल महापुरुष ही लिंग भेद से ऊपर होते हैं, क्योंकि वे स्वयं को स्थूल शरीर से भिन्न अनुभव करते हैं। वे शरीर में निवास करते हैं, किन्तु शरीर नहीं हैं। इनका भौतिक शरीर, सूक्ष्म शरीर तथा भौतिक जगत् के बीच सेतु है। जब तक किसी को शरीरों में स्त्री/पुरुष के शरीर दिखाई देते रहते हैं तब तक व्यक्ति का लिंग भेद समाप्त नहीं होता। स्त्री अधिक समझदार भी इसीलिए होती है, क्योंकि जन्म जन्मान्तर से स्त्री रूप में चली आ रही है। माया का घन रूप होती है। पुरुष में माया की इन परतों को समझने की क्षमता नहीं होती। स्त्री जितनी धैर्यवान् होती है, पुरुष उतना ही उतावला होता है। यही स्त्री जब सौम्या बनकर, संकल्प के साथ पुरुषाग्नि में आहूत होती है तो शेष अग्नि ही रहती है। यह प्रकृति का 'बहुस्याम्' यज्ञ होता है। यज्ञ गृहस्थाश्रम के 25 वर्ष चलता है। इसके उपकरण होते हैं-श्रद्धा, स्नेह, वात्सल्य और प्रेम। यानी दाम्पत्य रति। दाम्पत्य ही एक ऐसा सम्बन्ध है विश्व में, जहां ये सारे भाव भोगे जाते हैं। कभी कोई बड़ा, कभी छोटा, कभी मित्रवत्। उम्र के साथ शरीर से हटकर मन का मन से मेल होता है। अब यह नए निर्माण का काल होता है। एक ओर सन्तान के सहारे परिवार का निर्माण तथा दूसरी ओर दाम्पत्य रति के माध्यम से पति की प्रतिमा का निर्माण। माया का यह कार्य ब्रह्म नहीं कर सकता। हालांकि स्त्री के भीतर भी ब्रह्म है और पुरुष के भीतर भी माया है। पुरुष स्त्री के स्वभाव को आत्मसात् करके निभाने को तैयार नहीं हो पाता। स्त्री तो पुरुष के साथ समन्वय भी कर लेती है, उसे वश में करके स्त्रैण बनाने का कार्य भी करती है। पुरुष पर चढ़े अविद्या के, तमस के आवरणों को हटाने में सहायक बनती है। पुरुष के चित्त में ऐसा कोई बोध दिखाई नहीं पड़ता। जीवन में निर्माण का यह एक पक्षीय क्रम बना रहता है।

पचास की उम्र वानप्रस्थ का प्रवेशद्वार है। पत्नी से विदा और स्त्री से मित्रता का समय। एक विशेष विरक्ति का भाव शरीर के प्रति, भोग के प्रति। यह विरक्ति प्रेम की उच्चतम कोटि है। इसी से भक्ति में प्रवेश, ईश्वर में आसक्ति पैदा होती है।

पुरुष के मन में भी दया, करुणा, ग्राह्यता, संकोच, पालन-पोषण, विस्तार तथा सौम्यता का भाव पैदा करती है। पत्नी की छवि हृदय के भीतर देखता है। शक्ति की आराधना शुरू होती है। व्यक्ति स्वयं स्त्रीभाव में विकसित होने लगता है। ईश्वर उसका पति बन जाता है। यह सिद्धि माया की अन्तिम अवस्था कही जा सकती है। माया के आवरणों का नाम सृष्टि है। देवरति में माया ही सारे आवरण हटाने में सहायक होती है। विरक्ति के भय से यदि पुरुष अन्य औरत की तलाश करेगा, तो उसे स्त्री नहीं नारी मिलेगी, भोग के प्रवाह में नीचे ले जाएगी। जीवन का लक्ष्य स्त्रैण को समझते हुए, स्त्रैण बनते हुए, आवरण शून्य होकर अपने पुरुष में लीन हो जाना। सृष्टि में उसके अलावा कोई पुरुष नहीं है। सब माया है। इसी में स्त्रैण की खोज मोक्ष का मार्ग है।

gulabkothari@epatrika.com

सामाजिक संस्कारों से जुड़ा यह स्तंभ नई पीढ़ी को भी पढ़ाएं।

लघुकथा

SHORT STORIES

## सौगात



ज्योति गिरि

सुरभि रंजना की देवरानी थी। मगर रंजना उसे अपनी छोटी बहन की तरह मानती थी। सुरभि और प्रवीण की शादी 6 माह पहले ही हुई थी।

रंजना के अच्छे व्यवहार के कारण सुरभि को भी उसमें जेठानी के रूप में बड़ी बहन नजर आने लगी थी। दोनों घर के सारे काम साथ-साथ करतीं। हर बात एक-दूसरे से साझा करतीं।

रक्षाबंधन के दिन रंजना का भाई रजत आया। सुरभि का कोई भाई नहीं था। वह तो अब तक अपने पड़ोस में रहने वाले तन्मय को ही राखी बांधती थी, जिस वजह से उसे कभी भाई की कमी महसूस नहीं हुई। मगर आज महसूस हो रही थी। रक्षाबंधन के दिन इतनी उदास वह कभी नहीं हुई थी। सहसा रंजना की आवाज कानों में पड़ी, 'सुरभि, भाई को राखी नहीं बांधोगी।' सामने रंजना और रजत खड़े थे। सुरभि की आंखें डबडबा गईं। उसने रंजना को कसकर गले लगा लिया। वह रजत को राखी बांधकर पीछे मुड़ी तो तन्मय खड़ा था। 'सरप्राइज.....।'

रक्षाबंधन का ये दिन उसके जीवन में खुशियों की सौगात ले आया था।

सीख

SHORT STORIES

## रक्षा का वचन



देवेन्द्रराज सुथार

अनु के कमरे में एक छोटा-सा गुलाबी रंग का डिब्बा था। हर साल रक्षाबंधन पर वह उसे खोलती और फिर चुपचाप बंद कर देती। एक दिन उसकी बेटी मीरा ने पूछा, 'मम्मी, इस डिब्बे में क्या है?' अनु मुस्कुराई और बोली, 'बेटा, इसमें मेरे भाई की यादें छिपी हैं।'

मीरा की आंखें उत्सुकता से चमक उठीं। अनु ने धीरे से डिब्बा खोला। उसमें एक राखी, एक पुराना फोटो और एक चिट्ठी थी। अनु ने राखी निकालकर कहा, 'यह वह राखी है, जो मैंने अपने भाई की कलाई पर आखिरी बार बांधी थी।' फिर उसने फोटो दिखाया, जिसमें एक छोटी लड़की एक लड़के को राखी बांध रही थी। 'यह मेरी और तेरे मामा की पहली रक्षाबंधन की तस्वीर है।' अनु ने मीरा से कहा। अंत में उसने चिट्ठी निकाली। उसे देखते ही अनु की आंखें भर आईं। 'यह आखिरी चिट्ठी है, जो तेरे मामा ने मुझे भेजी थी, जब वे सेना में थे।' मीरा ने जब चिट्ठी पढ़ी, तो उसमें लिखा था: 'प्यारी बहना, युद्ध का आगाज हो चुका है। देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने का समय आ गया है। फिर मिलेंगे। तेरा भाई।' मीरा समझ गई कि उसके मामा ने भारत माता को दिए रक्षा के वचन को निभाने के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा दी थी।

**मैंने जाना बाहर से दिख रहे मकान में मेरी बहन ने बहुत ही सुंदर घर बनाया है। हर बार यह राखी हमें नए सिरे से जोड़ती है। आज फिर इस राखी ने भाई बहन को जोड़ दिया..।**

# राखी

नम्रता यादव



निकल तो गया हूं घर से मां के लाख समझाने पर। अंदर से हिम्मत नहीं कर पा रहा हूं उसके घर जाने की। आज राखी है। वही त्योहार जिसे वर्षों से हम दोनों भाई-बहन प्यार के साथ मनाते आ रहे हैं। धनाढ्य परिवार की इकलौती बेटी रेनू जिसने माता-पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर प्रेम विवाह कर अपने भाई को भी काफी आहत किया था। आज वही भाई माता-पिता के समझाने पर महीनों बाद पहली बार पहली राखी पर अपनी बहन के घर जा रहा था। नाराजगी मन में इतनी कूट-कूट कर भरी थी, जो भावनाओं पर भारी पड़ रही थी। घर आ चुका था।

कार से उतरते ही अनिल ने आंखों का चश्मा सिर पर लगाकर देखा तो सिर पूरा ऊपर उठने के पहले ही नीचे झुक चुका था। एक जर्जर से मकान में बहन ने अपना नया संसार कैसे बसा लिया?

मां के कहे अनुसार बहन के सास-ससुर के पैर छूकर वह सामने सोफे पर बैठ चुका था। वे दोनों ही बड़े आत्मीय लगे। अनिल हॉल का मुआयना कर रहा था। सिंपल-सा सोफा सेट, एक छोटी-सा टीवी और वहीं एक पलंग सामने लकड़ी की छोटी-सी टेबल। अनिल सोच रहा था जितना बड़ा यह हॉल है, इससे कहीं ज्यादा बड़ा तो हमारा किचन है। तमाम सुख सुविधाओं और नाजों में पली रेनू यहां कैसे बसर कर पाएगी? खुद के मन से जो किया है अब बोलेगी भी किस मुंह से? बस जल्दी से आए और मुझे राखी बांध दे। मैं यहां से निकलूं।

पुरानी यादें अनिल को घेरने लगीं। किस तरह वह हर राखी पर रेनू के हाथ से अपनी पसंदीदा बादाम की मिठाई खाता था। पर आज उसके घर की आर्थिक तंगी के हालात देखते हुए मिठाई तो छोड़ो बस मेरी बहन मुझे राखी ही बांध दे। उतना ही बहुत है। झूलते पर्दे के पीछे सजी हुई थाली हाथ में पकड़े महीनों बाद अपनी इकलौती बहन रेनू की शक्ल देखकर अनिल का कलेजा जैसे हूक उठा। रेनू के चेहरे पर एक अलग ही निखार था। वह बहुत खुश दिखी और पहले से तंदुरुस्त भी। अनिल मन ही मन आश्चर्य में पड़ गया। यह लोग इसे कौन-सा रोज काजू बादाम खिला देते होंगे! हमारे घर तो किसी बात की कमी न थी? पर मरियल सी दिखती थी? पीछे से शैलेश भी आए! पहली बार शायद अपने जीजा को इतने ध्यान से देखा था क्योंकि शादी में तो शामिल भी नहीं हुआ था। गोरे चिट्टे, आंखों पर चश्मा, सुंदर, शांत, विनम्र स्वभाव के शैलेश को देखते ही पैर छूकर वापस वहीं सोफे पर शांत-सा बैठ गया। पूरा परिवार अनिल को घेरे बैठा था। धीमी-धीमी बातचीत का दौर जारी था। पर उसकी नजरें अपनी बहन से नहीं हट रही थीं। दोनों भाई-बहन एक-दूसरे को चोर नजरों से देखे जा रहे थे।

बातचीत में अनिल को मालूम हुआ कि रेनू के ससुर की बीमारी में लाखों रुपए लग गए। उनका सेट हुआ बिजनेस भी डूब गया। उसी कारण इतनी आर्थिक तंगी का वे लोग हिम्मत करके सामना कर रहे हैं।

तभी सरला जी कह उठीं, 'रेनू राखी बांध दो भाई को। भूख लगी होगी उसे।' 'नहीं आंटी जी खाना नहीं खाऊंगा।' 'अरे कैसे नहीं खाओगे! पहली बार बहन के घर आए हो। सुबह से किचन में लगी हुई है तुम्हारी पसंदीदा चीज बनाने में।' 'अच्छा क्या रेनू ने बनाया है?' 'हां बिल्कुल।' 'रेनू तेरे लिए मां ने तोहफे भेजे हैं। गाड़ी में हैं। मैं ले आता हूं।' 'मुझे वह सब नहीं चाहिए।' 'तो फिर तुम्हें क्या चाहिए? वैसे भी तुम्हें जो चाहिए तुम अपने मन का कर ही लेती हो।' अनिल की रूखी बात सुनकर सब खामोश हो गए थे। 'पहले राखी तो बंधवाओ फिर मांगूंगी।' अनिल सोच रहा था शायद रेनू मुझे राखी बांधकर घर की तंगी दूर करने के लिए रुपए पैसे की डिमांड करेगी? तो खूब सुनाऊंगा! चाहे सबको बुरा ही लगे।!

राखी की थाली सजी थी। चांदी की राखी और बादाम की मिठाइयां देखकर अनिल आश्चर्यचकित हुआ। तिलक के बाद चमचमाती राखी भाई को बांधने के बाद अनिल ने कहा, 'क्या चाहिए रेनू तुझे?' मां ने जो गिफ्ट भेजे हैं भाई। उन्हें वापस ले जाओ। मुझे कुछ भी नहीं चाहिए। बस खाना खाकर जाना। हर वार त्योहार और सुख-दुख में आते रहना। अपनी छोटी बहन को भूल मत जाना और कुछ नहीं चाहिए भाई मुझे।' बहन की बातें सुनकर अनिल की आंख से आंसू छलक पड़े। दोनों भाई बहन वहीं एक दूसरे को पकड़ कर खूब फूट-फूट कर रोने लगे। 'मुझे माफ कर दो भाई मैंने आपका दिल दुखाया है। पर क्या करती मैं शैलेश से बहुत प्यार करती हूं और उनके बिना नहीं रह सकती।'

'भाई हूं तेरा भले ही नाराज था। यहां आया भी नाराजगी के साथ ही था। पर अंदर जाकर अंकल आंटी का आत्मीय व्यवहार और तेरे चेहरे पर जो खुशी झलक रही थी ना उसे जैसे ही देखा। सब कुछ भूल गया। मैंने जाना कि बाहर से दिख रहे मकान में मेरी बहन ने बहुत ही सुंदर घर बनाया है। जब शैलेश जी से मिला। उनसे कुछ देर बातचीत की, तो मैंने पाया कि मेरी बहन ने हीरा पसंद किया है। हर बार यह राखी हमें नए सिरे से जोड़ती है। आज फिर इस राखी ने भाई बहन को जोड़ दिया..।

काव्यांजलि

POEM

## शहीद की राखी

गोपाल कृष्ण व्यास

रक्षाबंधन के पावन दिन
शहीद का शव घर पहुंचा।
देख-देख राखी का धागा,
बहन का मन बेहाल हुआ।
माता-पिता के जीवन में
दुखों का पहाड़ टूट पड़ा,
पीड़ा का सैलाब हृदय का
आंखों से निकलकर बह चला।

आया था कुछ दिन पहले भाई
दिखा गया था वीर कलाई।
किया था राखी पर आने का वादा,
वो तिरंगे में लिपटकर आ गया।

राखी लेकर उठी बहन फिर
उसने सजा दी भाई की कलाई।
लेकर तिरंगा हाथ में अपने
सिर पर ढककर बहन बोली-
कितना अच्छा उपहार दिया
शहीद होकर बहन को तुमने
कितना बड़ा सम्मान दिया।

रक्षक बनकर राखी पर तुमने
बहनों का गौरव बढ़ा दिया कुर्बानी
देखकर वीर आपकी
यह वादा मैं दिल से करती हूं
तिरंगे को तोहफा समझकर
मैं जीवन भर ओढ़कर रखूंगी
याद आपकी हृदय में रखकर
मैं राखी का त्योहार मनाऊंगी।

## आमंत्रण

रश्मि वैभव गर्ग

महंगी राखी नहीं, मीठा नहीं,
रोली, अक्षत नहीं
श्रीफल भी नहीं, पुष्प नहीं,
चंदन नहीं,
आरती का थाल नहीं,
सुवासित जल भी नहीं..
मेरे घर की देहरी पर,
रीते हाथ..तुम चली आना
प्रेम की मौली हाथ में लिए..
स्वीकार कर लेना
हर राखी तुम, मेरा प्रेमिल,
आमंत्रण बहन प्रिय..
प्रेम की डोर से बंधा रहे,
बहन भाई का
ये अटूट, अमर,
प्रेमिल डोर का त्योहार..

पुस्तक चर्चा

BOOK REVIEW

# लघुकथाओं में समेटे जीवन के विविध रंग




गुणा-भाग

(लघुकथा संग्रह)

लेखक

नीलिमा टिक्कू

कभी बड़ी रचनाओं का समय था, महाकाव्य और दीर्घकाय गद्य कृतियां रचे जाते थे। आज 'थोड़े लिखे को ज्यादा समझना' वाला समय है इसलिए हर रचनाकार छोटी रचनाएं लिखने की तरफ प्रवृत्त है। ऐसे में लघुकथा जैसी विधा का लोकप्रिय होना बहुत स्वाभाविक है। कम शब्दों और छोटे कलेवर में बात कहने का हुनर आते आते ही आता है। यह बात नीलिमा टिक्कू के सद्य प्रकाशित लघुकथा संग्रह 'गुणा-भाग' की सत्तर लघु कथाओं को पढ़ते हुए और अधिक समझ में आती है। इस संग्रह की सारी लघुकथाएं मिलकर हमारे समकालीन सामाजिक-साहित्यिक परिवेश का एक प्रामाणिक कोलाज बनाती हैं। इस कोलाज में जीवन के उजले रंग हैं, तो स्याह रंग भी गैर हाजिर नहीं हैं। यहां हमारी सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था में आ रहे बदलाव चिह्नित हैं, तो रिश्तों की टूटन-दरकन और उनकी नव निर्मिति भी है। यहां पारम्परिक मूल्यों की वजह से जीवन में आने वाली परेशानियां और व्यथाएं हैं, तो उनके क्षरण के कारण जीवन में पैदा होने वाली तकलीफों का वर्णन भी है। यहां समाज में मौजूद लड़के और लड़की में भेद की पीड़ा झेलती लड़कियां हैं, तो उस पीड़ा को अंगूठा दिखाकर स्वाभिमान से जीवन जीती युवतियां भी हैं। यहां अगर दहेज चाहने वाले लालची मां बाप हैं, तो अपने विदेश जा बसे बच्चों के अभाव को महसूस करते वृद्ध माता-पिता भी हैं। यहां अगर रूढ़िग्रस्त मां-बाप हैं, तो उदार मन वाले वृद्ध भी कम नहीं हैं। अगर भौतिकता की चकाचौंध में अंधे हो चुके युवा हैं, तो सारे बंधनों को तोड़कर नया समाज रचने को उद्यत युवा भी कम नहीं हैं। इन लघुकथाओं में परम्पराओं के अच्छे और बुरे दोनों तरह के उदाहरण मौजूद हैं। यहां गरीबी और अमीरी के अनेक चेहरे हैं। यहां स्वार्थी और परमार्थी सब तरह के किरदार हमारे सामने आते हैं। यहां करुणा है, तो व्यंग्य भी है। यहां हंसी है, तो आंसू हैं। यहां भले लोग हैं, तो बुरे भी कम नहीं हैं।

हर कहानी हमारे सामने जीवन का कोई न कोई रंग लेकर आती है और उस रंग में हमें रंग देती है। असल में इन कहानियों से गुजरना अपने परिवेश से और कहें कि अपने आप से रूबरू होना है।

- डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल

*अपनी रचना भेजिए: अपनी मौलिक और अप्रकाशित कहानी, कविता और लघुकथाएं हमें इस मेल एड्रेस पर भेजिए-sunday@in.patrika.com ध्यान रखें कहानी-1000 और लघुकथा-250 शब्दों से अधिक नहीं हो।*

**स्वदेश वापसी:** दिल्ली एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत से अभिभूत हुईं भारतीय पहलवान, पेरिस ओलंपिक के फाइनल तक पहुंची थी फोगाट

# यह मान-सम्मान हजार स्वर्ण पदकों से भी ज्यादा मूल्यवान है: विनेश

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** पेरिस ओलंपिक में अपने दमदार प्रदर्शन से फाइनल में जगह बनाने वाली भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट का शनिवार को यहां इंदिरा गांधी राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। हजारों की संख्या में प्रशंसक विनेश का स्वागत करने पहुंचे थे। विनेश ने कहा, उन्होंने मुझे स्वर्ण पदक नहीं दिया, लेकिन यहां जो प्यार और सम्मान मुझे मिला है, वह एक हजार स्वर्ण पदकों से भी ज्यादा है। विनेश जैसे ही बाहर आईं अपनी साथी व रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक के गले लग कर रो पड़ी। इस दौरान बजरंग पुनिया भी मौजूद थे।




**प्रशंसकों का आभार**
भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट शनिवार को दिल्ली में रोड शो के दौरान अपने प्रशंसकों का हाथ जोड़ कर आभार प्रकट करते हुए। विनेश पेरिस से लौटी हैं।

## एयरपोर्ट से गांव बलाली तक रोड शो

**एयरपोर्ट** से पैतृक गांव बलाली तक विनेश ने रोड शो किया। यह रोड शो 125 किमी तक चला। इस दौरान जगह-जगह इस भारतीय पहलवान का स्वागत किया गया। बजरंग और साक्षी भी रोड शो में विनेश के साथ रहे। इस दौरान साक्षी ने कहा, विनेश ने देश के लिए जो किया है, वह बहुत कम लोग करते हैं। उन्हें और अधिक सम्मान और सराहना मिलनी चाहिए। बजरंग ने कहा, देशवासी उन्हें जबरदस्त प्यार दे रहे हैं, आप देख सकते हैं कि देश ने किस तरह स्वागत किया है।

***गांव में बांटे गए 8 क्विंटल लड्डू:*** विनेश के गांव बलाली में मौजूद स्टेडियम में उनके लिए भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पूरे गांव में 8 क्विंटल लड्डू बांटे गए। दो दिन पहले से ही विनेश के स्वागत के लिए गांव को सजाया जा रहा था।

***राजनीति भी रही हावी:*** एयरपोर्ट पर विनेश का स्वागत करने पहुंचे कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की मौजूदगी भी चर्चा का विषय रही। रिपोर्ट्स के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी ने भी विनेश के स्वागत के लिए योजना बनाई थी, लेकिन हुड्डा ने पहले ही वहां पहुंच कर उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

**भारतीय निशानेबाजी टीम :** कोच पद के लिए आवेदन

# भारतीयों को ट्रेनिंग देना चाहते हैं दिग्गज शूटर विल्सन


ब्रिटेन के दिग्गज डबल ट्रैप निशानेबाज पीटर विल्सन।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** ग्रेट ब्रिटेन के महान डबलट्रैपनिशानेबाज पीटर विल्सन ने भारतीय टीम को कोचिंग देने में रुचि दिखाई है और उनका लक्ष्य 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए निशानेबाजों को प्रशिक्षित करना है। लंदन ओलंपिक 2012 में सबसे कम उम्र में डबल ट्रैप स्वर्ण पदक विजेता बने विल्सन की देख रेख में हाल ही में पेरिस ओलंपिक में ब्रिटेन के नाथन हेल्स ने शीर्ष स्थान हासिल कर इस स्पर्धा में अपने देश के 12 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था। इस 37 वर्षीय निशानेबाज के नाम डबल ट्रैप में विश्व रेकॉर्ड है।

### जवाब का इंतजार है

**विल्सन** ने कहा, मैंने अपना 'बायोडाटा' भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआइ) को भेज दिया है और मुझे अब उनके जवाब का इंतजार है। उन्होंने कहा, मैं सीनियर टीम के साथ काम करके उन्हें लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों और जूनियर टीम को अगले आठ से 12 वर्षों के लिए तैयार करना चाहता हूं।

***लंबे समय से कोच नहीं:*** भारत के पास लंबे समय से विदेशी ट्रैप कोच नहीं है। पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले अधिकतर भारतीय निशानेबाजों ने निजी कोच की मदद ली थी। इटली के मार्सेलो ड्राडी भारत के अंतिम ट्रैप कोच थे।

### आज का पोल

**क्या नीरज लुसाने डायमंड लीग में शीर्ष स्थान हासिल कर पाएंगे?**

YES NO

हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। X @PatrikaNews

**शनिवार का जवाब**
हां 70% नहीं 30%

***पिछला सवाल:*** क्या पैरा एथलीट सुमित अंतिल पैरालंपिक में अपना खिताब बचा पाएंगे?

पत्रिका **एक्सक्लूसिव** भारत के भाला फेंक एथलीट ने लगातार दूसरे **ओलंपिक में पदक जीत कर रचा है इतिहास**

# मां को चिंता लगी रहती है, मुझे आसान ट्रेनिंग करने को कहती हैं: नीरज

**02** पदक जीत चुके हैं नीरज ओलंपिक में

**89.45 मीटर** के थ्रो के साथ नीरज ने ***पेरिस ओलंपिक में जीता रजत पदक***




**02** **पदक जीते** हैं नीरज ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में

**2022** में डायमंड लीग में स्वर्ण पदक जीता था नीरज चोपड़ा ने

मृदुला शर्मा
patrika.com

***जयपुर.*** *टोक्यो के बाद पेरिस ओलंपिक में भी पदक जीत कर इतिहास रचने वाले भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने कहा मां को हमेशा मेरी चिंता लगी रहती है और वे मुझे आसान ट्रेनिंग करने को कहती हैं। नीरज ने शनिवार को एक वीडियो प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्विट्जरलैंड के लुसाने से बताया कि मां से कभी-कभी बात होती है। वे जब भी मेरा वेट ट्रेनिंग या इंटेंस वर्कआउट का वीडियो देखती हैं तो मुझे हल्का वजन उठाने को कहती हैं। मां मुझे दर्द सहते हुए नहीं देख सकती। लेकिन मैं उनसे कहता हूं कि अगर मैंने कड़ी मेहनत नहीं की तो और लोग मुझसे आगे निकल जाएंगे।* ***पेश है नीरज से बातचीत के अंश...***

***Q पेरिस ओलंपिक के बाद अगला टूर्नामेंट कौनसा है?***
पेरिस से मैं और मेरी टीम सीधा स्विट्जरलैंड पहुंच गए हैं, जहां हमें 22 अगस्त को होने वाली लुसाने डायमंड लीग में हिस्सा लेना है। ओलंपिक में रजत पदक जीतने के तुरंत बाद मैं तैयारियों में जुट गया हूं। मैं डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेने के बाद सितंबर के अंत तक ही भारत लौटूंगा।

***Q पाकिस्तान के अरशद नदीम के थ्रो के बाद क्या आप दबाव में थे?***
नदीम ने 92.97 मीटर का थ्रो किया था, उसके कुछ देर बाद ही मेरी बारी थी। मेरे दिमाग में कुछ भी नहीं चल रहा था और मैं दबाव में नहीं था। हां मैं पॉजिटिव था और मुझे लग रहा था कि मैं उनसे दूर अपना भाला फेंक सकता हूं। मैंने इसके लिए पूरी कोशिश की, मैं मानसिक रूप से तो तैयार था, लेकिन मेरा शरीर साथ नहीं दे रहा था।

***Q पेरिस ओलंपिक में भारतीय एथलीटों के प्रदर्शन पर आपकी क्या राय है?***
हमने भले ही इस बार टोक्यो से एक पदक कम जीता है, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने पेरिस में शानदार प्रदर्शन किया। विनेश फोगाट, लक्ष्य सेन, हमारी हॉकी टीम ने काफी प्रभावित किया। हालांकि भारतीय खिलाड़ियों को मानसिक रूप से और मजबूत होना पड़ेगा। ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंटों में आपकी मेंटल स्ट्रेंथ ही आपको आगे ले जाती है।

***Q क्या 90 मीटर मार्क पार नहीं कर पाने का मलाल है?***
मुझे उम्मीद थी कि मैं पेरिस में 90 मीटर मार्क पार कर सकता हूं, लेकिन अब मुझे लगता है कि अब यह भगवान भरोसे छोड़ देना चाहिए। मैं अपनी पूरी कोशिश कर रहा हूं, जब होगा तब देखा जाएगा।

***Q पेरिस में भारत 71वें स्थान पर रहा, खेलों में आगे बढ़ने के लिए क्या प्रयास किए जाने चाहिए?***
विदेशों में कम उम्र में ही प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें तराशा जाता है। जैसे मैंने भाला फेंकना शुरू किया तब मुझे इस बारे में कुछ नहीं पता था, बस मुझे ऐसा करना पसंद था इसलिए मैंने इसे अपनाया। लेकिन अगर हम शुरुआत से ही प्रतिभा को पहचान कर उसे तराशे तो भारत भी खेलों में सर्वश्रेष्ठ बन सकता है। मुझे उम्मीद है कि हम आगे और बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

***Q पाकिस्तान में नदीम को तोहफे में भैंस मिली, क्या आपको कभी ऐसा कोई फनी गिफ्ट मिला है?***
मैं हरियाणा से हूं और वहां कुश्ती और कबड्डी जैसे खेल खेले जाते हैं जो ताकत के खेल हैं। हमारे यहां भी किसी को 10 किलो घी तो किसी को भैंस तोहफे में दी जाती है। इतना ही नहीं बुलेट मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर भी तोहफे में दिए जाते हैं। मुझे भी एक बार तोहफे में देसी घी मिला था। हरियाणा की संस्कृति ही ऐसी है, वहां माना जाता है कि घी खाने से ताकत मिलती है।

***Q क्या आपको अपनी तकनीक में कुछ बदलाव करना चाहिए?***
पेरिस ओलंपिक से पहले तक मैं पूरी तरह फिट नहीं था, लेकिन मैंने और मेरी टीम ने इसका विशेष ख्याल रखा कि चोट ज्यादा बढ़े नहीं। जब मैं भाले के साथ दौड़ता हूं तो क्रॉस स्टेप लेने पर कमर पर भी काफी दबाव पड़ता है। लेकिन अभी मैं अपनी तकनीक में बदलाव नहीं कर पा रहा हूं। अब डायमंड लीग फाइनल के बाद मैं अपनी चोट के इलाज के लिए डॉक्टर से परामर्श करूंगा और तभी कोई फैसला होगा।

## स्वर्ण पदक से चूके, लेकिन नीरज की ब्रांड वेल्यू में कमी नहीं

**नीरज** भले ही पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए हो, लेकिन उनकी ब्रांड वैल्यू में कमी नहीं आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, रजत पदक जीतने के बावजूद नीरज चोपड़ा की नेटवर्थ बढ़ने वाली है और इसका कारण है उनकी ब्रांड वैल्यू में इजाफा है। पेरिस से पहले नीरज 24 ब्रांड एंडोर्स कर रहे थे, लेकिन अब 6 से 8 नए ब्रांड और उनसे जुड़ने वाले हैं। अगर ये डील फाइनल हो जाती हैं तो नीरज 32 से 34 ब्रांड एंडोर्स करेंगे। इस समय स्टार एथलीट की ब्रांड वैल्यू लगभग 248 करोड रुपए है। उम्मीद है कि उनकी ब्रांड वैल्यू में 50 फीसदी तक की बढ़ोतरी होगी। ब्रांड वैल्यू 50 फीसदी बढ़ने के बाद यह 377 करोड़ तक पहुंच जाएगी। इसका असर उनकी नेटवर्थ पर भी होगा जो अब और बढ़ने वाली है।

**डूरंड कप**

## सुरक्षा कारणों से मैच किया रद्द

**कोलकाता @ पत्रिका.** डूरंड कप के मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच रविवार को विवेकानंद युबा भारती क्रीड़ांगन में होने वाला कोलकाता डर्बी मैच शहर में अशांति की स्थिति के कारण रद्द कर दिया गया है। दोनों टीमें ग्रुप-ए में एक-एक अंक साझा करेंगी। कोलकाता में होने वाले सभी मैचों को संभवतः जमशेदपुर में स्थानांतरित किया जा सकता है, जिसकी आधिकारिक घोषणा भी जल्द कर दी जाएगी। मैच के टिकटों के रिफंड की प्रक्रिया 19 अगस्त, 2024 से शुरू होगी।

**अंडर-20 एथलेटिक्स**

## विश्व चैंपियनशिप में उतरेंगे 43 भारतीय

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** पेरू के लीमा में 27 अगस्त से शुरू होने वाली अंडर-20 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का 43 सदस्यीय दल हिस्सा लेगा। इस चैंपियनशिप में 134 टीमों के 1700 एथलीट हिस्सा लेंगे। 27 से 31 अगस्त तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में पेरिस ओलंपिक 2024 में हिस्सा लेने वाले कई एथलीट भी शिरकत करेंगे। इनमें दक्षिण अफ्रीका के ब्रैडली नकोआना और बेयंदा वालजा जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। 2020 में कोलंबिया में हुई विश्व चैंपियनशिप में भारत ने 2 रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया था।

## CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7078...



**बाएं से दाएं...** 1. फीसदी (4), 5. कक्षा (4), 7. सिर झुका कर प्रणाम, विनीत होना (2-3), 9. मालिक, स्वामी (2), 10. गीला, नम (2), 11. खिन्न, अनमना (3), 13. एकत्र, इकट्ठा (2), 15. धूल, गर्द (2), 16. अल्प, थोड़ा (2), 18. फायदा, नफा (2), 20. शरीर पर तेल आदि मलना (3), 21. परवश, पराधीन (4), 23. नवीन, नूतन (2), 24. साथ, सहित (2), 25. बर्बाद, ध्वस्त (3), 27. लोगों की भीड़, उत्सव, जमाव (2), 29. पुरुष, आदमी (2), 31. कृपा, रहम (2), 32. शरारती, उपद्रवी (2-2), 33. मसला, प्रकरण, बात, विवाद (4)

**ऊपर से नीचे...** 2. तृण, घास का टुकड़ा (3), 3. सौ (2), 4. आवेश में आना (5), 5. पवित्र, साफ (2), 6. ठाट-बाट वाला, प्रशंसनीय (4), 8. लेवल, तह (2), 9. दल का सर्वोच्च नेता (5), 12. श्रृंगारित होना, अंलकृत होना (3), 14. खोजबीन (3), 17. तहस-नहस, पूर्णत: बर्बाद, सर्वनाश, मिट्टी में मिला हुआ (5), 19. भस्म (3), 21. निर्वाह, गुजर (3), 22. परिवर्तन, बदली, स्थानान्तरण (4), 26. जिंदगी, जीवन (3), 28. सौ हजार (2), 30. पार्वती (2)

**हल 7077**



## SUDOKU 6813...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | | | | 8 | | 9 | |
| 9 | 2 | | 3 | | | 8 | 6 | |
| | 7 | 8 | | 5 | | | 4 | 2 |
| 7 | 9 | | 4 | | 5 | 3 | 2 | |
| 4 | 8 | | | 1 | | 9 | 5 | |
| 1 | | | 6 | | 9 | | | |
| | | | | 9 | 4 | | | |
| | | | 5 | 3 | | 6 | 8 | 4 |
| 5 | | 4 | 8 | 6 | 2 | | | 9 |

**हल 6812**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 3 | 6 | 2 |
| 7 | 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 | 5 | 7 |
| 4 | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 8 | 2 | 9 | 3 |
| 3 | 4 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 2 | 9 |
| 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 7 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 5 | 9 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

**इंग्लिश प्रीमियर लीग:** फुलहम को 1-0 से हराया, जिर्कजी ने दागा विजयी गोल

# मैनचेस्टर यूनाइटेड का जीत से आगाज

**मैनचेस्टर @ पत्रिका.** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ब्रिटेन के ओल्ड ट्रैफर्ड में फुलहम के खिलाफ 1-0 की रोमांचक जीत के साथ अपने इंग्लिश प्रीमियर लीग अभियान की शुरुआत की। मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए पदार्पण करने वाले जोशुआ जिर्कजी ने एकमात्र गोल दागा। जिर्कजी ने मैच के 87वें मिनट में गोल किया। जीत के बावजूद उसके पूर्व डिफेंडर गैरी नेविल ने टीम के प्रदर्शन पर सवाल उठाए। नेविल ने कहा, टीम पूरे मैच में लय हासिल करने को संघर्ष करती दिखी। एक बार भी ऐसा नहीं लगा कि टीम बड़े अंतर से जीतेगी।



मैनचेस्टर यूनाइटेड के जोशुआ जिर्कजी (बाएं) शॉट लगाते हुए।

**जूनियर बैडमिंटन**

## 39 सदस्यीय भारतीय टीम चीन रवाना

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** भारत ने अगले साल अपनी मेजबानी में होने वाली विश्व जूनियर चैंपियनशिप से पहले खिलाड़ियों का मजबूत पूल तैयार करने के इरादे से अपनी 39 सदस्यीय टीम चीन भेजी है। यह टीम चीन के चेंगदू में 20 से 25 अगस्त तक होने वाली बैडमिंटन एशिया (अंडर-15/अंडर-17) जूनियर चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी। बेंगलूरु में चयन ट्रायल के बाद चुनी गई भारतीय टीम का अंडर-17 वर्ग में नेतृत्व ज्ञान दत्तू और तन्वी रेड्डी एंडलुरी करेंगे।

**यूथ ओलंपिक 2030 :** भारत कर सकता है मेजबानी

# क्रिकेट को शामिल कराने की तैयारी कर रहा आइसीसी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने 2030 यूथ ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल कराने के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जाहिर की है। आइसीसी का यह बयान भारत सरकार के मुंबई में 2030 यूथ ओलंपिक के अलावा 2036 ओलंपिक खेलों के लिए बोली लगाने के इरादे के बाद आया है। आइसीसी के जनरल मैनेजर ऑफ डेवलपमेंट विलियम ग्लेनराइट ने विवेक गोपालन नाम के एक शख्स के ई-मेल का जवाब देते हुए यूथ ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने पर अपने विचार रखे। ग्लेनराइट ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और कहा, यह अच्छा विचार है। हम इस पर विचार कर सकते हैं।

**सिनसिनाटी ओपन टेनिस :** अंतिम-32 राउंड में स्पेनिश खिलाड़ी को 4-6, 7-6, 6-4 से मिली हार, अपनी सर्विस से खुश नहीं दिखे

# मोंफिल्स से हार के बाद बौखलाए अल्कारेज ने रैकिट पर उतारा गुस्सा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सिनसिनाटी.** चार बार के ग्रैंड स्लेम चैंपियन 21 वर्षीय कार्लोस अल्कारेज को यहां सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। फ्रांस के गेल मोंफिल्स ने वर्षा बाधित पुरुष एकल मुकाबले में स्पेनिश खिलाड़ी को अंतिम-32 मैच में 4-6, 7-6, 6-4 से हराया। हार से बौखलाए अल्कारेज ने अपना गुस्सा टेनिस रैकिट पर उतारा। तीसरे सेट में अल्कारेज काफी निराश दिखाई दिए वे अपनी सर्विस से खुश नहीं थे। मोंफिल्स से पिछड़ने के बाद उन्होंने गुस्से में रैकिट को कोर्ट पर कई बार पटका और उसे तोड़ डाला। दो घंटे 30 मिनट में मोंफिल्स ने यह मैच जीता।

### 'यह मेरे करियर का सबसे खराब मैच'

**मैच के बाद** अल्कारेज ने कहा, यह मेरे करियर का सबसे खराब मैच था, जिसे मैं खेल नहीं सका। मुझे नहीं पता क्या हुआ? ईमानदारी से कहूं तो मैं खुद पर नियंत्रण नहीं रख पाया। मैं बेहतर नहीं खेल सका। जीतना असंभव था।


मैच हारने के बाद स्पेन के कार्लोस अल्कारेज गुस्से में रैकिट तोड़ते हुए।

### टॉप थ्री सीड को हराने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

**मोंफिल्स** ने अपने करियर में नौंवी बार शीर्ष तीन में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया है। 37 वर्षीय मोंफिल्स ऐसा करने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर ने 38 साल की उम्र में 2019 में एटीपी फाइनल में विश्व नंबर दो खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को हराया था।

***स्विटेक महिला एकल क्वार्टरफाइनल में*** टूर्नामेंट के महिला एकल में विश्व नंबर एक इगा स्विटेक ने अंतिम-16 में यूक्रेन की खिलाड़ी मार्टा कोत्स्युक को 6-2, 6-2 से हराया। अब क्वार्टरफाइनल में स्विटेक का सामना 17 वर्षीय रूसी खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा से होगा। यह उनकी एंड्रीवा से पहली टक्कर होगी। एंड्रीवा ने इटली की जैस्मिन पाओलिनी को अंतिम-16 में हराकर में क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।


इगा स्विटेक

**यूएस ओपन**

## नोरी और वांड्राउसोवा ने लिया नाम वापस

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**न्यूयॉर्क.** चोट के कारण ब्रिटेन कैमरून नोरी और चेक गणराज्य की मार्केटा वांड्राउसोवा ने साल के अंतिम ग्रैंड स्लेम यूएस ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। एटीपी रैंकिंग में 47वें नंबर पर काबिज नोरी ने बांह की चोट की वजह से 26 अगस्त से शुरू होने जा रहे टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला लिया है जबकि डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 18वें नंबर की खिलाड़ी वांड्राउसोवा ने विम्बलडन के पहले दौर में हार के बाद से कोई मुकाबला नहीं खेला है। हाथ की चोट की वजह से उन्हें पेरिस ओलंपिक से भी बाहर होना पड़ा था।

इस सप्ताह विशेष

**सोमवार**
### साल का पहला सुपरमून
**साल** के चार सुपरमून में से पहला 'ब्लू मून' दिखाई देगा। सामान्य से बड़ा और चमकीला दिखेगा चंद्रमा।



**मंगलवार**
### भारत-जापान 2+2 वार्ता
**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह व विदेश मंत्री जयशंकर की दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री किहारा व विदेश मंत्री कामिकावा से होगी '2+2' वार्ता।



**बुधवार**
सुप्रीम कोर्ट के एससी-एसटी आरक्षण में 'कोटे में कोटा' के फैसले के खिलाफ एससी-एसटी संगठनों का भारत बंद।

**गुरुवार**
### हिंडनबर्ग: कांग्रेस का प्रदर्शन
**हिंडनबर्ग** रिपोर्ट में अडानी और सेबी चेयरपर्सन के मामले की जांच जेपीसी से कराने की मांग को लेकर कांग्रेस करेगी देशभर में प्रदर्शन।



**रविवार**
प्रधानमंत्री मोदी 11 लाख 'लखपति दीदियों' को प्रदान करेंगे प्रमाणपत्र।

---

**पत्रिका पोल**

Q महिला पहलवान विनेश फोगाट को क्या कुश्ती से संन्यास का अपना फैसला बदलना चाहिए?

स्कैन करें...

**कल का सवाल था**
क्या भारत में नागरिकों के लिए सैन्य प्रशिक्षण अनिवार्य कर देना चाहिए?

जवाब: 81% हां | 19% नहीं

---

**इंडिया@ शॉर्ट रीड**

### कश्मीर | गांदरबल, पुलवामा के कुछ हिस्सों में बाढ़
**श्रीनगर @पत्रिका.** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा और गांदरबल जिलों में शनिवार सुबह भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई। अधिकारियों ने बताया कि गांदरबल के कई इलाकों में पानी भर गया है। राजपोरा तहसील के अचगोजा इलाके में संभवतः पास के वन क्षेत्र में बादल फटने के कारण अचानक बाढ़ आ गई। मौसम विभाग ने 18 से 20 अगस्त तक दिन के समय कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का अनुमान दिया है।

### छग | भाजपा नेता पर सुरक्षाकर्मी ने ही तानी राइफल
**बीजापुर @पत्रिका.** बीजापुर में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री बिलाल खान की जान शनिवार को उस समय बाल-बाल बच गई जब उनके ही सुरक्षाकर्मी नागेश टिंगे ने अपनी राइफल तान ली और घर के अंदर घुस कर उन्हें गोली मारने की कोशिश करने लगा। इस बीच दूसरे सुरक्षाकर्मी ने दरवाजा बंद करके उनकी जान बचाई। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि सुरक्षाकर्मी नशे में था।

### वृंदावन | पीएम मोदी को भेजीं 500 राखियां



**वृंदावन @पत्रिका.** सुलभ इंटरनेशनल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के तहत राखियां दिखातीं विधवाएं। यहां से 500 राखियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजी गईं।

### मध्य प्रदेश | ट्रक की टक्कर से तीन लोगों की मौत
**नीमच @पत्रिका.** नीमच में शनिवार को दो चार-पहिया वाहनों को एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। महू-नसीराबाद राजमार्ग पर सगराना घाटी के पास यह हादसा तब हुआ जब पुलिस का मोबाइल वाहन एक पिकअप वाहन को रोककर चेकिंग कर रहा था। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों वाहनों को पीछे से टक्कर मार दी।

### पंजाब | अमृतसर में आधा किलो हेरोइन बरामद
**जालंधर @पत्रिका.** बीएसएफ ने सीमा पार ड्रग्स तस्करी के एक और प्रयास को विफल कर दिया है। बीएसएफ ने शनिवार को बताया कि 16 अगस्त को रात के समय बीएसएफ के जवानों ने एक संदिग्ध ड्रोन का पता लगाया। इसके बाद तलाशी के दौरान अमृतसर जिले के रोरनवाला खुर्द गांव के समीप 550 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया। पैकेट के साथ एक चमकदार पट्टी और एक प्लास्टिक की अंगूठी भी मिली।

### उत्तराखंड | आइआइटी का कॉनकॉर से एमओयू
**देहरादून @पत्रिका.** रुड़की स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) और कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकॉर) ने शनिवार को लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में अनुसंधान एवं विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एमओयू का उद्देश्य, अनुसंधान, नवाचार एवं क्षमता निर्माण पहल को बढ़ावा देना है।

---

**इंडिया@ शॉर्ट रीड**

### अमरीका | किशोर ने भारतवंशी को मारी गोली
**वॉशिंगटन@पत्रिका.** अमरीका के नार्थ कैरोलिना में एक स्टोर में लूटपाट के दौरान किशोर ने एक 36 वर्षीय भारतवंशी को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। मरने वाले भारतवंशी की पहचान मैनांक पटेल के रूप में हुई है। पुलिस ने नाबालिग को हिरासत में ले लिया है। काउंटी शेरिफ कार्यालय की ओर से कहा गया है कि घायल पटेल को पास स्थित नोवंत हेल्थ रोवान मेडिकल सेंटर ले जाया गया।

### सऊदी अरब | क्राउन प्रिंस को सता रहा जान का डर
**रियाध @पत्रिका.** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान इन दिनों डर में जी रहे हैं। सलमान को डर है कि कोई उनकी हत्या कर सकता है। प्रिंस को डर सता रहा है कि इजरायल से रिश्ते सुधारे तो उनकी जान को खतरा हो जाएगा। सलमान ने मिस्र के नेता अनवर सादात जैसा हाल होने को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने अमरीकी कांग्रेस के सांसदों से बातचीत में इस डर का जिक्र किया।

### अमरीका | इंडिया डे परेड में राम मंदिर, विवाद
**न्यूयॉर्क @पत्रिका.** अमरीका के न्यूयॉर्क शहर में आयोजित होने वाले इंडिया डे परेड में राम मंदिर को दर्शाने वाली एक झांकी ने नए विवाद को खड़ा कर दिया है। दरअसल इस झांकी का कार्निवल निकाला जाना है, जिसमें हिंदू देवता भगवान राम का मंदिर दिखाने की योजना है। इसे लेकर अमरीका के मुस्लिम संगठनों ने नाराजगी जताई है। इसे एंटी मुस्लिम बता कर न्यूयॉर्क के मेयर को एक चिट्ठी भी लिखी गई है।

### तुर्की | संसद में भिड़े पक्ष-विपक्ष के सांसद



**अंकारा @पत्रिका.** तुर्की की संसद में जेल में बंद विपक्षी सांसद कैन अताले के मामले पर बहस के दौरान तुर्की के सत्ता पक्ष के सांसद अल्पे ओजालान विपक्षी सांसद अहमत सिक के साथ हाथापाई करते हुए।

---

**महिला डॉक्टर से दरिंदगी :** चरमरा गईं चिकित्सा सेवाएं, छत्तीसगढ़ में एक मरीज की मौत

# डॉक्टरों की हड़ताल का देशभर में असर; ऑपरेशन अटके, मरीजों के परिजन भटके

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डॉक्टर से बलात्कार और हत्या के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) द्वारा आहूत शनिवार सुबह छह बजे से 24 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का असर देशभर के अधिकांश सरकारी व निजी अस्पतालों में देखने को मिला। वहीं, स्वास्थ्य मंत्रालय ने डॉक्टरों से काम पर लौटने की अपील करते हुए उनकी सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के सुझाव देने के लिए एक समिति के गठन का प्रस्ताव दिया। हालांकि, इससे डॉक्टरों का गुस्सा थमा नहीं।

उधर, रेजिडेंट डॉक्टरों की पहले से जारी हड़ताल के बीच शनिवार को वरिष्ठ चिकित्सकों का भी काम नहीं करना मरीजों पर भारी पड़ गया। देशभर में अधिकांश जगह चिकित्सा व्यवस्थाएं चरमरा गईं, ओपीडी सेवाएं ठप हो गईं। मरीजों के परिजन इलाज की आस में सरकारी से निजी अस्पताल में भटकते रहे। अकेले राजस्थान में एक दिन में ही पांच हजार नियोजित ऑपरेशन टल गए। इससे वेटिंग और बढ़ गई। उधर, इलाज के अभाव में छत्तीसगढ़ के कोरबा मेडिकल कॉलेज में भर्ती एक महिला मरीज की मौत होने का आरोप भी परिजनों ने लगाया है।




**हैदराबाद.** कोलकाता की घटना के विरोध में राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान प्रदर्शनकारी डॉक्टर नारे लगाते हुए।

### सीबीआइ फिर मौके पर, घोष से भी पूछताछ
**सीबीआइ** टीम सबूत जुटाने के लिए आरजी कर अस्पताल पहुंची। यहां के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से सीबीआइ कार्यालय में पूछताछ हुई। इस बीच, राज्य सरकार ने आरजी कर अस्पताल के दो प्रोफेसरों व डॉक्टर सहित 42 डॉक्टरों व प्रोफेसरों का तबादला कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने साजिश की आशंका जताई। जिसके बाद तबादले रद्द करने पड़े।

### पीएम मोदी करें 'हस्तक्षेप' : आइएमए
आइएमए ने शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी से स्वास्थ्य कर्मियों पर हिंसा की जांच करने और अस्पतालों को अनिवार्य सुरक्षा अधिकारों के साथ सुरक्षित क्षेत्र घोषित करने के लिए केंद्रीय कानून लाने के लिए 'हस्तक्षेप' करने की मांग करते हुए पत्र लिखा। मांगों में अस्पतालों में एयरपोर्ट जैसा सुरक्षा प्रोटोकॉल, रेजिडेंट डॉक्टरों की आवासीय व कामकाजी स्थितियां बेहतर करने, शोक संतप्त परिवार को सम्मानजनक मुआवजा व निश्चित समय में अपराधियों को पकड़कर सजा देने की मांग है।

### महिला आयोग समिति ने कहा, सुरक्षा में खामियां
**घटना** पर राष्ट्रीय महिला आयोग की दो सदस्यीय जांच समिति के प्रारंभिक निष्कर्ष में कहा गया-

**अपर्याप्त सुरक्षा:** यह घटना तब हुई जब वहां कोई सुरक्षा गार्ड मौजूद नहीं था और रात की शिफ्ट के दौरान ऑन-कॉल इंटर्न, डॉक्टर और नर्स के लिए पर्याप्त सुरक्षा कवरेज नहीं थी।

**खराब सुविधाएं:** अस्पताल में महिला कर्मचारियों के लिए बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, जिसमें खराब रखरखाव वाले वॉशरूम, अपर्याप्त सुरक्षा उपाय व अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था शामिल है।

---

**अमरीका :** कमला से पहली बहस की तैयारी

# अब हिंदू नेता तुलसी से बहस के गुर सीख रहे ट्रंप

भारतवंशी कमला से 10 सितंबर को एबीसी चैनल पर है ट्रंप की पहली डिबेट



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वॉशिंगटन.** अमरीका में राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार भारतवंशी कमला हैरिस की बढ़ती लोकप्रियता ने अब पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप समेत पूरी रिपब्लिकन पार्टी की चिंता बढ़ा दी हैं। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में भारतवंशी कमला से पिछड़ रहे ट्रंप अब कमला से 10 सितंबर को होने वाली पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट का सामना करने से पूर्व अमरीका की पहली हिंदू सांसद रहीं तुलसी गैबार्ड की मदद ले रहे हैं। ट्रंप की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने इसकी पुष्टि की है।

### ट्रंप के घर पर हिंदू नेता का सेशन
10 सितंबर को एबीसी न्यूज चैनल पर होने वाली इस डिबेट की तैयारी के लिए ट्रम्प डेमोक्रेटिक पार्टी की पूर्व हिंदू नेता तुलसी गबार्ड के साथ अपने फ्लोरिडा स्थित निवास मार ए लागो पर डिबेट के गुर सीख रहे हैं। गौरतलब है कि गबार्ड की मां ने हिंदू धर्म अपना लिया था और तुलसी गबार्ड अपने को अमरीका का पहला हिंदू सांसद मानती हैं।

### 2020 में हुई थी तुलसी-कमला भिड़ंत
**ट्रंप** टीम के प्रवक्ता लेविट के अनुसार, ट्रंप को पारंपरिक बहस की तैयारी की आवश्यकता नहीं है, लेकिन वे तुलसी जैसे सम्मानित नीति सलाहकारों और प्रभावशाली भाषण देने वालों से मिलना जारी रखेंगे, जो 2020 में बहस के दौरान पर कमला हैरिस पर हावी रही थीं। दरअसल, तुलसी ने 2020 के चुनावी अभियान में डेमोक्रेटिक प्राइमरी के दौरान हैरिस के साथ बहस करते समय प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। बहस के दौरान, तुलसी ने एक प्रोसिक्यूटर के रूप में कमला के कामकाज पर हमला बोला था। तुलसी ने कमला पर मारिजुआना सेवन कानून उल्लंघन के लिए 1,500 लोगों को जेल में डालने और शुरू में ऐसे सबूतों को सामने आने से रोकने का भी आरोप लगाया था, जो एक निर्दोष को मौत की सजा से बचा सकते थे। 2020 में जो बाइडन डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बने थे। दूसरी ओर, कमला भी इस सप्ताह की शुरुआत में हॉवर्ड यूनिवर्सिटी में अपने पहले औपचारिक डिबेट प्रशिक्षण सत्र में शरीक हुईं, जहां उन्हें पार्टी की टीम ट्रेन कर रही है।

---

**प्रधानमंत्री को लिखा पत्र**

## नेताजी के अवशेषों को भारत लाया जाए: चंद्र कुमार

**कोलकाता.** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र कुमार बोस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जापान के रेंकोजी मंदिर से स्वतंत्रता सेनानी के पार्थिव अवशेषों को भारत लाने की अपील की है। पीएम को लिखे पत्र में बोस ने कहा है कि नेताजी की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर मैं आपसे अपील करता हूं कि उनके अवशेषों को रेंकोजी से भारत लाया जाए। नेताजी के पोते ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन किंवदंती के दायरे में चला गया है। उन्होंने कहा आकर्षक व्यक्तित्व, निस्वार्थता और भारत की स्वतंत्रता के लिए अटूट समर्पण ने नेताजी को न केवल भारत बल्कि दुनियाभर का नायक बना दिया है।

---

**तीसरा ग्लोबल साउथ सम्मेलन :** पीएम मोदी का संबोधन

# भारत ने किया 'ग्लोबल डेवलपमेंट कॉम्पैक्ट' का एलान, कोष आवंटित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारत की मेजबानी में आयोजित तीसरे 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ' सम्मेलन में एक नई पहल 'ग्लोबल डेवलपमेंट कॉम्पैक्ट' का एलान किया।

यह पहल खासतौर पर वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए होगी और इसका फोकस व्यापार, स्थिर विकास, तकनीकी साझा करने और परियोजनाओं के लिए आसान वित्तीय मदद पर होगा। यह पहल भारत के विकास के अनुभवों पर आधारित होगी।

### 25 लाख डॉलर का विशेष कोष



**पीएम** मोदी ने कहा कि भारत व्यापार के प्रोत्साहन के लिए 25 लाख डॉलर का विशेष कोष शुरू करेगा। क्षमता निर्माण के लिए व्यापार नीति के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि इस योजना के तहत जरूरतमंद देशों को विकास के नाम पर कर्ज का बोझ नहीं उठाना पड़ेगा।

***समिट में 123 देशों ने लिया हिस्सा...*** ग्लोबल साउथ समिट के तृतीय सत्र में 123 देशों ने हिस्सा लिया। 21 राष्ट्राध्यक्ष, 118 मंत्री और 34 विदेश मंत्रियों ने इसमें सहभागिता की। इसे अलावा 10 मंत्रिस्तरीय सत्र आयोजित किए गए। जहां टिकाऊ भविष्य के लिए वैश्विक दक्षिण को सशक्त बनाने पर चर्चा की गई।

---

**संयुक्त राष्ट्र ने जारी की रिपोर्ट**

## बांग्लादेश में हिंसा से तीन सप्ताह में 650 लोगों की मौत

**ढाका @ पत्रिका.** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने एक प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा है कि 16 जुलाई से 11 अगस्त के बीच बांग्लादेश में हुई अशांति में लगभग 650 लोग मारे गए हैं। रिपोर्ट में हत्याओं और मनमानी गिरफ्तारियों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच का सुझाव दिया गया है। बांग्लादेश में हाल के विरोध प्रदर्शनों और अशांति का प्रारंभिक विश्लेषण शीर्षक वाली दस पृष्ठ की रिपोर्ट के अनुसार 16 जुलाई से 4 अगस्त के बीच लगभग 400 मौतें हुईं, जबकि 5 और 6 अगस्त के बीच विरोध प्रदर्शनों की नई लहर के बाद लगभग 250 लोगों की मौत हो गई। जिनेवा में जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि मरने वालों में प्रदर्शनकारी, राहगीर, पत्रकार व सुरक्षा बल शामिल हैं।

---

# जकार्ता : खंभों पर 'विजय हासिल' कर मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस





**जकार्ता.** इंडोनेशिया के एंकोल बीच पर 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान चिकनाई लगे खंभों पर चढ़ाई प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी एक खंभे पर चढ़ कर पुरस्कार निकालता हुआ। इस दिन इंडोनेशिया ने डच शासन से आजादी हासिल की थी।

---

**दो घरों को बनाया निशाना**

## इजरायली हमले में 17 फिलिस्तीनी मरे

**गाजा @पत्रिका.** गाजा के जावेदा शहर में शनिवार को इजरायली हमले में कम से कम 17 फिलिस्तीनी नागरिक मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। हमास प्रशासित क्षेत्र के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इजरायल के लड़ाकू विमानों ने अल जवेदा के प्रवेश द्वार के पास अल अजल परिवार के मकान और एक अन्य घर पर बमबारी की। इस हमले में मारे गए अधिकांश लोग एक ही परिवार के थे। इनमें आठ बच्चे और चार महिलाएं शामिल थीं। इस बीच इजरायल रक्षा बल ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि वह दक्षिण और मध्य गाजा पट्टी में अभियान जारी रखे हुए हैं।

---

**TRENDING NEWS ट्रेंडिंग न्यूज**



### पाकिस्तान: हमीद की ज्यादतियां
**पाकिस्तानी** उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने कहा कि पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार पूर्व आइएसआइ चीफ के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। उन्होंने कहा मैं भी हमीद के पीड़ितों में से हूं। आइएसआइ के पूर्व चीफ लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद कोर्ट मार्शल का सामना कर रहे हैं।



### मालदीव के मंत्री ने भारत को बताया प्रेरणा
**स्वतंत्रता** दिवस पर अतिथि के तौर पर आमंत्रित मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने कहा है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा और विविधतापूर्ण लोकतंत्र बनकर उभरा है, जिसने मालदीव के साथ ही कई देशों को प्रेरित करते हुए उदाहरण पेश किया है। उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग पर दृढ़ प्रतिबद्धता को भी दोहराया।



### इजरायल यात्रा पर ब्लिंकन
**अमरीकी** विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन रविवार को इजरायल की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह पिछले दो दिनों से दोहा में चल रही वार्ता के बीच इजरायल-हमास में युद्ध विराम का प्रयास करेंगे, ताकि गाजा में बंधकों की रिहाई में मदद की जा सके।

---

# महिलाएं कमजोर नहीं, यही दुनिया को बताने निकलीं

SUNDAY GUEST EDITOR संडे गेस्ट एडिटर @वुमन

**सोच यह:** एक मिनट की सफलता बरसों की विफलता की कीमत चुका देती है।

**सुझाव भेजें**
sunday@in.patrika.com

मीनाक्षी दास, संडे गेस्ट एडिटर
patrika.com

**लातविया.** मैं अभी यूरोप के लातविया में हूं। यहां से आगे रूस व चीन की तरफ जाऊंगी। यह सफर मेरे जीवन का सपना था। क्योंकि मन में एक जिद थी जिसे जुनून बनने में देर नहीं लगी। गुवाहाटी में रहते हुए बस दुनिया घूमने का सपना मन में पाल रही थी। लोगों को जब अपने सपने के बारे में बताती तो बस यही सुनने को मिलता कि यह काम तुम नहीं कर सकतीं। ऐसी प्रतिक्रियाएं देखकर ही मन पक्का हुआ कि मुझे दुनिया को समझाना है कि महिलाएं कमजोर नहीं हैं। मौका मिले तो वह खुद को साबित कर सकती हैं।



मीनाक्षी दास
बाइक राइडर

### मजबूत हौसला, इरादा पक्का
**मैंने** जब दुनिया के 67 देशों की बाइक से अकेले यात्रा करने की ठानी और मदद के लिए सरकार व अन्य लोगों के पास गई तो एक महिला होने का हवाला देते हुए मुझे अपने फैसले पर पुनर्विचार करने पर जोर दिया। इन सभी से मेरे इरादे और पक्के हो गए। मैंने दिसम्बर 2023 में नेपाल से यात्रा शुरू की। यूरोप, यूके, जर्मनी, नीदरलैंड सहित अब तक 53 देशों की यात्रा कर चुकी हूं। यात्रा के दौरान बाधाएं तो बहुत आईं, लेकिन मैंने अपने हौसले में कमी नहीं आने दी।

**भावनात्मक पल** यूके और स्कॉटलैण्ड में यहां रहने वाले भारतीयों ने ढोल बजाकर मेरा स्वागत किया गया। मेरे साथ बिहू नृत्य किया। लोगों ने मुझे रुकने की जगह दी और जब मेरी बाइक उनके घर के बाहर खड़ी हुई तो इंडियन बाइक देख उनकी आंखों में आंसू आ गए, यह बड़ा भावनात्मक पल था।

''स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII , सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।